RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 199 | ग्वालियर शुक्रवार 28 फरवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

## कुबेरेश्वरधाम पर एक मार्च को किया जाएगा भजन संध्या का आयोजन, उमड़ा आस्था का सैलाब

### प्रेम जोड़ता और भ्रम तोड़ता है-अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सीहोर।** बेटियों को हमेशा अच्छे संस्कार देना चाहिए, जिससे उनके भावी जीवन में उन्नति हो, राजा दक्ष की पुत्री माता सती और हिमालय की पुत्री मां पार्वती में अंतर था। पति-पत्नी के बीच आपसी विश्वास होना बहुत जरूरी है। अगर विश्वास नहीं होगा तो वैवाहिक जीवन बर्बाद हो सकता है। संगत से इंसान के स्वभाव पर कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि विभीषण रावण के साथ रहकर भी नहीं बिगड़ा और कैकई राम के साथ रहकर भी नहीं सुधरी। अपने जीवन को सफल करने के लिए आपको अच्छे विचार रखना पड़ेंगे और सत्य के मार्ग का अनुसरण करना होगा। हमारे अहंकार को त्याग करने के बाद ही भगवान की भक्ति प्राप्त होती है।

उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय भव्य शिव महापुराण के तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। कथा का श्रवण करने के लिए गुरुवार को बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु पहुंचे थे। आगामी एक मार्च को रात्रि को भजन संध्या का आयोजन महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। धाम आस्था का सागर बना हुआ है, यहां पर नियमित रूप से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है।

शिव महापुराण के तीसरे दिन पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि प्रेम जोड़ता और भ्रम तोड़ता है। कभी संबंध बना हो तो यह मत देखना कि उसका घर कितना बड़ा है, उसका घर भले ही छोटा हो पर उसका दिल बड़ा होना चाहिए। भगवान शिव जी पर एक लोटा जल चढ़ा देने मात्र से ही हमारी सभी इच्छाएं और मनोकामना पूरी हो जाती हैं। इसके लिए आवश्यक है कि जब हम जल चढ़ाएं निष्कपट भाव से चढ़ाएं।

**लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही निरंतर बनी हुई :** कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव शिवमहापुराण कथा में तीसरे दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही निरंतर बनी हुई है। भगवान शिव की आराधना करने वाला भक्त कभी दुखी नहीं रहता। भोले की भक्ति में शक्ति है। भगवान भोलेनाथ कभी भी किसी भी मनुष्य की जिंदगी का पासा पलट सकते हैं। बस भक्तों को भगवान भोलेनाथ पर विश्वास करना चाहिए और उनकी प्रतिदिन आराधना करनी चाहिए। भक्ति हम भी प्रतिदिन करते है और भगवान से प्रार्थना करते है कि सभी के संकट दूर करें।

## श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक बेंगलूर का प्रतिमाही 85वां अमावस्या अन्नदान कार्यक्रम



डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

बेंगलूरु। यहां के मैसूर बैंक सर्कल स्थित श्रीहनुमान मंदिर के समीप में श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक बेंगलूरु (रजि.) द्वारा प्रतिमाह की अमावस्या को आयोजित की जाने वाली महाप्रसादी का 85वां आयोजन गुरुवार को संपन्न हुआ, जिसमें करीब साढ़े चार हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों ने प्रसाद पाया। जिन शासन सेवा रत्न स्व. रणजीत मल कानूंगा परिवार एवं समिति के मासिक सदस्यों के संयुक्त सौजन्य से हुए इस आयोजन की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल ने की। महावीर धारीवाल ने बताया कि इस दौरान महाप्रसादी में सेवा देने वालों में स्वयं समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, प्रकाश बाफना, अनिल बाफना, आशीष बाफना, मानमल बाफना, राजू आंचलिया, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल बाफना, अध्यक्ष किरण बोहरा, विनोद चौरडिया, यशवंत सालेचा, राजेश कातरेला, रितु संचेती मंजू राव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में संतश्री को याद कर सामूहिक नवकार मंत्र का उच्चारण व मंगल पाठ किया गया। उन्होंने बताया कि महाप्रसादी का वितरण हर मास की अमावस्या पर अनेक लाभार्थी परिवारों की ओर से मैसूर बैंक सर्किल, एवेन्यू रोड पर सफलता पूर्वक होता है। महाप्रसादी का यह अभिनव कार्यक्रम सभी गुरू भगवंतों की प्रेरणा से चल रहा है। समिति के चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल ने अन्नदान के दौरान करीब चार से पांच घंटे तक के कार्यक्रम में सेवा देने वाले समस्त जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया।

**संतश्री गणेशलालजी मसा. की स्मृति में हजारों जरुरतमंदों को भोजन प्रसाद जारी**

## महाशिवरात्रि पर नगर में निकाली बाबा भोलेनाथ की भव्य बारातभूत प्रेत पिशाच बने बाराती शिव पार्वती का हुआ विवाह

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854



**बैरसिया।** महाशिवरात्रि पर बुधवार को हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। इस अवसर पर पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भरी भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर बाद तक पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालु आते रहे। इस दौरान भजन कीर्तन का दौर भी चलता रहा। शिवरात्रि को लेकर नगर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जहां तड़के ही मंदिरों के पट खोल दिए गए थे। शिवालयों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। नगर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा

बारात में शामिल झांकियों ने श्रद्धालुओं को किया आकर्षित

हिन्दू उत्सव समिति बैरसिया के तत्वाधान में नगर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। हिन्दू उत्सव समिति बैरसिया के अध्यक्ष सुनील धाकड़ सहित सभी सदस्यों ने नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ परंपरा अनुसार शाम को गाजे बाजे के साथ स्थानीय सांवलिया मंदिर से बारात प्रारंभ कराई गई।

भगवान भोलेनाथ की बारात में शामिल भव्य चलित झांकियां श्रद्धालुओं का मन मोह रही थी। शिव बारात में भूत प्रेत पिशाच नर नारी किन्नर गंधर्व के साथ महादेव दूल्हा बनकर निकले। इस दौरान नगर के अनेक धार्मिक राजनैतिक सामाजिक संगठनों के अलावा नगर की धर्मप्रेमी जनता ने पुष्प बर्षा कर शिव बारात का भव्य स्वागत किया। शिव बारात सांवलिया मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई दुर्गा मंदिर रेंज चौराह पर पहुंची यहां नगर के वरिष्ठ समाज सेवी रामगोपाल गुप्ता डब्लू भैया फैंस क्लब द्वारा बारातियों का स्वागत किया गया। और हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक जोधाराम गुर्जर पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ पूर्व नपा अध्यक्ष राजमल गुप्ता माखन लाल सर्राफ वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शर्मा नगर के वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर नजीराबाद ब्लाक अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी लाला बना पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भगवान दास बियानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## जरूरतमंदों को रियायती दर पर भोजन करा रही हैं दीनदयाल रसोई

### अब तक 46 लाख 57 हजार से अधिक लोगों को भोजन करा चुकी हैं दीनदयाल रसोई, ग्वालियर शहर में संचालित हैं 5 स्थायी और दो चलित दीनदयाल रसोई

केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** काम की तलाश, अपनो के इलाज अथवा अन्य जरूरी कामों से ग्वालियर शहर आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 'दीनदयाल रसोई' मात्र 5 रुपए में भोजन की थाली उपलब्ध करा रही है। सरकार द्वारा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से यह दीनदयाल रसोई योजना संचालित है। ग्वालियर शहर में वर्तमान में 5 स्थायी व 2 चलित दीनदयाल रसोई विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों को रियायती दर पर भोजन करा रही है।

ग्वालियर में वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई योजना शुरू हुई थी। योजना की शुरूआत से लेकर अब तक अब तक 46 लाख 57 हजार 203 जरूरतमंदों को भोजन की थाली उपलब्ध कराई जा चुकी है। ग्वालियर शहर में मुख्य बस स्टैण्ड, झांसी रोड बस स्टैण्ड, राजपायगा नया बाजार व इंटक मैदान में दीनदयाल रसोई संचालित हैं। इसके अलावा एक दीनदयाल रसोई जिला चिकित्सालय मुरार परिसर में मोबाइल वैन के जरिए चलाई जा रही है। साथ ही दो चलित दीनदयाल रसोई भी श्रमिक बहुल क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमदों को भोजर करा रही है।

ग्वालियर में हर रोज लगभग 3100 से 3500 जरूरतमंद लोगों को गरमा-गरम सुरुचि पूर्ण पौष्टिक भोजन दीनदयाल रसोई करा रही है। इसके अलावा चलित दीनदयाल रसोई द्वारा भी 1200 से 1400 थालियां हर दिन परोसी जा रही है। शहरवासी अपने परिजन की पुण्यतिथि व जन्मदिवस जैसे अवसर पर भी असहाय व जरूरतमंद लोगों को दीनदयाल रसोई के माध्यम से भोजन कराते हैं। ऐसे आयोजनों में प्रतिदिन 100 से लेकर 200 लोगों को दीनदयाल रसोई सस्ती दर पर भोजन की थाली उपलब्ध करा रही है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा रसोई योजना संचालित करने वाली संस्था को विभाग द्वारा प्रति थाली 10 रुपये अनुदान राशि उपलब्ध करायी जा रही है। रसोई योजना का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रसोई केन्द्र में स्वच्छता के साथ किये जाने की व्यवस्था की गयी है। व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी नगरीय निकायों के अमले को सौंपी गयी है।

## जिले के पेट्रोल पंपों पर की जा रही है डीजल और पेट्रोल की गुणवत्ता की जाँच

### बीपीसीएल एवं आईओसीएल की टीम ने वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर परखी गुणवत्ता

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान





जिले में संचालित सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की गुणवत्ता की जाँच करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्य विभाग एवं तेल कंपनियों के अधिकारियों को दिए हैं। इस कड़ी में बुधवार को बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) की टीम ने चेतकपुरी तिराहे पर स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर पेट्रोल एवं डीजल की डेनसिटी और फिल्टर की गुणवत्ता जाँची। जाँच में गुणवत्ता ठीक पाई गई है।

आईओसीएल के अधिकारियों द्वारा सेठ राठीलाल बेचारदास फूलबाग पेट्रोल पम्प एवं कृष्णानंद फिलिंग स्टेशन बडागांव की जांच की गई इसी प्रकार एचपीसीएल के अधिकारियों द्वारा ग्वालियर सर्विस फूलबाग, विवके ऑटोमोबाईल्स सांई बाबा मंदिर रोड एवं केशर सर्विस रेसकोर्स रोड पेट्रोल पम्प की जांच की जाकर सेम्पलिंग की कार्यवाही की गई। जिले के अन्य पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोलियम तेलों की गुणवत्ता जाँचने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की गुणवत्ता के साथ-साथ माप यंत्रों की भी जांच करें, जिससे उपभोक्ताओं को पूरा तेल मिले। इस काम को पूरी गंभीरता के साथ करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

हार्दिक आमंत्रण

जगद्गुरू पदारोहण पट्टाभिषेक एवं 56वां अवतरण दिवस निमित्त

कृष्णागिरि पीठाधीश्वर श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य अनंत श्री विभूषित पूज्यपाद

श्री वसंतविजयानंद गिरिजी महाराज

माघ पूर्णिमा, 12 फरवरी 2025, बुधवार को पंचदशनाम जूना अखाड़ा ध्वजा द्वारा जगदगुरू पद पर सुशोभित हुए हैं।

इस पावन उपलक्ष्य में पट्टाभिषेक एवं पूज्यपाद का

56वां अवतरण दिवस

दिनांक 09 मार्च 2025, रविवार

को दोप. 3 बजे मनाया जाएगा।

इसी दिन 16 दिवसीय यज्ञ की पूर्णाहुति आदि धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।

आप सभी ईष्ट मित्रों एवं परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।



# जरूरतमंदों को रियायती दर पर भोजन करा रही हैं दीनदयाल रसोई

## ग्वालियर शहर में संचालित हैं 5 स्थायी और दो चलित दीनदयाल रसोई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

**ग्वालियर** काम की तलाश, अपनो के इलाज अथवा अन्य जरूरी कामों से ग्वालियर शहर आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 'दीनदयाल रसोई' मात्र 5 रुपए में भोजन की थाली उपलब्ध करा रही है। सरकार द्वारा नगरीय विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से यह दीनदयाल रसोई योजना संचालित है। ग्वालियर शहर में वर्तमान में 5 स्थायी व 2 चलित दीनदयाल रसोई विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों को रियायती दर पर भोजन करा रही है। ग्वालियर में वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री दीनदयाल रसोई योजना शुरू हुई थी। योजना की शुरूआत से लेकर अब तक अब तक



46 लाख 57 हजार 203 जरूरतमंदों को भोजन की थाली उपलब्ध कराई जा चुकी है।

ग्वालियर शहर में मुख्य बस स्टैण्ड, झांसी रोड बस स्टैण्ड, राजपायगा नया बाजार व इंटक मैदान में दीनदयाल रसोई संचालित हैं। इसके अलावा एक दीनदयाल रसोई जिला चिकित्सालय मुरार परिसर में मोबाइल वैन के जरिए चलाई जा रही है। साथ ही दो चलित दीनदयाल रसोई भी श्रमिक बहुल क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमदों को भोजर करा रही है।

ग्वालियर में हर रोज लगभग 3100 से 3500 जरूरतमंद लोगों को गरमा-गरम सुरुचि पूर्ण पौष्टिक भोजन दीनदयाल रसोई करा रही है। इसके अलावा चलित दीनदयाल रसोई द्वारा भी 1200 से 1400 थालियां हर दिन परोसी जा रही है। शहरवासी अपने परिजन की पुण्यतिथि व जन्मदिवस जैसे अवसर पर भी असहाय व जरूरतमंद लोगों को दीनदयाल रसोई के माध्यम से भोजन कराते हैं। ऐसे आयोजनों में प्रतिदिन 100 से लेकर 200 लोगों को दीनदयाल रसोई सस्ती दर पर भोजन की थाली उपलब्ध करा रही है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा रसोई योजना संचालित करने वाली संस्था को विभाग द्वारा प्रति थाली 10 रुपये अनुदान राशि उपलब्ध करायी जा रही है। रसोई योजना का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रसोई केन्द्र में स्वच्छता के साथ किये जाने की व्यवस्था की गयी है। व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी नगरीय निकायों के अमले को सौंपी गयी है।

# होलिकाष्टक सात मार्च से लगेंगे, नहीं होंगे शुभ कार्य घनश्याम शास्त्री

केसरिया हिन्दुस्तान

**ग्वालियर** - होली का पर्व 40 दिन पूर्व बसंत पंचमी से शुरू हो जाता है ठाकुर जी ( श्रीकृष्ण ) कमर में पीतांबरी बांधकर रंगों से होली खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं पांच दशक पहले तक होली का हुडदंग होलिका अष्टक लगने यानी डांडा़ गाड़ने के साथ शुरू हो जाता है इस वर्ष होलिकाष्टक सात मार्च से शुरू होंगे और इसी दिन होली का डांडा़ गाड़ने के साथ जो शुभ कार्यों पर प्रतिबंध लग जाएगा ज्योतिष आचार्य के अनुसार होलिकाअष्टक से सभी ग्रह उग्र हो जाते हैं और अनुकूल फल प्रदान नहीं करते हैं

सुप्रसिद्ध भागवताचार्य / ज्योतिष आचार्य पंडित घनश्याम शास्त्री महाराज ने बताया कि होलिका अष्टक में कोई भी मांगलिक कार्य जैसे शादी विवाह,




मुंडन,नामकरण ,गृह प्रवेश आदि कार्य करना वर्जित है होलिकाष्टक में सभी ग्रह उग्र अवस्था में आ जाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है इसलिए इस अवधि में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता होलिका अष्टक के समय दान ओर व्रत का भी महत्व है इस दौरान वस्त्र, अन्न ,धन आदि का दान करना शुभ माना जाता है यह कष्टों से मुक्ति और अनुकूल फल देता है

**होलिका अष्टक के दौरान रहते हैं सभी ग्रह उग्र :** होलकर अष्टक के दौरान अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य ,दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल, और पूर्णिमा को राहु उग्र स्वभाव में रहते हैं इन ग्रहों के उग्र होने से कारण मनुष्य पर मानसिक स्थिति पर नकारात्मक बदलाव आता है जिससे जनमानस की निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है इस कारण से कई बार उससे गलत निर्णय भी हो जाते हैं इस कारण से हानि की आशंका बढ़ जाती है इसलिए जनमानस में इन आठ दिनों में महत्वपूर्ण कार्यों का निर्णय लेने से बचना चाहिए और यदि जरूरी हो तो बहुत अधिक सतर्क रहकर निर्णय लेने चाहिए ।।

# सर्व ब्राह्मण महासंघ ने पंडित आज़ाद को दी श्रद्धांजलि

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101




**ग्वालियर** सर्व ब्राह्मण महासंघ द्वारा क्रांतिकारी योद्धा, भारत भूमि के सपूत पंडित चंद्रशेखर आज़ाद जी के 94 वे शहीद दिवस के अवसर पर शहीद त्रिमूर्ति तिराहा, हेमसिंह की परेड पर माल्यापर्ण ब्राह्मण समाज व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सनाढ्य सभा के अध्यक्ष किशन मुदगल व प्रकाश नारायण शर्मा ने पंडित चंद्रशेखर आज़ाद जी के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में किये योगदान को याद किया व सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये इसका आव्हान किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष एस के शर्मा जी ने करते हुये कहा कि अल्पायु में एक बालक ने सम्पूर्ण देश ही नही विदेशों तक अपनी अमिट छाप छोड़ी,ओर एक महान योद्धा के रूप में स्थापित हुये।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राम नारायण मिश्रा ने व आभार श्रीराम रवि आनंद गौड़ ने व्यक्त किया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से किशन मुदगल, एस के शर्मा, प्रकाश नारायण शर्मा,रामनारायण मिश्रा, श्रीराम शर्मा,रविन्द्र नाथ नायक, रवि आनंद गौड़,मनोज त्रिपाठी, धीरेंद्र तिवारी, अवनीश गौड़,दीपक शर्मा, श्यामबाबू शर्मा, राज नारायण शुक्ला, नरेश शर्मा बॉबी, जयप्रकाश शर्मा, हरिचंद दुबे,अनुपम पाठक सहित विद्यार्थियों व क्षेत्रीय नागरिकों ने पंडित चंद्रशेखर आज़ाद जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

# शिव पार्वती की प्रतिमाएं विसर्जितः महाशिवरात्रि के दूसरे दिन गाजे-बाजे के साथ पार्वती नदी में हुआ विसर्जन कार्यक्रम

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी



**भितरवार।।** महाशिवरात्रि पर स्थापित भगवान शिव-पार्वती की प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार शाम को दियादाह घाट में किया गया। भक्तों ने नम आंखों से भगवान शिव-पार्वती की पूजा के साथ विदाई दी। इसके पूर्व विधि विधान से शंकर-पार्वती की पूजा अर्चना कर महा आरती की गई। इसके बाद पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। काली माता मंदिर परिसर से चल समारोह निकाला जिसमें महिला श्रद्धालु ढोल, नगाड़े के धुन के साथ थिरकते नजर आए। इस दौरान हर-हर महादेव, जय मां अम्बे के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया था। ज्ञात हो कि यहां महाशिवरात्रि पर भगवान शिव-पार्वती की पूजा की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। इस मौके गोवर्धन सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

## वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
9009601101

ग्वालियर- लायंस क्लब ग्वालियर दिशा द्वारा दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी की समस्या के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर न्यूरो विशेषज्ञ एवं फीजीयोथेरेपी विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में 2मार्च रविवार सुबह 10 .00 बजे इंडस हॉस्पिटल रंगमहल गार्डन के सामने ए जी ऑफिस पुल के पास आयोजित किया जा रहा है यह कार्यक्रम अध्यक्ष लायन मुकेश बिरोनिया की अध्यक्षता में एवं संस्थापक अध्यक्ष लायन ज़ुबैर रहमान कार्यक्रम संयोजक लायन डॉ रजनीश नीखरा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है । निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों की रूप मेंशिविर में डॉ विवेक कनकने जापान से प्रशिक्षित न्यूरोसर्जन डॉ हेमंत गुप्ता मेडिसिन , डॉ कपिल परमार फीजीथेरेपी चिकित्सक , डॉ रजनीश नीखरा फीजीयोथेरेपी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे जो भी मरीज़ अपना रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं तो वह 9827778200, 7689-895500 पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं कार्यक्रम संयोजक पूर्व जोन चेअर पर्सन लायन डॉ रजनीश नीखरा ने जानकारी दी कि ब्रेन हेमरेज स्ट्रॉक के कारण लकवा की समस्या जानलेवा होती जा रही है एवं मिर्गी सर दर्द हाथ पैरों में कंपन्न गंभीर रूप ले रही हैं साथ में रीढ़ की हड्डी की समस्या में गर्दन एवं कमर दर्द , नसों के दर्द सुन्नपन, झुनझुनाहट के मरीज़ हर परिवार में बडते जा रहे हैं जिनका समय पर इलाज न किया जाए तो समस्या गंभीर रूप ले रही है और हमारे जीवन को कष्टमय कर रही है एसी समस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है

# अनवरत बहती रहे विकास की धारा, यही संकल्प है हमाराः बलदेव अग्रवाल

## भितरवार के वार्ड 9 में 50 लाख से अधिक के सीसी रोड भूमि-पूजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
लोकेंद्र सोलंकी



**भितरवार।** नगर परिषद भितरवार के वार्ड नंबर 9 में पुराने बस स्टैंड से रजिस्टर कार्यालय तक सीसी रोड का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल उपाध्यक्ष मन्नू यादव सहित समस्त पार्षद उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने कहा कि अनवरत बहती रहे विकास की धारा, यही संकल्प है हमारा जनता की सेवा हमारा ध्येय है और जनता के भरोसे पर खरा उतरना, जनता की सेवा व विकास में कोई कमी नहीं रखना यह हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में तेजी से विकास कार्य शुरू हो रहें हैं हर गली मोहल्ले और बस्ती को विकास की मुख्य धारा से जुड़ा जा रहा है नगर के विकास के लिए पूरी परिषद एकजुट होकर नगर परिषद भितरवार को आदर्श परिषद बनने को दृढ़ संकल्पित है।इस मौके पर उपाध्यक्ष मन्नू यादव सहित अनेक पार्षदों ने परिषद की एकजुटता और विकास के लिए सहयोग की बात कही।गुरुवार को वार्ड-9 में कमला स्कूल से रजिस्टर कार्यालय तक सीसी रोड 50 लाख रुपए से बनने वाली सीसी रोड का भूमि-पूजन वार्ड पार्षद पूर्व अध्यक्ष सुमित जैन ने कियाइस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल उपाध्यक्ष मन्नू यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पार्षद सुमित जैन, शिवप्रताप सिंह यादव, गज़ब सिंह रावत,कैलाश खटीक, रघुवीर सिंह यादव,धर्मेंद्र अग्रवाल,खेर सिंह, राधेश्याम जैन जसवंत सिंह कुशवाह, फिरोज खान, सीताराम प्रजापति, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# केदारनाथ आकर की विशाल कावड़ से लाएं गंगाजल से 108 शिवलिंग मंदिर किसरोली में किया जलाभिषेक

## केदारनाथ थीम की 125 किलो की विशाल कावड़, दूरी 210 किमी महज 44 घंटे में सोरों से अंबाह लेकर आया 30 युवाओं का जत्था

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
पंकज जैन

**अंबाह।** सोरों से अंबाह लेकर आएं केदारनाथ की थीम पर बनी कावड़ का महाशिवरात्रि पर सिद्धक्षेत्र किशरोली में 108 हर हर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक किया गया। साथ ही सभी ने 108 शिवलिंग मंदिर पर महारुद्राभिषेक किया। इस दौरान लोगों ने कांवड़ के साथ सेल्फी ली और तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही कावड़ लेकर आएं कांवड़ियों को सम्मानित किया गया। ये रंग बिरंगी कांवड़ जहां से गुजरी वहां देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार 23 फरवरी



को रात्रि 02 बजे हर हर महादेव टीम किशरोली धाम के 30 युवाओं के जत्था ने केदारनाथ थीम की 125 किलो की विशाल कावड़ लेकर 210 किमी की दूरी सोरों गंगा घाट से, सिध्दक्षेत्र किशरोली धाम, अंबाह तक महज 44 घंटे में पूरी की। सिद्धक्षेत्र किशरोली धाम, अंबाह में शिवरात्रि पर पहुंचे हजारों श्रद्धालु भी इस कावड़ को अपने अपने फोन में कैद करते दिखाई दिए। लोगों ने कांवड़ के साथ सेल्फी ली और तस्वीरें खिंचवाईं। साथ ही कावड़ लेकर आएं कांवड़ियों को सम्मानित किया गया। रविवार को शाम 07 बजे अंबाह शहर में इस विशाल कावड़ का आगमन हुआ। शहर के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह कांवड़ यात्रा का स्वागत किया गया। सोरों से 30 श्रद्धालुओं का जत्था जल भरकर सिद्धक्षेत्र किशरोली धाम अंबाह लेकर आया। बोल बम के जयकारों के साथ कांवड़ियों के जत्थे ने केदारनाथ मंदिर रूपी आकर्षक और अदभुत कांवड़ का सोमवार को शिवरात्रि पर जलाभिषक किया। कांवड़ियों की टोली में सरयूदास महाराज, विद्याराम दीक्षित, भूरा गुदेनिया, पिंकी मिश्रा , नीरज उपाध्याय, विजय उपाध्याय, मंटोली शर्मा, अमित व्यास, रोहित चौधरी, शिवा शर्मा, आकाश शुक्ला, बीटू मिश्रा, कालू थापक, अंकित शर्मा, लवला पंडित, दीपक शर्मा, योगेश तिवारी, सचिन कटारे, विष्णु शर्मा, अमन शास्त्री, गौरव पाराशर, अजय शर्मा, हिमांशु त्रिपाठी, योगेश तिवारी, विक्की शर्मा, भूपेंद्र शुक्ला, पिल्ली श्रीवास, राजू शर्मा, राधे, कुनाल थापक, शिवम शर्मा, भोला शर्मा, गगन शर्मा, हर्षू गुदेनिया सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# जर्जर अवस्था,सूखा सार्वजनिक कुंआ , दबंगों ने किया कब्जा नहीं होने दे रहे बंद

## स्थानीय लोगों ने जन सुनवाई में एसडीएम को दिया शिकायती आवेदन

## आवारा मवेशी व छोटे-छोटे बच्चों के लेकर बड़े हादसे की रहती है आशंका

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन



**अंबाह।** जहां एक ओर बोरवेल और कुआं में छोटे-छोटे बच्चों की गिर जाने व रेस्क्यू की खबरें आने से दिल में दहला देने वाली घटना हो जाती हैं तो वही जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा पुराने सार्वजनिक कुएं पुरानी बावड़ियों को बंद करने के लिए,सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय ,जनपद,ग्राम पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया गया था लेकिन कहीं दूसरी ओर ताजा मामला ग्राम पंचायत पुरावसकला के रामचरण सिंह के पुरा का है जहां पर दबंगों द्वारा पुराने कुएं को बंद नहीं करने दिया जा रहा है शिकायत कर्ताओं ने बताया कि गांव के दबंग रणधीर सिंह तोमर, हमीर सिंह तोमर, पुत्रगण बहादुर सिंह तोमर मानसिंह पुत्र राजवीर सिंह तोमर द्वारा कुएं पर कब्जा कर बंद नहीं करने दिया जा रहा है जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है व दहशत का माहौल बना रहता है, इससे पूर्व जनपद सीईओ को भी आवेदन दिया जा चुका है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है मंगलवार को जन सुनवाई में शिकायती आवेदन सौंपा गया है।

35 हजार रुपये की लागत से बनी 125 किलो की कावड़ आकर्षक कांवड़ : केदारनाथ मंदिर रूपी कांवड़ के अंदर बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग स्थापित किया हुआ हैं। सोरों गंगा घाट से अंबाह कावड़ लेकर आएं श्रद्धालुओं ने बताया कि इस कांवड़ का वजन लगभग 125 किलो है। जिसे थर्मोकोल से तैयार किया गया है। इसे बनाने में तकरीबन 35 हजार रुपया खर्च का लागत लगा है। साथ ही इसे बनाने में करीब 15 दिन का समय लगा था। साथ ही यह कावड़ 08 फीट ऊंची और 06 फीट चौड़ी थी।

# अमायन क्षेत्र के ग्राम खैरिया सिंध में आयोजित हुआ दंगल



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/
रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

अमायन क्षेत्र में निर्वाण वंश के ग्राम खैरिया सिंध में राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता (दंगल) का आयोजन गाव के प्रसिद्ध शिव मन्दिर पर आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र के एवं कई राज्यों के विख्यात पहलवानों ने भाग लिया और अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवान से कुश्ती लडी कुश्ती प्रतियोगिता- दंगल के इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र के लोग बडी संख्या में पहुंचे कुश्ती विजेता पहलवान को इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के भिंड जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा की दंगल के इस आयोजन में क्षेत्रवासी सभी राजपुत भाइयों का सहयोग प्राप्त हुआ विषेश सहयोग सरपंच संघ के अध्यक्ष ग्राम पंचायत इदुरखी के सरपंच महादेव सिंह चौहान द्वारा दिया गया सभी राजपुत भाइयों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया

# पोरसा की सड़क पर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से
पुष्पेन्द्र तोमर

**पोरसा ( मुरैना )।** नेशनल हाईवे 552 पर स्थित पोरसा क्षेत्र में एक गंभीर समस्या उभरकर सामने आई है, जहां सब्जी विक्रेता अपनी दुकानों को डिवाइडर पर सजा कर सब्जियां बेच रहे हैं। यह न केवल यातायात व्यवस्था में अड़चन डाल रहा है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहा है। प्रशासन की लापरवाही और पुलिस व नगर पालिका द्वारा इस पर ध्यान न दिए जाने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।



शहर में पहले से ही दो प्रमुख सब्जी मंडियां मौजूद हैं, एक अस्पताल के पास और दूसरी गल्ला मंडी परिसर में, फिर भी मुख्य मार्ग पर डिवाइडर पर सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें सजा कर बैठ जाते हैं। इससे न केवल सड़क पर यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी खतरों का सामना करना पड़ता है। अक्सर इस क्षेत्र में जाम की स्थिति बन जाती है, और बड़ी दुर्घटनाएं घटने का खतरा भी रहता है। यह मामला अब प्रशासन के लिए चुनौती बन चुका है। ना तो पुलिस और ना ही नगर पालिका इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे रही है। सब्जी विक्रेताओं ने खुद ही मुख्य मार्ग पर सब्जी मंडी का रूप बना लिया है, जबकि उनके पास पहले से ही वैकल्पिक स्थान मौजूद है। इस स्थिति ने नागरिकों को सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया है ङ्क आखिर इस समस्या का जिम्मेदार कौन है? व्यक्तिगत रूप से देखा जाए तो यह एक खतरनाक स्थिति बन गई है, जहां बिना किसी नियंत्रण के डिवाइडर पर सब्जी बेचने से न केवल जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि संभावित दुर्घटनाओं का खतरा भी मंडरा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों और यात्रियों के लिए परेशानी बढ़ रही है और प्रशासन की उदासीनता इस स्थिति को और भी गंभीर बना रही है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मुद्दे पर कब ध्यान देगा और यह सुनिश्चित करेगा कि शहर में यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा बनी रहे।

# महाशिवरात्रि पर भोले बाबा की गाजे.बाजे के साथ निकली भव्य बारात

**.शहर में भोले बाबा की बारात देखने उमड़े शहरवासी, . फूलमती मंदिर में शिव.पार्वती का धूमधाम से हुआ विवाह**





**सीधी ।** युवा व्यापारी संघ द्वारा महाशिवरात्रि पर शहर में भोलेबाबा की भव्य बारात स्थानीय सम्राट चौक से शाम 5 बजे निकाली गई। बारात में शिव भक्त युवा वर्ग, मातृ शक्तियां एवं वरिष्ट जन सम्मिलित हुए। शिव बारात का शुभारंभ शिव जी की आराधना एवं भव्य आरती के साथ हुआ। इसके उपरांत भोलेनाथ की बारात ने सम्राट चौक से प्रस्थान किया। बारात के शुभारंभ में विकास भवन के सामने बारातियों का भव्य स्वागत किया गया तथा भगवान शिव की पूजा.अर्चना हुई। पुराना बस स्टैण्ड में सोनांचल सेवा समिति द्वारा बारातियों का भव्य स्वागत किया गया तथा शिव की आराधना हुई। बारात में दूल्हे भोलेनाथ के साथ सभी बाराती बैण्ड और डीजे की धुन पर थिरकते हुए फूलमती मंदिर पहुंचे। यहां रात करीब 9 बजे से भोलेनाथ का पार्वती जी के साथ विवाह कार्यक्रम शुरू किया गया। विवाह संपन्न होने के पश्चात यहां व्यापारी संघ द्वारा महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। बारात में शामिल होने वाले सभी भक्तगण पीले वस्त्र में शामिल रहे। महाशिवरात्रि पर निकाली गई बारात में देवी.देवताओं के साथ ही साधू संतों, अघोरियों को भी आमंत्रित किया गया था।

इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के मार्गदर्शन में युवा व्यापारी संघ के अध्यक्ष सनी मोटवानी, कार्यकारी अध्यक्ष रत्नीश सोनी, महामंत्री मयंक बत्रा, अमित गुप्ता, पंकज कुशवाहा, अजीत सिंह, सतीश गुप्ता, अमित सिंह सेंगर, ओमप्रकाश सिंह, धीरज सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, राहुल गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों के विशेष योगदान से कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। भोलेबाबा की बारात में वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, पूर्व भाजपा अध्यक्ष इंद्रशरण सिंह, समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा, कमल कामदार, भीम कामदार, भाजपा नेत्री अंजू पाठक, विभा शर्मा समेत हजारों की संख्या में व्यवसायी, गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### बारात का जगह.जगह हुआ भव्य स्वागत.

शहर में भगवान शिव की निकाली गई बारात का जगह.जगह भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बारात में शामिल बारातियों द्वारा डीजे की धुन में थिरकते हुए सम्राट चौक से लेकर अस्पताल तिराहा, लालता चौक, सोनांचल बस स्टैण्ड, पटेल पुल, अमहा फूलमती मंदिर तक की दूरी तय की गई। शिव जी की बारात में हजारों बाराती शामिल रहे। भगवान शिव के बारात में बाराती बनने का सौभाग्य मिलने से बारातियों में काफी उत्साह नजर आया। खासतौर से अघोरी राक्षस बने बाराती सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र रहे।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

### डॉ.रविन्द्र ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सीधी ।** पुलिस अधीक्षक डॉ.रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, थाना एवं चौकी के प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम थाना मझौली की विगत वर्तमान माह के अपराध निराकरण का विगत के दो वर्षो के माह फरवरी के साथ तुलनात्मक अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक के दौरान निर्देशित किया कि वर्तमान में युवाओं मे नशाखोरी की आदतें बढ रही जिससे आये दिन नशे मे असामाजिक तत्त भिन्न भिन्न अपराध घटित कर रहे हैं। इसलिए प्रतिबंधित नशीले पदार्थों को धर पकड कर कार्रवाई करें। जुआ सट्टा जैसे अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करें। मोटरव्हीकल एक्ट के तहत, जिले मे मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालो पर समझाइश एवं कार्रवाई करें जिससे सड़क दुर्घटना को न्यूनतम किया जा सके। चोरी एवं गृहभेदन के आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी की गई संपत्ति का शत प्रतिशत वापस करवाने का प्रयास करें। अधिकतम अपराधों का निराकरण कर जल्द से जल्द कर पीड़ित को न्याय दिलाएं। आमजन द्वारा की गई शिकायत की जल्द से जल्द जांच कर उचित वैधानिक कार्रवाई कर शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाएं। लोक शांति में बाधक तत्वों को न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित कर कार्रवाई करवाएं। स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट के आरोपियों को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करें एवं लंबित की संख्या को शून्य पर लाएं। कालाबाजारी करने वाले आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही कर उक्त मामलों के अपराध को पूर्ण रूपेण समाप्त करें। सभा के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी को पुरस्कृत कर अपराध समीक्षा बैठक का समापन किया गया ।

# सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का दिव्य आयोजन 1 मार्च से



सीधी। रोली मेमोरियल सभागार में रामकिंकर विचार मिशन के परमाध्यक्ष मैथिलीशरण महाराज ऋषिकेश के द्वारा मंगलमयी श्री राम कथा सुनियोजित है। श्री राम किंकर विचार मिशन के तत्वावधान में यह श्री राम कथा का 16 वॉ सोपान है। आयोजन मंडल की ओर सीधी नगर के सभी प्रबुद्ध एवं रामकथा के रसिकों से अपील की गई है कि आप अपने ईष्ट मित्रों सहित दिव्य एवं मंगलमयी श्री राम कथा का लाभ ले। जों कि 1 मार्च 25 शनिवार से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में सांय 6बजे से 6.30 तक अनिल पाठक एवं विक्रम मिश्र के मधुर वाणी से भक्ति संगीत आयोजित होगा, 6.30 बजे से 8.30 तक महाराज श्री के द्वारा कथा का रसपान कराया जाएगा।

# सेमरिया पुलिस नें किशोरी को 10 दिवस में 1200 कि मी दूर से खोज कर सौंपा परिजनों को

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट उप निरीक्षक अतर सिंह के नेतृत्व मे सेमरिया पुलिस नें नाबालिक किशोरी को महाराष्ट्र के नासिक से ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया गया है।

पुलिस द्वारा बताया गया कि 15 फरवरी 2025 में चौकी सेमरिया अंतर्गत एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक किशोरी घर से लापता है, आसपास एवं रिश्तेदारी मे पता करने पर कहीं कोई जानकारी नहीं मिली मामला गंभीर होने के कारण चौकी प्रभारी सेमरिया नें वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशन में टीम का गठन किया जो गुमशुदा नासिक से ढूंढकर चौकी लाई एवं वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। समस्त कार्रवाई में एएसआई भूपेंद्र सिंह बागरी, आरक्षक विनीत सिंह, महिला प्रधान आरक्षक राजकुमारी सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# शिवजयन्ती है निराकार ज्योतिर्बिंदु परमात्मा शिव के अवतरण की यादगार : अरुणा बहन



**सीधी।** ब्रह्माकुमारीज जमोड़ी सेवा केंद्र के द्वारा शिवजयन्ती की भव्य झांकी का आयोजन किया गया। ब्रह्मा कुमारी संस्था जमोड़ी एवं चुरहटए मझौली, निवास, मड़वास की संस्था प्रभारी अरुणा बहन ने बताया कि झांकी का उद्देश्य जन जन को परमात्मा शिव के अवतरण की खुशखबरी सुनाने के साथ . साथ आने वाली नई सतयुगी स्वर्णिम भारत की झांकी का दर्शन कराना है। जिसमें दिखाया गया कि परमपिता शिव बाबा जो निराकार हैं, ज्योतिबिंदु स्वरूप हैं जिनके अवतरण की यादगार स्वरूप शिवजयन्ती का महापर्व मनाया जाता है। वो परमात्मा इस कलियुग रूपी रात्रि में अवतरित हो कर धर्म भ्रष्ट, कर्म भ्रष्ट पतित मानव को फिर से देवतुल्य बनाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ जमोड़ी सेवा केंद्र पर सुबह शिव ध्वजारोहण एवं केक सेरेमनी से हुआ। जिसमें राजेश सिंह प्रताप मार्बल वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी, राकेश कौल शिक्षक एस आई टी, धर्मदास वर्मा पीसीओ जनपद पंचायत एवं अन्य संस्था के भाई बहन उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव धाम देवघटा में विशाल भंडारा आयोजित





**सीधी।** शिव मन्दिर देवघटा में महाशिवरात्रि पर दूर दूर से आए भक्तों ने सोनभद्रेश्वर महादेव का दर्शन किया। यह प्राचीन मन्दिर सोन नदी के तट पर देवघटा गांव में स्थित है। खास बात यह है कि मन्दिर में विराजमान शिव लिंग दक्षिण की ओर झुके हुए है जिस प्रकार धरती अपने धुरी पर उत्तर से दक्षिण की ओर झुकी हुई है। भक्तों का मानना है कि विराजमान शिवलिंग स्वयं धरती को प्रदर्शित कर रहें हैं। आध्यात्मिक स्थल होने के साथ साथ यहां का प्राकृतिक सौंदर्य भी अत्यन्त मनोरम है। इस प्राचीन मन्दिर की अनेक महत्वपूर्ण कथाएं है जिससे यह मन्दिर अपने आप में एक महत्वपूर्ण धर्म, अध्यात्म और दर्शन का स्थल माना जाता है। दूर दराज से आए भक्तों ने सोन नदी में स्नान कर महादेव को जल अर्पित किया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व में भगवान शंकर की बारात निकाली गई और शिव पार्वती जी के विवाह उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर अखंड श्री रामचरित मानस और विशाल भंडारे का आयोजन श्री सोनभद्रेश्वर महादेव जन सेवा एवं कल्याण समिति देवघटा के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें विशेष रूप से ग्रामवासियों और शहरवासियों का विशेष सहयोग रहा।

# वनमंडल स्तरीय शाख कर्तन कार्यशाला गांधीग्राम में सम्पन्न

शाखकर्तन का कार्य 21 मार्च से 27 मार्च के मध्य कराया जाएगा

सीधी। वर्ष 2025 तेन्दूपत्ता सीजन के संदर्भ में वन मण्डल स्तरीय शाखकर्तन कार्यशाला प्रसंस्करण केन्द्र गांधीग्राम में दिनांक 25.02.2025 को वन मण्डल अधिकारी एवं पदेन प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित सीधी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में उप वन मण्डल अधिकारी सीधी/मझौली, सहायक संचालक एवं उप वन मण्डल अधिकारी कुसमी (सं.टा.रि.) समस्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, सामान्य वन मण्डल सीधी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी मड़वास बफर के अतिरिक्त जिला वनोपज यूनियन सीधी के अन्तर्गत आने वाली सभी 51 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के रोकड़पाल, फड़ अभिरक्षक, प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अध्यक्ष/प्रबंधक तथा फड़मुंशी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मण्डल अधिकारी एवं पदेन प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित सीधी ने बताया कि इस वर्ष वन मण्डल सीधी के अन्तर्गत 108341 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वन मण्डल अधिकारी सीधी द्वारा अच्छी गुणवत्ता का शाखकर्तन कार्य कराने एवं शाखकर्तन मजदूरी के समय पर भुगतान करने, एकलव्य शिक्षा विकास योजना के प्रचार-प्रसार तथा संग्राहकों का सर्वे रजिस्टर तैयार करने आदि के सम्बन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों तथा प्रबंधकों को विस्तृत समझाइस दी गई। कार्यक्रम के अगली कड़ी में उप वन मण्डल अधिकारी सीधी/मझौली द्वारा भी प्रभावी शाखकर्तन कराने तथा समय से मजदूरी भुगतान कराने एवं अच्छी गुणवत्ता का तेन्दूपत्ता संग्रहण कराने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया।

कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों से विचार विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में शाखकर्तन का कार्य 21 मार्च से 27 मार्च 2025 के मध्य कराया जाय। तत्पश्चात कार्यशाला में उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गांधीग्राम अन्तर्गत ग्राम गांधीग्राम में ही शाखकर्तन कार्य का प्रदर्शन कराया गया।

# 10वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित हुई

### कुल 66 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित हुई




**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाईस्कूल परीक्षा का आयोजन 27 फरवरी से किया जा रहा है। आज हाईस्कूल कक्षा 10वीं की हिन्दी विषय की परीक्षा जिले के 66 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित हुई जिसमें से 18247 दर्ज छात्रों में से 17879 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 368 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। परीक्षा में कानून व्यवस्था एवं परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा 16 पैनल गठित किये गये है। एस.डी.एम. मझौली श्री आर.पी. त्रिपाठी द्वारा परीक्षा केन्द्र मझौली का निरीक्षण किया गया। एस.डी.एम. कुसमी प्रिया पाठक ने कुसमी, भदौरा एवं टमसार परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा द्वारा परीक्षा केन्द्र मोहनिया, चुरहट एवं पनवार का निरीक्षण कर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा संचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये। प्रवीण शुक्ला ए.डी.पी.सी. द्वारा कंधवार, रामपुर नैकिन, नागेन्द्र सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा हटवाखास, सुडवार, हिनौती का निरीक्षण किया गया। राजेश पटेल द्वारा हडबड़ो, पोखरा, तरका का निरीक्षण किया गया। डॉ सुजीत कुमार मिश्र द्वारा गिजवार, पथरौला, खाम्ह एवं चौफाल का निरीक्षण किया गया। कन्ट्रोल रूम प्रभारी रामकृष्ण तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नही है।

# राज्य शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

सीधी राज्य शिक्षक संघ जिला इकाई के जिला अध्यक्ष सुखेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पुरानी पेंशन बहाली एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर डॉ.राजेश मिश्रा सांसद को ज्ञापन सौंपा। राज्य शिक्षक संघ के प्रतिन मंडल ने पुरानी पेंशन बहाली एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता दिलाए जाने के संबंध में अपनी बात रखी वहीं सांसद द्वारा आश्वासन दिया गया की शीघ्र मांगों के निराकरण के लिए प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वाले प्रमुख रूप से राज्य शिक्षक संघ के जिला संयोजक मोहन चंद्र गौतम, अशोक कुमार पांडे, राजीव गुप्ता, बांकेलाल सिंह, शोभनाथ कोल एवं अन्य साथियों उपस्थित रहे।

# कृषि योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए तहसीलदार गोपद बनास को दी गई प्रोत्साहन राशि

सीधी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं इससे संबंद्ध सहकारी समितियों के बकाया कालातीत ऋणी से ऋण वसूली के लिए शासन की सहकारी वसूली प्रोत्साहन योजना लागू है। इस योजना के अंतर्गत संबंधित तहसील में प्रकरण दर्ज किए जाते है एवं प्रकरण में वसूली राशि का 1.5 प्रतिशत ऋणी से वसूल कर जिला स्तर पर स्थित कृषि खाता, जिसके संचालक जिला के कलेक्टर एवं जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होते हैं। कृषि में जमा 1.5 प्रतिशत राशि में से 1 प्रतिशत राशि वसूली में सहयोग करने वाले तहसीलदार को प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। तहसील गोपद बनास की तहसीलदार जान्हवी शुक्ला द्वारा कृषि योजना में 11 लाख 64 हजार 234 रूपये वसूली करने पर इनका 1 प्रतिशत 11 हजार 642 रूपये प्रोत्साहन राशि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में कमल मकाश्रे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी के द्वारा चेक प्रदान किया गया।



# टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी ने दुबई में लगाई मसालों व उत्पादों की प्रदर्शनी

## 126 देशों की हजारों कंपनियों ने लगाई अपने उत्पादों की प्रदर्शनी

दीपक तोमर दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
खरगोन जिला ब्योरो चीफ

**खरगोन।** सवेरा हमें सिखाता है कि खुद को सीमाओं में सीमित करके न रखें अत: सफलता के लिए सीमाओं से परे जाकर मेहनत करना बहुत जरूरी होता है। उसी सफलता को पाने के सफर में टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ने वर्ष 2021 में खरगोन जिले से वर्ष 2025 में दुबई और पेरिस तक अपनी सीमाएं बढ़ा दी है। 17 से 21 फरवरी 2025 में पूरे विश्व की सबसे विशाल खाद्य पदार्थ प्रदर्शनी (तह्यद्मस्न्रश्नश्स्र श्व×श्चश्) दुबई में आयोजित हुई। जिसमें 126 देशों की हजारों कंपनियों ने अपने-अपने खाद्य उत्पादों को पूरे विश्व से आए आगंतुकों के समक्ष प्रदर्शित किये। इसी श्रंखला में टेराग्लैब फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के अधिकारी श्री अभिषेक पाटीदार एवं राजेश पटेल ने अपने निमाड़ के, अपने देश के मसाले एवं अन्य उत्पाद दुबई प्रदर्शनी में सारे विश्व के सामने प्रदर्शित करके निमाड़ का नाम और देश की शान को बढ़ाया है। टेराग्लैब कंपनी के स्टॉल पर केंद्रीय मंत्री खाद्य प्रसंस्करण श्रीम चिराग पासवान ने विजिट किया। उन्हें देख कर बड़ी प्रसन्नता हुई कि खरगोन जिले की किसानों की एक कंपनी इस विश्वस्तरीय आयोजन में हिस्सा ले रही है। उन्होंने इस बात की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं को इसी तरह राष्ट्र का नाम सम्पूर्ण विश्व में रोशन करना है, जिससे देश की प्रगति सुनिश्चित होगी एवं जनजीवन के बीच खुशहाली आएगी। मंत्री श्री पासवान ने कहा कि संपूर्ण कार्य को सुनने एवं समझने के पश्चात आगे बढ़ने और किसानों के लिए बहुत अच्छा कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सरकार जिस दिशा में प्रगति एवं



विकास की कोशिश कर रही है उसमें टेराग्लैब सही पथ पर कार्यरत है। टेराग्लैब के स्टॉल पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कई प्रतिनिधियों ने विजिट किया। उन प्रतिनिधियों से अवशेष मुक्त चिली के बारे में बातचीत की तो उनमें अधिकांश राष्ट्र जैसे फ्रांस, इटली, स्पेन, जापान, अमेरिका इत्यादि देश के प्रतिनिधि ने अवशेष मुक्त उत्पाद बनाने की सलाह दी और आश्वासन दिया कि यदि एक किसानों की कंपनी अगर अवशेष मुक्त खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद बनाए तो कृषि से उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त होगी। साथ ही साथ मानव जीवन के स्वास्थ्य को भी सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व के सारे विकसित देश अवशेष मुक्त खाद्य पदार्थों का ही सेवन करते हैं। इसलिए हर प्रकार के अवशेष मुक्त खाद्य पदार्थों की मांग बहुत है। इस प्रदर्शनी का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचे उसके लिए टेराग्लेब ने निमाडफ्रेश एफपीओ के डायरेक्टर श्री बालकृष्ण पाटीदार एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरिओम भूरे को भी इस प्रदर्शनी में विजिट करवाया गया। इसके साथ ही साथ उनकी कंपनी के द्वारा बनाए गए उत्पादों को भी स्टॉल पर प्रदर्शित किया। इस विश्वस्तरीय आयोजन से पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों के बाजार की संपूर्ण जानकारी हासिल हुई है। इस जानकारी में सबसे अहम है काबुली चने की मांग। इसकी जरूरत एवं मांग सारे विश्व में है और हम निमाड़ के किसानों के लिए बहुत अच्छा है कि वर्तमान में यहां काबुली चना बहुतायत क्षेत्र में उगाया जा रहा है और इसकी मांग पूरी दुनिया में है। जिसे किसान मिलकर निर्यात करके नजदीकी भविष्य में हमारे निमाड़ के किसानों के लिए काबुली चने की फसल को और अधिक फायदेमंद बना सकते है।

# महाकुंभ से नफरत करने वालों सुनों... औरंगजेब भी गंगाजल ही पीता था नरेश धाकड़

श्योपुर, ये महाकुंभ दुनिया के इतिहास में लिखा जाएगा क्योंकि इस बार 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान किया है । महाशिवरात्रि के साथ ही ये महाकुंभ विदा हो गया और बहुत सारे रिकॉर्ड तोड़ गया । यूपी विधानसभा के बजट सत्र में योगी आदित्यनाथ ने आंकड़ा बताया है कि 52 दिन में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन 16 करोड़ लोगों ने किए हैं जबकि हर साल मक्का सिर्फ 1 करोड़ 40 लोग आते हैं और वेटिकन सिटी जाने वालों की संख्या सालाना सिर्फ 80 लाख ही है। ये सारे आंकड़े जिहादियों और कम्युनिस्टों के घावों पर नमक की तरह ही हैं और ये जानकर उनको और दर्द होगा कि औरंगजेब समेत तमाम मुस्लिम बादशाह और सुल्तान ये बात जानते थे कि गंगा जल पवित्र है इसलिए वो गंगा जल पिया करते थे । पहली बार ये बात जानकर



किसी को भी आश्चर्य हो सकता है लेकिन ऐतिहासिक पुस्तकों और प्रमाणों में ये सारी बातें विस्तार से दर्ज है । यहा हमला करने वाले मुस्लिमों ने गंगा में हिंदुओं की आस्था की जांच की थी और गंगा जल और सामान्य जल को स्टोर करके देखा था जिसके बाद उनको पता चला कि गंगा जल कभी खराब नहीं होता है । इसके बाद ये मुगलिया बादशाह गंगाजल को मिनरल वाटर की तरह ही मानने लगे थे । पेशवा बाजीराव भी अपने लिए गंगा जल काशी से कांवड़ में मंगवाते थे। साल 1325 से 1354 तक मोरक्को के यात्री इब्नेबतूता ने एशियाई यात्रा का विवरण करते हुए लिखा था- सुल्तान मुहम्मद तुगलक के लिए गंगाजल नियमित रूप से दौलताबाद पहुंचाया जाता था। अबुल फजल ने आइने अकबरी में बादशाह अकबर के गंगा जल पीने के बारे में लिखा है- विश्वासपात्र कर्मचारी घड़ों में गंगाजल भरकर राजकीय मुहर लगाते थे। इसके बाद अकबर के लिए उन्हें भेज देते थे। अकबर घर और सफर में केवल गंगाजल ही पीता था । उनके आगरा या फतेहपुर सीकरी मे रहने पर सोरों से गंगाजल आता था । वहीं,पंजाब में रहने के दौरान अकबर हरिद्वार से गंगा जल मंगवाते था। भोजन तैयार करते समय भी उसमें गंगाजल मिला दिया जाता था। फ्रांसीसी इतिहासकार बर्नियर ने यात्रा वृत्तांत में लिखा है- औरंगजेब सफर में गंगाजल रखता था। सुबह के नाश्ते में भी इसी का इस्तेमाल करता । यही नहीं हिंदुओं के विवाह समारोह में भोजन के बाद अतिथियों को गंगाजल पिलाया जाता था। दूर से गंगाजल मंगाने में काफी खर्च आता था। उस वक्त तीन से चार हजार रुपए खर्च हो जाते थे। रुड़की निवासी शिक्षाविद् डॉ. सम्राट सुधा ने गंगाजल के इतिहास पर गहन अध्ययन किया है। उन्होंने बताया कि गंगाजल को मुसलमान शासक सर्वश्रेष्ठ जल मानते थे और उनके लिए ये आज के मिनरल वाटर से कम नहीं था। डॉ. सम्राट ने बताया कि साल 1934 में प्रकाशित मराठी किताब %पेशवाइच्या सावलींत% में लिखा गया है कि पेशवाओं के लिए काशी से पूना गंगाजल ले जाने पर प्रति बहंगी या कावड़ी दो रुपए खर्च होते हैं। वहीं, पूना से श्रीरामेश्वरम ले जाने में चार रुपए खर्च होते थे। इसलिए कम्युनिस्टों और जिहादियों ध्यान से सुनों... हिंदुओं के पास मां गंगा है और महाकुंभ है।

# विधायक ने 4.80 लाख रु की लागत वाले स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाई

## विधायक ने कहा कि ग्रामवासियों के मंशानुरूप विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जा रही



आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सनावद।** ग्रामों में भी स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कचरा संग्रहण वाहनों का संचालन शुरू किया जा रहा है। बड़े शहरों और नगरों के साथ-साथ अब ग्रामों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ये बातें विधायक सचिन बिरला ने गुरुवार को समीपवर्ती ग्राम खुड़गांव में स्वच्छता वाहन के लोकार्पण समारोह में कहीं। विधायक ने 4.80 लाख रु की लागत वाले स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाई। विधायक ने कहा कि ग्रामवासियों के मंशानुरूप विकास कार्यों की योजनाएं बनाई जा रही हैं और योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विधायक ने बताया कि ग्राम बड़ूद में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु गणगौर घाट पर 1.5 लाख रु की लागत से 2 सोलर लेंप स्थापित किए जाएंगे और लगभग 8 लाख रु की लागत से रामघाट का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम डालची में ग्रामवासियों की मांग पर 6 किमी लंबी कानापुर-डालची-सेल्दा सड़क,4 किमी लंबी ग्रीड फाल्या कानापुर से इंद्रासनी माता मंदिर तक सड़क एवं 4 किमी लंबी डालची से भोपाड़ा तक सड़क निर्माण का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा और ग्राम डालची में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना का क्रियान्वयन भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।इस दौरान रमेश सरपंच, ईदु उप सरपंच, दिलीप मौर्य,दिलीप बिरला, भांगड़ा सिंह डावर,कैलाश डावर, रायसिंह डावर,बरला सिंह, राजाराम सिंह,रूप सिंह,विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# धामोनी दरगाह परिसर में सागर के युवकों ने शराब पीकर उत्पात मचाया

**सागर।** बंडा विधानसभा की धामोनी दरगाह परिसर में शराब पीकर उत्पात मचा रहे युवकों को रोकना वहां पदस्थ चौकीदार को महंगा पड़ गया। सागर के तीन युवकों ने चौकीदार को गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट भी कर दी। उसके बाद वहां पदस्थ एमटीएस कर्मी वहां पहुंचा तो उसको भी गाली गलौज करते हुए चांटा मार दिया जिनके खिलाफ थाना बहरोल में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस के अनुसार धामोनी मजार में एमटीएस के पद पर पदस्थ एक अधिकारी ने थाने आकर रिपोर्ट लिख कराई कि 17 फरवरी की रात को उन्हें धामोनी में रहने वाले रामा वर्मा ने फोन करके बताया कि कुछ लोग स्कार्पियो गाडी से आकर धामोनी मजार के पास शराब पीकर



## बहरोल थाने में एफआईआर दर्ज

उत्पात मचा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि जब उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपियों का नाम पता पूछा, तो उन्हें पता चला कि सागर के शुक्रवारी टौरी निवासी नौसाद अब्बासी, बाबू खान एवं अरसद खान हैं। उक्त करनी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि जब उन्होंने आरोपियों को गाली देने से मना किया, तो उन्हें भी गाली गलौज दी गई और नौशाद अब्बासी ने रामा वर्मा को लात मारी, जबकि बाबू खान ने अधिकारी को चांटा मार दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ 296, 115(2), 351(2) 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बताया जाता है कि धामोनी प्रबंध कमेटी अध्यक्ष के पुत्र के तीनों युवक दोस्त हैं जो धामोनी में आते रहते हैं।

# भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम बीकलपुर में श्रीमद भागवत कथा का वाचन करते हुए कहा की जब जब धर्म की हानी होती है भगवान धरती पर अवतार लेते है। और भगवान अपनी लीला करते है। हर जीव में भगवान है जब तो ये शरीर चल रहा है। वेवाचार्य ने कहा जो व्यक्ति शास्त्र विमुख होता है। वह कभी मोक्ष की प्राप्ति नही कर पाता, इंद्रियों वो जो मानव वश में न रखने बाला मनुष्य वेद सम्मत कर्मो का आचरण नही करता वह विकर्म रूपी अधर्म के कारण मृत्यु के बाद पुन: मृत्यु को प्राप्त होता है। अर्थात जन्म मरण से मुक्त नही होता है। वेदाचार्य महाराज ने कहा की गौ वंश की सुरक्षा करे गौ वंश को अपने घर पनाह दे। आज



भारत में गौ वंश की क्या स्थिति है। इस का जिम्मेदार सिर्फ मानव है। सनातन संस्कृति में गौ वंश को माता का अधिकार दिया गया है पर आज गौवंश दर दर भटक रहा है। जब माता का दर्जा है तो मां की सेवा करो, मानव के सभी धर्म पुण्य और जन्म लेना बेकार है जो गोवंश की सेवा नही करता है। आज गाय माता भूखी प्यासी भटक रही है। यदि गाय नही रही दे इस राष्ट्र का कल्याण कैसे होगा, मानव का कल्याण कैसे होगा। मनुष्य अपने आलस छुपाने के कारण गौ वंश को छोड़ रहा है। याद रखो गौ वंश का पाप जितना पुरुष को लगेगा उतना ही महिलाओं को भी। इसलिए गो वंश की सेवा करो ये गोवंश भगवान राम की गाय है। इसलिए इनकी सेवा करे सही सनातनी और हिंदू वही है जो गाय माता की सेवा करें। गाय को घर में रखे गाय माता के दर्शन मात्र से मनुष्य के लाखो प्रकार की बीमारियां भाग जाती है। मनुष्य को स्वास्थ्य रहना है अपना कल्याण करना है तो गौ माता को अपने घर रखे और सेवा करें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नीलमणि शाह, सरपंच पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल, महेंद्र पटेल वर्धा ने कथा श्रवण कर वेदाचार्य महाराज को साल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र वासियों ने कथा में पहुंचकर व्यास पीठ की पूजन की साथी वंदन अभिनंदन किया।

# सडक पर गुहार लगाते पहुंचे सड़क समस्या को लेकर

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

**रायसेन।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हुई जनसुनवाई में ग्रामीण और महिलाओं अजीब तरीके से प्रदर्शन करते हुए जनसुनवाई में पहुंचे। तो जिला प्रशासन हरकत में आ गया। जिले की तहसील सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत चंपानेर भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में सालों से महिलाओं के पीएम आवास योजना में उनके परिवार के नाम है।लेकिन सरपंच सचिव मनमानी कर रहे हैं।कुछ परिवारों के नाम आवास सूची से काट दिए गए हैं।जनसुनवाई बैठक में जब कलेक्टर रायसेन गैर हाजिर मिले।तब चंपानेर गांव की महिलाएं बिफर पड़ीं।वह कलेक्टर मुर्दाबाद.... कलेक्टर साहब हाय-हाय के नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के चेंबर तक जा पहुंची।लगभग 30 महिलाओं ने गुस्सा जाहिर करते हुए बताया कि एक गांव की गरीब बेटी के माँ बाप का देहांत हो चुका है।उसे भी पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी आवास योजना का फायदा नहीं मिला है।चंपानेर गांव की वह गरीब बेटी कच्चे पानी वाली झुग्गी में दिन काट रही हैं।महिलाएं एक सुर में बोलीं हम जब भी अर्जी देने और जायज समस्या की गुहार लगाने कलेक्ट्रेट परिसर आते हैं तो अक्सर कलेक्टर साहब कुर्सी से गायब रहते हैं।सुनीता धनदेवी सुशीला,सोना अहिरवार ने बताया कि गांव के 58 लोगों के नाम पीएम आवास योजना में काट दिए गए हैं।वह 5-6बार एडीएम श्वेता पवार को अर्जियां दे चुके हैं।लेकिन हमारी आवास की समस्या जस की तस बनीं हुई है।

**राजनवाड़ी में सडक न होने के कारण सैकडों ग्रामीण परेशान है :-**

जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत धनिया खेड़ी के पिपलई के नजदीक राजनवाड़ी गांव के किसान सड़क नहीं बनने से परेशान हैं। ग्रामीणों मुबारिक खान धन सिंह द्वारा बताया गया कि पिछले 2 साल से 3 से 4 किलोमीटर दूरी की बम्होरी से राजनवाड़ी तक सडक बनाने की मांग कर रहे है।, हर बार उन्हें कोरा आश्वासन ही मिलता है।पुलिया भी क्षतिग्रस्त पड़ी है।जिससे डिलेवरी के दौरान बारिश में प्रसूताओं को चारपाई के सहारे सागर रोड़ तक लाना पड़ता है। अधिकारी बजट की कमी बता कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।इस स्थिति को लेकर जब ग्रामीण परेशान हो चुके है।केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी को भी आवेदन देकर सड़क की ज्वलंत समस्या से अवगत करवा चुके हैं। ऐसी स्थिति को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचने के लिए ग्रामीणों ने अनौखा तरीका अपनाया। कलेक्ट्रेट गेट से ही ग्रामीणों ने रैली शुरू कर दी।यह देखकर लोग हैरत में पड गए। जनसुनवाई कक्ष में बैठी एडीएम श्वेता पवार बाहर दौडकर आई और ग्रामीणों को उठाकर समस्याएं सुनी और जल्द ही सडक बनाने का आश्वासन दिया।

**कच्चे मार्ग से सैकडों ग्रामीण परेशान :-**

ग्रामीणों का कहना है कि कच्ची सड़क पर धूल उड़ने से हमें काफी परेशानी आती है। बारिश में कीचड़ हो जाता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती है। इस कच्चे मार्ग पर डामरीकृत सड़क पूर्व में स्वीकृत है। लेकिन वन विभाग और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते भूमि पूजन होने के बावजूद 2 -3 साल बीत जाने के बाद भी आज तक इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।फिलहाल यह सड़क वेयरहाउस बम्होरी सागर मार्ग को जोड़ती है। अगर यह सड़क बन जाती है तो इन सभी ग्राम वासियों को रायसेन आने जाने वालों के लिए भी काफी सुविधा होगी।

# घोंसला महिदपुर मार्ग पर पड़े मिट्टी पत्थर के ढेर से वाहन चालकों का निकलना हुआ मुश्किल

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

**खेड़ाखजुरिया।** घोंसला महिदपुर मार्ग पर चले रहे पटरी निर्माण कार्य के चलते सड़क के ऊपर मिट्टी और पत्थर के ढेर बिना किसी निर्माण कार्य की सूचना व सावधानी के डाल दिए गए हैं ।जिसके कारण मार्ग पर वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो रहा है । रात के अंधेरे में कई वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बच रहे हैं । सोमवार को मोटरसाइकिल चालक संतुलन बिगड़ने से मिट्टी पत्थर ढेर से सड़क पर गिरकर घायल हो गया । जानकारी के अनुसार गोवर्धन पिता नगुलाल मोटरसाइकल से जा रहा था, तभी मार्ग पर पड़े मिट्टी पत्थर ढेर के कारण गिर गया ।गिरने से सिर में गंभीर चोट आई है , घायल अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। अगर जल्दी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी गंभीर बड़ा हादसा हो सकता है । उक्त मामले पर उपसरपंच वीरेंद्रसिंह झाला, शेरसिंह, देव सिंह,वीरसिंह पवार, राहुल पांचाल आदि ने संबंधित अधिकारियों से इस ध्यान देकर समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की है ।

# दिव्यांशी नामदेव व गर्व पटेल ने दी 10 वी बोर्ड की परीक्षा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
आशीष शर्मा

**सनावद।** आज 27 फरवरी से कक्षा 10 की परीक्षाएं हिंदी विषय के पहले पेपर से प्रारंभ हुई। नगर की हिंदी मीडियम स्कूल विमला कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल सनावद की लापरवाही से नगर के 2 बच्चों दिव्यांशी नामदेव एवं गर्व पटेल के मुख्य परीक्षा के फार्म नहीं भरे गये थे स्कूल के लापरवाही के चलते दोनों बच्चों के भविष्य की चिंता बन आई थी दोनो बच्चों के पालको ने खरगोन कलेक्टर महोदया को अपनी गुहार लगाई थी जिसे कलेक्टर महोदया इस विषय पर विशेष संज्ञान में लेकर दोनों बच्चों को विशेष अनुमति देकर माध्यमिक शिक्षा मंडल के मुख्य सचिव महोदय के नाम लेटर जारी किया गया था लेकिन पोर्टल बंद होने से फार्म नहीं भरे जा सके थे जिस कारण से पालकों ने हाई कोर्ट की शरण ली जिससे विशेष सत्र में त्वरित कार्रवाई कर कोर्ट के आदेश



पर दोनों बच्चों के प्रवेश पत्र जारी किए गए जिस से दोनों बच्चों के चेहरे खिल गए एवं आज खरगोन में देवी अहिल्या बाई उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 पर आज हिंदी विषय का पर्चा देकर परीक्षा संपन्न हुई ।इस मौके पर दोनो बच्चो ने समय पर प्रवेश पत्र दिलाने में उनके पालको को सहयोग और मार्गदर्शन देने वाले माननीय न्यायाधीश हाईकोर्ट तथा प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया सहित ईष्ट मित्रों का आभार व्यक्त किया।

# दमोह के अजब धाम पहुंचे मुख्यमंत्री, बोले- युवाओं को रोजगार दिलाने अभियान चला रही एमपी सरकार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**

**दमोह/बटियागढ़।** दमोह जिले के बटियागढ़ ब्लॉक के फतेहपुर नया नाम (अजब धाम) में बुधवार शाम मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जै जै सरकार के 93वें वार्षिक उत्सव और धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। उनके आगमन पर भव्य स्वागत किया गया और उन्होंने अजब धाम के महंत छोटे सरकार से भेंट की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया और जनसभा को संबोधित किया।

**युवाओं को रोजगार और विकास की पहल :-**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार दिलाने, किसानों, महिलाओं और गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार अभियान चला रही है। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प है कि मध्यप्रदेश के हर युवा को उनकी योग्यता के अनुसार काम मिले और इसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

**सीतानगर डैम में नौकायन और पथरिया में बाईपास निर्माण की घोषणा :-**

मुख्यमंत्री ने मढकोलेश्वर के पास सीतानगर डैम में नौकायन की शुरुआत करने की घोषणा की, जो क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल की मांग पर पथरिया में 51 करोड़ रुपये की लागत से पांच किलोमीटर लंबा बाईपास बनाने की भी मंजूरी दी गई।

**नदी जोड़ो अभियान और जल संकट का समाधान :-**



मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए नदी जोड़ो अभियान से क्षेत्र के लोगों का जीवन बदलने वाला है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अब जल संकट समाप्त होगा और उन्हें अपनी जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी धरोहर को बचाकर रखें और भविष्य की पीढ़ी को शिक्षित करें।

**उद्योग और गोपालन को बढ़ावा :-**

डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की समृद्धि में इजाफा होगा। साथ ही, उन्होंने राज्य में गोपालन को प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने बताया कि पहले अनाज पर सब्सिडी और बोनस दिया जाता था, लेकिन अब दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दूध पर भी बोनस दिया जाएगा। उन्होंने लोगों को अपने घर में गाय पालने का आह्वान किया।

**धार्मिक आयोजन और महायज्ञ :-**

अजब धाम में जै जै सरकार का 93वां वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें 27 कुंडीय महायज्ञ, रामचरितमानस पाठ और भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 20 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। आयोजन में वृंदावन के प्रमुख संत भी शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के संबोधन और विकास की घोषणाओं से अजब धाम में उपस्थित श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। आयोजन में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए थे।

# शिवजी को जब संहार करना होगा, तो जैसे अलार्म बजता है, ऐसे वो डमरू बजाएंगे : बाबा उमाकान्त जी महाराज

## शिवजी दाता दयाल हैं और वहीं संहारकर्ता हैं, उनके नियम का पालन करो

उज्जैन म प्र परम पूज्य परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 26 फरवरी, 2025 को सतसंग के माध्यम से बताया कि शंकर जी, शिव जी जिनको कहते हो, वो दाता दयाल हैं, और वही संहारकर्ता हैं। जब ये खुश रहेंगे, तब आपको देंगे। जब पवन देवता, पृथ्वी देवता, आकाश देवता, जल देवता, ये सब खुश रहेंगे, तो ये आपको धन-धान्य से पूर्ण कर देंगे। और यही नाराज़ जब होंगे, तो तरह-तरह की तकलीफें लाएंगे, अब वो चाहे धरती हिले, चाहे भूकंप आवे, चाहे तूफान आवे और चाहे बाढ़ आवे। इसलिए इनका जो नियम है, उसका सबको पालन करने की जरूरत है।



**शिवजी के डमरू की आवाज कैसी होगी? :-**


शिवजी को जब संहार करना होगा, तो जैसे अलार्म बजता है, ऐसे वो डमरू बजाएंगे, और वो सबको सुनाई पड़ेगा। अब वह डमरू किस तरह का होगा? डमरू इसी तरह बजेगा कि तेज आवाजें होंगी और चिंगारियां निकलेंगी। जहां वो चिंगारियां गिरेंगी, वहीं चाहे गाँव हो, चाहे आदमी हो, चाहे जानवर हो, चाहे धरती हो या खेत-खलिहान हो, वो आपको नष्ट हुआ दिखाई पड़ेगा। आवाज होगी, धरती हिलेगी, और उसमें बहुत जाएंगे। जो ये लड़ाई करने के लिए, मरने-मिटने के लिए तैयार हैं, यदि चंडी उनके सिर पर सवार हो गई और बुद्धि भ्रष्ट कर दी, तो वे परमाणु बम (एटम बम), तोपें और क्या-क्या जो बना रखा है, उनकी आवाजें सुनाई पड़ेंगी, तब समझ लेना कि अब विनाश का डमरू बजने लग गया। फिर तांडव होगा।

**शिव तांडव किसको कहते हैं? :-**

शिव तांडव किसको कहते हैं, अभी आप इस चीज़ को नहीं समझते हो। कहते तो हो कि शिव तांडव होगा, लेकिन शिव तांडव में कोई नाच-गाना नहीं होगा। कोई ऐसा मस्ताना बाजा नहीं बजेगा, जैसा लोग बजाते हैं। शिव तांडव जब होगा, तब गुहार मचेगी, जैसे मुसीबत आती है, तो लोग पापा, भैया, दादा पुकारते हैं, उस तरह का शिव तांडव होगा। इसलिए हमेशा होशियार रहने की जरूरत है। चाहे आप सतसंगी हों, चाहे सतसंगियों के रिश्तेदार हों, चाहे आपके पड़ोसी हों, प्रेमियों आप इस बात को बताओ कि जो देवताओं का नियम है, वेद में जो धर्म लिखा हुआ है कि धर्म यह है इसका सभी लोग पालन करो और उस धर्मरूपी वृक्ष के नीचे सब लोग खड़े हो जाओ। उसकी छाया में हो जाओ नहीं तो तपन महसूस होगी। इस बात को आप सब लोग प्रचार-प्रसार करके लोगों को बताते रहो।

# नोहलेश्वर महोत्सव में लखवीर सिंह लक्खा ने बांधा समा, पर्यटन मंत्री के साथ जमकर नाचे दर्शक

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान- पुरषोत्तम साहू**



**दमोह/नोहटा।** दमोह जिले की जबेरा विधानसभा के नोहटा में सात दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह आयोजन 22 फरवरी से शुरू हुआ है और 28 फरवरी तक चलेगा। इस महोत्सव में भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार छाई हुई है। बुधवार की रात, प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपने मधुर भजनों से दर्शकों का मन मोह लिया। उनके गाए देवी गीतों पर श्रोता झूम उठे, खासतौर पर मैया का चोला है रंग लाल भजन ने समां बांध दिया, जिस पर मध्यप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और उनके भाई सत्येंद्र सिंह भी थिरकते नजर आए।

**विराट कवि सम्मेलन में शैलेश लोढ़ा ने बांधा समां :-**

महोत्सव के तहत मंगलवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें लोकप्रिय कवि और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम शैलेश लोढ़ा ने अपने व्यंग्य, हास्य और प्रेरणादायक कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने अंदाज में जीवन के अनमोल पहलुओं को छुआ, उन्होंने अहिंसा के पुजारी हम हैं, लेकिन सुन ले दुनिया, अहिंसक हैं, नपुंसक नहीं हैं।, पहले अभाव में खुशियां थीं, अब खुशियों का अभाव है। सहजता थी, सादगी थी, बंदगी थी; तब जिंदगी थी, फेसबुक-व्हाट्सएप नहीं था। कविताएं सुनाकर समां बांध दिया।

**मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन :-**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस महोत्सव में वर्चुअली शामिल होकर सभी को संबोधित किया। उन्होंने नोहलेश्वर महोत्सव की भव्यता की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर को सहेज रहा है, बल्कि देशभर के कलाकारों को एक मंच पर ला रहा है। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग और मंत्री धर्मेंद्र सिंह को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

**संस्कृति और पर्यटन का संगम :-**

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव में देशभर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। यह महोत्सव सांस्कृतिक धरोहर, भक्ति, संगीत और हास्य से भरपूर कार्यक्रमों का संगम है, जिसने नोहटा को सांस्कृतिक उत्सव का केंद्र बना दिया है। धन्यवाद दिया गया एवं आभार व्यक्त कर किया गया।

# बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था और भोलेश्वर महादेव समिति ऊनि के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर 70 यूनिट के साथ संपन्न

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश पौराणिक**

**बड़ावदा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम ऊनि में बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था और भोलेश्वर महादेव समिति ऊनि द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कई अनजान लोगों को प्राण दान देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए रक्तदान शिविर में अपना अमूल्य रक्त दान करके मानवता की मिसाल पेश की है। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर रक्तदान शिविर का आयोजन करने के लिए संस्थाओं ने काफी समय पहले से तैयारी करना शुरू कर दी थी यह एक नई शुरुआत थी कि महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है और अगर यह कहा जाए कि यह असंभव कार्य था किंतु दोनों रक्तदाता टीमों ने अपनी मेहनत और लगन से इस नई शुरुआत को अंजाम तक पहुंचाया और इतनी अधिक यूनिट के साथ शिविर को संपन्न बनाया। सभी रक्तदाताओं ने अपना अमूल्य रक्त देकर मानव जीवन पर उपकार किया है और समाज में यह संदेश दिया है कि हमारे सामाजिक कार्यों में हमें रक्तदान शिविर का आयोजन अवश्य ही करना चाहिए ताकि सबसे बड़े दान रक्तदान करने वाले लोगों को रक्तदान करने का अवसर मिल सके और किसी अनजान की जान बचा सके रक्त संचय शासकीय जिला चिकित्सालय रतलाम रक्त संचय टीम द्वारा किया गया कई सामाजिक लोगों ने रक्तदान शिविर में अपना सहयोग दिया और शिविर को सफल बनाया शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया भोलेश्वर महादेव समिति ऊनि ओर बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था की और से मंगलेश जी पाटीदार मुंडला कलां द्वारा सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों को




# महाशिवरात्रि पर नर्मेश्वर महादेव की बिखरी छटा

## बाबा के मनोहारी रूप को निहार, भक्त हुए निहाल

**हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान**

**जोबट।** नर्मदेश्वर महादेव मित्र मंडल चारभुजा चौराहा जोबट द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान श्री नर्मदेश्वर महादेव का आकर्षक मनोहारी श्रृंगार किया गया। शिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मेश्वर महादेव के मनोहारी रूप को अपनी टुकटुकी निगाह से निहारते रहे, भोले के दर्शन पाकर भक्त निहाल हो गए वहीं महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर हो उठा। शिवरात्रि के एक दिन पूर्व यहां चारभुजा चौराहा महिला मंडल द्वारा भोले के भजनों की प्रस्तुति दी गई, देर रात्रि तक महिलाएं नाचते गाते भोले की भक्ति में लीन रही। सुबह बाबा का आकर्षक मनोहारी श्रृंगार कर महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। पूरे दिन भोले को निहारने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



# बारह सौ रुपए के साथ चार जुआरी गिरफ्तार

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो - कौशाम्बी**

कौशाम्बी।करारी पुलिस ने बुधवार की देर शाम चार जुवाडी को बारह सौ रुपए के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने सभी पर सार्वजनिक जुवां अधिनियम के तहत केस दर्ज कर निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है। बुधवार को उप निरीक्षक राजेश सिंह आरक्षी बृजेश कुमार,रितेश कुमार व धर्मेंद्र कुमार गश्त पर थे।इस दौरान मुखबिर ने करारी पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि करारी कस्बे के इंद्रा नगर मोहल्ला स्थित छिबला बाग में कुछ लोग जुवां खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने छिबला बाग में घेराबंदी करके मौके से चार जुवाडी को तांस के 52 पत्ते और बारह सौ रुपए के साथ दबोच लिया है।पकड़े गए युवकों ने अपना नाम दिलीप पुत्र पितई,जितेंद्र यादव पुत्र रामचंद्र यादव,मोहम्मद वैश अंसारी पुत्र अफसर अहमद निवासी इंद्रा नगर व शोएब पुत्र फ़याज निवासी किंग नगर बताया।करारी पुलिस ने सभी पर सार्वजनिक जुवां अधिनियम के तहत केस दर्ज कर निजी मुचलके पर जमानत दे दिया है।

## कक्षा 10 वीं की परीक्षा में कुल 16736 दर्ज परीक्षार्थी में से 16446 परीक्षार्थी रहे उपस्थित

**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



दमोह - हाई स्कूल परीक्षा कक्षा 10 वीं के अंतर्गत आज कुल 16736 दर्ज परीक्षार्थी में से 16446 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कुल 290 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। आज जिले में कहीं पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

## अंचल में इस वर्ष लहसुन से ज्यादा मसूर खेती में किसानों ने दिखाई रुचि

**केसरी हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

**खेड़ाखजुरिय।** ग्रामीण अंचल में इस वर्ष किसानों ने लहसुन फसल की बजाय मसूर की फसल में ज्यादा रुचि दिखाई है। जिसका प्रमुख कारण लहसुन के भाव सर्वाधिक थे, जिसके चलते कई किसान लहसुन फसल लगाने में असमर्थ थे, वहीं मसूर की फसल में खर्च कम और उत्पादन ज्यादा होता है। इसमें पानी भी कम मात्रा मे लगता है। किसान राधेश्याम पांचाल, तेजूलाल सूर्यवंशी, लालाराम परिहार, मदनलाल सोनगरा, सोमेश्वर शर्मा, प्रकाश परिहार आदि ने बताया कि इस वर्ष मसूर की फसल लगाई है, इन दिनों फसल पककर तैयार हो गई है और कटाई कार्य भी शुरू कर दिया गया है। मसूर की फसल कम लागत वाली फसल है। इसका उत्पादन अधिक होता है और दाम भी अच्छे मिल जाते हैं। वर्तमान में किसान मसूर की फसल समेटने में व्यस्त है ।

# सोनवारी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, एमपीएफसी के द्वारा किया जा रहा आयोजन

मैहर में विगत दिनों से क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा आयोजन, एमपीएफसी क्रिकेट टूर्नामेंट टूर्नामेंट का हो रहा आयोजन आस पास के गांव के 28 टीमों का हो चुका है मैच लगातार किया जा रहा टूर्नामेंट का आयोजन , स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को मौका देने और खेल के प्रति हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा टूर्नामेंट का आयोजन विजेता टीम को 31000 और उप विजेता को 21000 का रखा गया इनाम, आज क्याटर फाइनल में पहला मैच डेल्हा मोड और इचौल के बीच खेला गया जिसमें डेल्हा मोड ने 28 रनों में ही इचौल को आल आउट कर दिया और जीत अपने नाम कर ली और दूसरा मैच मड़ई और सरलानगर के बीच खेला गया जिसमें मड़ई ने जीत हासिल की है कार्यक्रम में उमाकांत उपाध्याय ( मंटू), शैलेन्द्र ओझा , रामभजन साकेत ( सरपंच मड़ई) , ऋषिराज सिंह , महेंद्र त्रिपाठी, सागर गर्ग, राजकुमार उपाध्याय, संतोष रावत, आशीष सिंह, अनुज सेन, शुभम मिश्रा, राकेश पाल, आशीष दहिया, दिवस सिंह सहित आसपास के तमाम लोग मौजूद रहे



# प्रदूषण प्रमाण पत्र के नाम पर फर्जीवाड़ा: बिना जांच ही जारी हो रहे क्क्ष्ट सर्टिफिकेट

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मुस्तफा अली**

सुसनेर क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एक गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। आरटीओ ऑफिस से करीब 20 किलोमीटर दूर पगारिया टोल प्लाजा के पास फर्जी तरीके से प्रदूषण सर्टिफिकेट (क्क्ष्ट) जारी किए जाने का मामला सामने आया है। नियमों को दरकिनार कर बिना किसी मशीन जांच के वाहनों को प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे न केवल नियमों का उल्लंघन हो रहा है बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो सकता है।




**कैसे हो रहा है फर्जीवाड़ा?-**


जांच में सामने आया कि वाहन (एमपी 43 एल 0516) के जरिए प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। सामान्य तौर पर, क्क्ष्ट सर्टिफिकेट जारी करने के लिए वाहनों की जांच विशेष मशीनों से की जानी चाहिए, जिससे धुएं के मानकों को परखा जाता है। लेकिन इस मामले में बिना किसी तकनीकी परीक्षण के ही प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

# शिवालयों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का लगा रहा तांता

## अनादि कल्पेश्वर महादेव पर हुआ भव्य आयोजन, नगर भ्रमण पर निकले आलोट के राजा

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

**आलोट-** नगर और क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व हर्षो उल्लास के साथ मनाया जा रहा है शिवालयों में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है तो वही भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रंगार भक्तों का मन मोह रहा है क्षेत्र के सबसे बड़े मंदिर अनादि कल्पेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए आई हुई है मंदिर पर सुबह 6ः00 बजे से ही भक्तों का ताता लगना शुरू हो गया भगवान अनादि कल्पेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया गया पूजन आरती के बाद मंदिर जीर्णोद्धार समिति के द्वारा भक्तों के लिए मंदिर परिसर में फरियाली खिचड़ी मिठाई आदि का वितरण किया जा रहा है। क्षेत्र की आस्था का केंद्र होने के चलते






कल्पेश्वर महादेव मंदिर पर दूर-दूर से भक्त बाबा के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं कल्पेश्वर महादेव मंदिर कनक पर्वत की तलहटी में बसा हुआ बहुत सुंदर और प्राकृतिक चट्टन से भरपूर मंदिर है यहां पर स्वयंभू लिंग की स्थापना राजा नल और दमयंती के द्वारा की गई थी इस मंदिर का विवरण शिव महापुराण में भी वर्णित है। शिवरात्रि महाप्रभु पर सुबह से लगाकर अगली सुबह तक आयोजन कहां पर होते हैं 24 घंटे के इस आयोजन को लेकर प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था देखी गई। वही शिवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर अनादि कल्पेश्वर महादेव की सवारी मंदिर प्रांगण से शाम 5ः00 बजे पूजन अर्चन करने के बाद बाबा को आकर्षक पालकी में विराजित किया गया एवं प्रशासन की ओर से गोड ऑफ आनार देकर उन्हें नगर भ्रमण के लिए विदा किया गया इसके पूर्व बाबा का आकर्षक श्रंगार किया गया एवं आरती पूजन की गई आरती में जिलाधीश राजेश बाथम एवं पुलिस कप्तान अमित सिंह मौजूद रहै दोनों ने ही भगवान अनादि कल्पेश्वर महादेव की पूजन अर्चन की एवं पूरे क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना करी सवारी नगर भ्रमण पर जब निकली तो नगर वासियों ने पलक पावडे बिछाकर उनका भव्य स्वागत किया जगह-जगह पर बाबा की सवारी का भव्य स्वागत किया गया एवं भक्तों को स्वल्पाहार वितरण किया गया सवारी के साथ ढोल बैंड ओम भृम भक्त मंडल सहित कई आकर्षक के केंद्र रहे पूरा नगर भ्रमण करती हुई सवारी पुन रात्रि 12ः00 बजे अनादि कल्पेश्वर मंदिर प्रांगण पर पहुंची जहां पर सवारी की पूजन अर्चन की गई एवं महाप्रसाद का वितरण किया गया शिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र नहीं वही शाम 7ः00 बजे मंदिर प्रांगण पर बाबा का आकर्षक श्रंगार किया गया एवं महा आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में मंदिर प्रांगण पर भक्त मौजूद रहे।

# मृगन्नाथ धाम में भव्य यज्ञ एवं भागवत कथा

शैलेन्द्र चौहान दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान

**बाड़ी,** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाड़ी से 6 किलो दूर दक्षिण में स्थित निम्माकृ आश्रम कांशिया पाटनी मृगनाथ धाम (बाड़ी) में श्रीमद्भागवत कथा एवं यज्ञ जारी है। श्री श्री 1008 महंत श्री हरिदास जी महाराज आशिर्वाद से यज्ञ चल रहा है जिसमें यज्ञाचार्य पंडित प्रदीप दुबे जी मालझिर एवं ब्रह्मा सीताराम उपाध्याय हैं । कथा वाचक श्री श्याम भैया वृंदावन भागवत रस की गंगा बहा रहे हैं वहीं श्री श्याम भैया एवं यज्ञाचार्य पंडित प्रदीप दुबे मालझिर बालों ने पत्रकारों का सम्मान कर आशिर्वाद दिया। विंध्याचल पर्वत श्रृंखला की पावन वादियों में स्थित निम्मार्क आश्रम मृगनाथ धाम सिद्ध साधु संतों की तपोभूमि रहा है। यह अनेक रहस्य रोमांचक पर्यटन स्थानों से भरा पड़ा है। इसी के



पत्रकारों का किया सम्मान दिया आशिर्वाद

नजदीक है रहस्यमयी मृगनाथ गुफा,आदि मानव काल से यह गुफा रहस्य और रोमांच से भरी पड़ी है यह गुफा कई किलोमीटर तक जमीन के अंदर तक है । इस गुफा का अंतिम छोर आज तक किसी को नहीं मिला है। कांसिया पाटनी मृगनाथ धाम के संत शिरोमणि महंत श्री हरिदास जी महाराज ने बताया की यह गुफा पुरातन काल से योगियों, ऋषि, मुनियों की साधना स्थली रही है।

# पर्यटन से राज्य को अनुमानित 2,750 करोड़ राजस्व की उम्मीद : पाटिल

### बेंगलूरु में चल रहा कर्नाटक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो..

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

**हुब्बल्ली।** विधि, न्याय, मानवाधिकार, संसदीय कार्य, विधान एवं पर्यटन मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि राज्य के अद्भुत पर्यटन स्थलों को दुनिया से परिचित कराने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग और कर्नाटक पर्यटन सोसायटी की ओर से 26 से 28 फरवरी तक बेंगलूरु में कर्नाटक अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या इस एक्सपो का उद्घाटन किया।

शहर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से पाटिल ने कहा कि 27 और 28 फरवरी को दो दिन तक व्यावसायिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हमारे राज्य में अनगिनत पर्यटन स्थल और स्मारक हैं। यहां 25,000 से अधिक असुरक्षित स्मारक हैं, जिनमें से 800 से अधिक को संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य पर्यटन के व्यापक विकास को समर्थन देना है और इस संबंध में यह एक्सपो एक बहुत ही महत्वपूर्ण गतिविधि है। देश में केवल कुछ ही राज्य इस प्रकार के बी2बी सम्मेलन आयोजित करते हैं और हमारा राज्य उनमें से एक है। पाटिल के अनुसार केन्द्र सरकार ने हमारी



पहल का समर्थन किया है और केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय इस सम्मेलन में भाग ले रहा है। इसका उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र के सभी हितधारकों को एक छत के नीचे लाना है ताकि क्षेत्र के रुझानों पर चर्चा की जा सके और समाधान ढूंढा जा सके। होटल व्यवसायी, ट्रैवल एजेंसियां, होमस्टे मालिक, कृषि पर्यटन प्रमोटर, टूर गाइड, महिला उद्यमी और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोग इस सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि योग गुरुओं की ओर से योग प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं, शीशम की नक्काशी, संदूर कढ़ाई और बांस जैसी कला गतिविधियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस सम्मेलन के माध्यम से घरेलू और विदेशी पर्यटकों को नियमित रूप से राज्य में आकर्षित करना है तथा इस सम्मेलन में भाग लेने वाले ट्रैवल ऑपरेटरों को हमारे राज्य के प्रचार राजदूत के रूप में अपने-अपने देशों से पर्यटकों को नियमित रूप से हमारे राज्य में भेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। इसके परिणामस्वरूप हमारे राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पाटिल ने कहा कि आगामी वर्षों में अनुमानतः एक करोड़ घरेलू पर्यटकों और एक लाख विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे हमारे राज्य के लिए विदेशी मुद्रा बढ़ेगी और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों के माध्यम से राज्य को राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अगामी 3-4 वर्षों में राज्य को 2,750 करोड़ रुपए का अनुमानित राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। आय के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। कुशल और अर्ध-कुशल युवाओं को अपने-अपने स्थानों पर ही नौकरी मिल जाएगी और वे बड़े शहरों की ओर पलायन से बचेंगे। विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ पर्यटन भी बढ़ेगा। संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मंत्री एएम हिंडसगेरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र सिंघी, सदानंद डंगनवर भी मौजूद थे।

# चिचोली के छोटा मड़देव में महाशिवरात्रि पर भक्ति की बयार, 1 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

## विशाल रामसस्ता लंगड़ी भजन प्रतियोगिता में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उइके ने की शिरकत, सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का किया समापन

केसरिया हिंदुस्तान

**बैतूल।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व बुधवार को जिले में शिव भक्तों ने पूजा-अर्चना कर मनाया। हर हर महादेव के जयकारों से जिले के शिवालय गूंज उठे। इस अवसर पर चिचोली तहसील की ग्राम पंचायत बिघवा के ग्राम दुल्हारा में छोटा मड़देव में महाशिवरात्रि पर्व पर भक्ति की बयार रही। मेला समिति ग्राम दुल्हारा, बिघवा, खैरी, टेकाबन, दुधिया, बीरपुर, देवपुर, कोटमी, सिपलई ने श्री मड़देव बाबा महाशिवरात्रि भव्य मेला का आयोजन किया। इस दौरान विशाल रामसस्ता लंगड़ी भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके उपस्थित थी।



चिरापाटला भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं शिव भक्त राजेंद्र यादव ने बताया कि इस अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भी समापन किया गया। महाशिवरात्रि पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ ही भजन-कीर्तन और विशाल भंडारों का आयोजन हुआ, जिनमें लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उप सरपंच शिव यादव, अमन कुशवाहा, संतोष टेकाम, राजा यादव, संजू आवलेकर, पप्पू यादव, तुलसीराम यादव, श्रीराम यादव, कृष्णा यादव, अश्विन राठौर, बसंत यादव, पंच फूलेसिंग उइके, मल्लू धुर्वे, जयश्री उइके, रामलाल परते शाहिद अन्य उपस्थित थे।

**भोलेनाथ के आशीर्वाद के साथ आयोजित भंडारा:** चिरापाटला भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि भंडारे में भाग लेने के लिए श्रद्धालु सुबह से ही उमड़ने लगे थे। शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की, आरती में भाग लिया और भोलेनाथ से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। विशेष रूप से घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा बाई उइके इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। उन्होंने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की इसके अलावा प्रदेश के विकास और समृद्धि की कामना की और कहा, 卐भोले बाबा की कृपा पूरे प्रदेश पर बनी रहे, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव की डबल इंजन सरकार अच्छे काम करती रहे।

श्रद्धालुओं ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद: श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के चरणों में शीश नवाया और एक स्वर में कामना की कि भगवान शिव का आशीर्वाद हमेशा बरसता रहे और बैतूल जिला खुशहाल बना रहे। महाशिवरात्रि के इस अवसर पर, पूरी छोटा मड़देव में शिव भक्ति की लहर और भक्तों का उमड़ा हुजूम यह सिद्ध कर रहा था कि धर्म और आस्था के इस पर्व का महत्व हर किसी के दिल में गहरा है।

# सनातन का गर्व, महाकुंभ पर्व 2025 ; अविश्वनीय:अकल्पनीय

## भारत में महाकुम्भ का सफल उत्सव और ऐतिहासिक सुनियोजित आयोजन कई कारणों से महत्वपूर्ण रहा है

### अहमियत तेरी किन शब्दों में बताए भारत,यहाँ तो हर शख्श ही महाकुम्भ का हिस्सा बने अधूरा है।

### आध्यात्मिक और धार्मिक धरोहर को सहेजने का पुरुषार्थ..

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

महाकुम्भ दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक सभा है, जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। इसने उन करोडों भक्तों को आकर्षित किया है जो गंगा, यमुना और सरस्वती जैसी पावन पवित्र नदियों के संगम में स्नान करके आध्यात्मिक शुद्धि की तलाश करते रहते हैं । कुछ अपवादों को छोड़ काफी सुव्यवस्थित प्रबंधन ने यह सुनिश्चित किया है कि पवित्रता और अनुष्ठान सुचारू रूप से किए जाये।

**सांस्कृतिक और विरासत संवर्धन :** महाकुम्भ ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दिखाया है, जिसमें विभिन्न संप्रदायों और क्षेत्रों के एक साथ आने वाले संतों, तपस्वियों और तीर्थयात्रियों का साथ हैं। यह पारंपरिक संगीत, कला और दार्शनिक प्रवचनों पर प्रकाश डालता है, भारत की विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देता है।

**पर्यटन और आर्थिक प्रभाव :** इस आयोजन ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों आगंतुकों को आकर्षित करते हुए, पर्यटन को काफी बढ़ावा दिया है। इससे स्थानीय व्यवसायों, होटलों, परिवहन और हस्तशिल्प की मांग में अधिकाधिक वृद्धि हुई है, जिसने रोजगार और आर्थिक विकास के नूतन आयाम प्रदान किये है।

**वैश्विक मान्यता और आध्यात्मिक शक्ति.:** सटीक और सार्थक महाकुम्भ की सफलता से आध्यात्मिकता और परंपरा के केंद्र के रूप में भारत की वैश्विक छवि में अप्रत्याशित सुधार हुआ है। इस



महत्ती आयोजन ने दुनिया भर में मीडिया का ध्यान आकर्षित किया है तथा भारत की सांस्कृतिक नीति और आध्यात्मिक प्रवृत्ति को मजबूत किया है।

बुनियादी ढांचा विकास..

महाकुम्भ के भव्य आयोजन से सड़कों, स्वच्छता, सार्वजनिक परिवहन और मेजबान शहरों जैसे प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में स्वास्थ्य सुविधाओं में सकारात्मक उत्थान हुआ है। सफलतम समापन के लंबे समय बाद ये घटनाक्रम स्थानीय आबादी को लाभान्वित करते हैं। स्थानीय नागरिक बंधुओं को भी प्राप्त इस स्वर्णिम अवसर से उनके व्यावसायिक क्षेत्र में अभूतपूर्व लाभ हुआ है हालांकि कुछ क्षणिक असुविधा भी उन्हें हुई होगी जैसे कि शोरगुल या यातायात की समस्या।

**पर्यावरण और नदी संरक्षण जागरूकता.:** महाकुम्भ ने जल संरक्षण, नदियों के रखरखाव और स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाई है।अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण की रक्षा तथा अनुकूल तीर्थयात्रा सुविधाओं जैसे स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा दिया है। नदियों के बेहतर रखरखाव पर गंभीर चिंतन की प्रक्रिया से भविष्य में काफी फायदा होगा।

**सामाजिक और सामुदायिक संबंध :** महाकुम्भ ने करोड़ों धर्मावलंबियों को जीवन के आध्यात्मिक क्षेत्रों से एक साथ जोड़ा है। उमड़े जनसैलाब ने एकता, धार्मिक सहिष्णुता और जनमानस की साझा सांस्कृतिक पहचान की अनुमोदित भावना को असीमित बढ़ावा प्रदत्त किया है।

हर्षातिरेक भाव से सुसम्पन्न इस सनातनी महोत्सव के काफी हद तक सुव्यवस्थित आयोजन ने भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक और अवसंरचनात्मक परिदृश्य पर स्थायी सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हुए सभी के लिए एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सार्थक अनुभव सुनिश्चित किया है । कई बड़े देशों की कुल संख्या से कई अधिक आराधकों की तन मन धन से भक्ति, शक्ति, सहयोग और सहकार से औत प्रौत मंगलमय भावना ने सनातन धर्म के इस भव्यतम उत्सव की गरिमा में अभिवृद्धि की हैं। सरकारी प्रबंधन, जन जन की निस्वार्थ सहयोगी प्रवृत्ति, पुलिस विभाग की सक्रियता, प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष मीडिया/सोशल मीडिया के द्वारा सूक्ष्मता से सटीक जानकारी का प्रसारण इत्यादि की भूरी भूरी अनुमोदना।

# बाड़ेगांव में 5 मार्च को महाराणा प्रताप की प्रतिमा का होगा अनावरण

### ग्राम उमरिया, खरपडा खेड़ी, सोनेगांव, राजेगांव में चलाया जन जागरण अभियान

### सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

केसरिया हिंदुस्तान



बैतूल। महाराणा प्रताप स्मारक समिति द्वारा आगामी 5 मार्च को मुलताई तहसील के ग्राम बाड़ेगांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। अनावरण कार्यक्रम धूमधाम से मनाए जाने को लेकर समिति द्वारा मुलताई विकासखंड के लगभग 70 ग्रामों में जन जागरण अभियान चलाया गया है। समिति के नितिन मिश्रा, गोकुल सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार को मुलताई के ग्राम उमरिया, खरपडा खेड़ी, सोनेगांव, राजेगांव में बैठक आयोजित कर सर्व समाज के नागरिकों से संपर्क किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की और कार्यक्रम में पधारने के लिए आमंत्रण दिया। जन जागरण अभियान के दौरान ग्रामीण लालसिंह सोलंकी, तानसिंह सोलंकी, अनिल सिंह देवडे, भरत सिंह चौहान, मानसिंह सोलंकी, दिलीप सिंह निगम सहित अन्य उपस्थित रहे।

---**कार्यक्रम में यह होंगे मुख्य अतिथि**---: ग्राम बाड़े गांव में आआयोजित अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विशेष अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुर्गा दास उईके, विशिष्ट अतिथि मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक रीवा ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, सेवा भारती संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंक एवं अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के अरविंद भदौरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहेगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा मेधावी विद्यार्थियों, खेल, पर्यावरण, सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान भी किया

# टीकमगढ़ में अपहरण कांड का खुलासा: उधारी के पैसों के लिए 7 लोगों ने किया अपहरण, 5 आरोपी पकड़े गए, दो फरार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो/मनोज सिंह

**टीकमगढ़** पुलिस ने अपहरण के एक मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में इस मामले का खुलासा किया। घटना 25 फरवरी को हुई, जब दिगोड़ा निवासी दसई कुशवाहा (50) और सूर्यकांत राय बाइक पर जतारा से दिगोड़ा जा रहे थे। शाम करीब 4




बजे ग्राम शाहपुर के पास एक बाइक और मारुति वैन से आए कुछ लोगों ने दसई कुशवाहा की पिटाई कर उनका अपहरण कर लिया।

अपहरणकर्ताओं ने दसई के परिवार से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में पांच थाना प्रभारियों के नेतृत्व में सात टीमों का गठन किया। पुलिस ने कस्बा लिधौरा के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें लक्ष्मण उर्फ लच्छू विश्वकर्मा (45), मुकेश वाल्मीक (30), संजय उर्फ संजू दुवे (37), गुल्ली उर्फ अर्पित चढार (29) और रविन्द्र चढार (30) शामिल हैं।

जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी लक्ष्मण विश्वकर्मा को अपहृत दसई से कुछ पैसे उधार लेने थे। इसी कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपहरण की साजिश रची और उसे अंजाम दिया।



# कुबरेश्वर धाम में श्रीमद् भागवत कथा का समापनःकृष्ण-सुदामा मिलन से भावुक हुए श्रोता, 7 कन्याओं का विवाह भी संपन्न

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट के कुबरेश्वर धाम पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ। कथा वाचक पंडित दीपक उपाध्याय ने इस दौरान विभिन्न महिलाओं के चरित्र का वर्णन किया। अंतिम दिन भगवान कृष्ण और सुदामा के मिलन का मंचन किया गया। इस दृश्य ने श्रोताओं को भावुक कर दिया। कथा के साथ सात कन्याओं के विवाह और तुलसी विवाह का आयोजन भी किया गया। पंडित उपाध्याय ने अपने प्रवचन में कहा कि केवल भगवा धारण करना ही पर्याप्त नहीं है। भक्ति का भाव होना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि जीवन में दुख और सुख दोनों आते हैं। कोई भी व्यक्ति भगवान से दुख नहीं मांगता, फिर भी वह आ जाता है। इसी तरह सुख भी जीवन का हिस्सा बनता है। कार्यक्रम के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं कथा पंडाल में पहुंचीं। कुबरेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# बग़दीराम यादव कराड़िया को समाजजनों ने सामूहिक रूप से बनाया आलोट विधान सभा समाज का अध्यक्ष

दिनेश शुक्ला दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी



आलोट विधान सभा क्षेत्र अखिल भारतीय सूर्यवंशी समाजजनों ने गत दिवस समाज की बैठक आयोजित कर सर्वानुमति से अखिल भारतीय सूर्यवंशी समाज आलोट विधान सभा क्षेत्र का अध्यक्ष कराड़िया निवासी बग़दीराम यादव को सर्वानुमति से बनाया।अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद समाजजनों ने यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया।यादव कराड़िया के मूल निवासी होकर पिछले कई वर्षों से राजनीति में सक्रियता रखते हे तथा आमजनों एवं समाजजनों के हित में कार्य करने को हर समय तत्पर रहते हे। समाजजनों ने नव नियुक्त अखिल भारतीय सर्ववंशी समाज विधान सभा आलोट अध्यक्ष बग़दीराम यादव के बनने पर बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

# राजगढ़ जनपद में आवेदकों को नहीं दी गई पावती तो

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



**आवेदक ने सीएम हेल्पलाइन 181पर शिकायत दर्ज कराई**

**राजगढ़** - जनपद पंचायत राजगढ़ के ग्राम लिम्बोदा से अपनी समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के चक्कर लगाने को मजबूर नियम अनुसार आवेदन के बदले आवेदक को सम्बंधित विभाग के कर्मचारीयों द्वारा सबूत के तौर पर पावती लेना चाहिए लेकिन राजगढ़ जनपद में आवेदकों को आवेदन के बदले पावती नहीं दी जाती इसके बाद आवेदक को सीएम हेल्पलाइन पर गुहार लगाना पड़ती है एक ऐसा ही मामला राजगढ़ जनपद के अंतर्गत आने वाली खेड़ी पंचायत के पाका गांव का है जहां पर रामबाबू सुतार ने बताया कि अपने गांव में प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिलने पर 2018 से अब तक की आवास प्लस प्रतिक्षा सुची जनपद पंचायत से लेना चाही जिसका विधीवत आवेदन आवक-जावक शाखा में देना चाह जिसकी पावती अन्य दिन देने की बात की गई जब इस बात की सुचना आवेदक ने जनपद सीईओ पराग पंथी से की तो सीईओ ने पावती दिलवाने की बजाय ये कह कर रवाना कर दिया की हम पावती किसी को नहीं देते आवेदन देना हो तो दो नहीं तो जाओ इस तरह से राजगढ़ जनपद में आवेदक को पावती नहीं देने व समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण अपनी समस्या सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई ।

# सीईओ जिला पंचायत द्वारा आवास निर्माण कार्य का अवलोकन

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा कराहल विकासखण्ड के ग्राम कटिला में आवास निर्माण कार्यो का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद कराहल श्री राकेश शर्मा, एसडीओ श्री बृज तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत प्रथम किस्त के अनुरूप निर्माण कार्य नीव स्तर तक पूर्ण किये जायें, इसके बाद द्वितीय किस्त जारी की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कटिला में पीएम जनमन योजना के तहत 146 आवास स्वीकृत किये गये है तथा 51 आवास पूर्ण कर लिये गये है। शेष आवासों का निर्माण कार्य जारी है, जिन्हें निर्माण अनुसार किस्त प्रदाय की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा इस अवसर पर ग्रामीणों से चर्चा के दौरान मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित हो रहे विशाल स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा गंभीर बीमारियों से पीडित रोगियों का पंजीयन कराये जाने के बारे में अवगत कराया गया।

# ब्लड डोनेशन कैम्प लगाये, स्नेक बाइट के लिए जागरूकता अभियान चलाएं

## कलेक्टर ने किया प्रेमसर क्षेत्र का भ्रमण, सीडीपीओ एवं पंचायत सचिव को नोटिस, समूह को हटाने के निर्देश*

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमसर के अवलोकन के दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ धर्मेन्द सिंह को निर्देश दिये कि अस्पताल में समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाये जायें। इसके साथ ही स्नेक बाइट के लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जायें, ताकि लोग सर्पदंश के मामलो में जानतेर और झाडफूंक से बच सकें और घटना घटित होने पर तत्काल मेडिकल सहायता के लिए लेकर पहुंचें, जिससे सर्पदंश से पीडित को उचित उपचार मिल सकें। आंगनबाडी केन्द्र पर भ्रमण के दौरान अव्यवस्थाएं पाये जाने पर सीडीपीओ को तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर बंद पाये जाने पर पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भ्रमण के दौरान ओपीडी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, इस दौरान पाया गया कि भ्रमण के समय तक 22 रोगियों की ओपीडी हो गई थी। संस्थागत डिलेवरी के संबंध में डॉ धर्मेन्द सिंह ने जानकारी दी कि हर माह 15 डिलेवरी का औसत रहता है। इसके साथ ही बताया कि क्षेत्र के सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को टीकाकरण किया जाता है तथा नियमित रूप से सभी को वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि कृषि क्षेत्र अधिक होने से स्नेक बाइट के मामलो को लेकर लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा समझाइश दी जाये कि सर्पदंश की घटना के बाद झाडफूंक कराने के लिए ओझाओ एवं जानतेरो के पास जाने से बचे, सर्पदंश से पीडितो के लिए इजेक्शन की उपलब्धता रहती है, इसलिए तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया जायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम गांधी नगर में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। स्कूल के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन शाला प्रबंधन समिति से हटाकर स्वसहायता समूह को दिये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आंगनबाडी केन्द्र गांधी नगर के निरीक्षण के दौरान तथा दर्ज 98 बच्चों में से 12 उपस्थित पाये जाने पर संबंधित सीडीपीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। आंगनबाडी केन्द्र ढोटी के निरीक्षण के दौरान एमडीएम गुणवत्तापूर्ण नही पाये जाने पर महादेव स्वसहायता समूह को हटाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आंगनबाडी भवन के पास साफ-सफाई कराने हेतु पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ग्राम गांधीनगर में सूखे एवं अनुपयोगी कुए को सुरक्षित करने हेतु चारो ओर बाउन्ड्रीवॉल कराये जाने के निर्देश पंचायत सचिव को दिये, उन्होने ग्राम ढोटी में ग्रामीणों से चर्चा कर शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान एसडीएम श्री मनोज गढवाल, सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, नायब तहसीलदार श्री शैलेन्द्र देव सिंह आदि उपस्थित थे।

# रीवा जिले में कबाडी मोहल्ले में खुलेआम बेची जा रही नशीली सिरप, धंधे में बच्चे और महिलाएं भी शामिल, वायरल हुआ वीडियो

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



मध्यप्रदेश के रीवा में नशीली सिरप खुलेआम बेची जा रही है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो रीवा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ी मोहल्ले का है। जहां कुछ महिलाओं द्वारा धड़ल्ले से कोरेक्स बेची जा रही है। पूरे मामले में रीवा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने जांच के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, वीडियो 3 दिन पुराना बताया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि, महिला एक नाबालिग बच्चे को लेकर किस तरह से नशीली सिरप कोरेक्स बेच रही हैं। वीडियो सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबाड़ी मोहल्ले का बताया जा रहा है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर ने वीडियो सामने आने के बाद मामले को संज्ञान में लिया है और बच्चों से कोरेक्स बिकवाने वाली महिला और मेडिकल नशे के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक, रीवा में नशीली सिरप के कारोबार की गूंज प्रदेश भर में है। जहां नशीली सिरप के कारोबार में रोकथाम लगाने को लेकर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल से लेकर सांसद जनार्दन मिश्रा तक भरे मंच से पुलिस को निर्देश दे चुके हैं। लेकिन कहीं ना कहीं इस कारोबार पर अब तक रोकथाम नहीं लग पाई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर है।

सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि, कबाड़ी मोहल्ले के नशे के कारोबारियों को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है। आए दिन वीडियो सामने आ रहे हैं लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होना समझ से परे है। जबकि कबाड़ी मोहल्ला से सिविल लाइन थाना की दूरी महज 300 मीटर भी नहीं है। फिर भी इन कारोबारियों पर कार्यवाही न होना पुलिस पर भी सवालिया निशान खड़े होना लाजमी है।

# अमहिया पुलिस की कार्यवाही, सोने की नौग्रही अंगूठी एवं 50,000 नगदी चोरी करने वाला आरोपी को किया गया गिरफ्तार




भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**श्रीमान** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ रितु उपाध्याय के मार्गनिर्देशन मे थाना प्रभारी अमहिया उप निरीक्षक शिवा अग्रवाल एवं स्टाफ द्वारा अमहिया निवासी रावेन्द्र चतुर्वेदी के घर से सोने की ज्वेलरी एवं नगदी चोरी करने वाले आरोपी अमर स्वीपर उर्फ छोटकवा पिता छोटेलाल स्वीपर उम्र 19 वर्ष निवासी बधान मोहल्ला नारेन्द्र नगर अमहिया रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपीः अमर स्वीपर उर्फ छोटकवा पिता छोटेलाल स्वीपर उम्र 19 वर्ष निवासी बधान मोहल्ला नारेन्द्र नगर थाना अमहिया जिला रीवा

जप्त मसरुकाः सोने की नौग्रही अंगूठी एवं 5,000 नगदी ङ्क कुल जप्त मसरूका करीबन - 25000/-

महत्वपूर्ण भूमिकाः थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, प्र0आर0 विनोद चतुर्वेदी,प्र.आर. मकरध्वज तिवारी . प्र.आर.अजय चौधरी, आर. पीयूष मिश्रा, आर. विकास तिवारी, की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

# जन अभियान परिषद द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जमीनी स्तर पर लोगों की आवश्यकता एवं आकांक्षाओं को समझने में स्वैच्छिक संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है- सिंगरौली विधायक**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला




**सिंगरौली**/- स्वैच्छिक संगठन भागीदारी विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय संस्थाओं में से एक हैं।जमीनी स्तर पर उनका काम उन्हें लोगों की ज़रूरतों और आकांक्षाओं को समझने और उनके साथ सीधा संपर्क स्थापित करने में बढ़त देता है।उक्त आशय का वक्तव्य सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्वैच्छिक संगठनों के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान व्यक्त किया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य अतिथि बतौर (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह,अध्?यक्षता प्रभारी जिला पंचायत सीईओ अनुराग मोदी एवं विषय विशेषज्ञ अवनीश दुबे,डॉ. आर.डी पाण्डेय,जिला समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद् राजकुमार विश्वकर्मा,विकासखण्ड समन्वयक प्रभुदयाल दाहिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर धूप दीप एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया गया।वहीं जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा मौजूद सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर जन अभियान परिषद् के सभी आवश्यक बिंदुओं से रूबरू कराया गया।साथ ही परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी गई।वहीं मुख्य अतिथि दिलीप शाह द्वारा सभी स्वैच्छिक संगठनों को सामाजिक कार्यो एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करने व सामाज हित में विशेष कार्य करते हुए अपनी पहचान स्थापित करने की गुजारिश की गई।वहीं विषय विशेषज्ञ अवनीश दुबे द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के महत्व?पूर्ण अधिनियमों में पंजीयन की जानकारी दी गई।डॉ.आर.डी. पाण्डेय द्वारा निगमित सामाजिक उत?तरदायित?व (सीएसआर) विषय पर जानकारी प्रदान की गई।वहीं लेखाधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली प्रियंका सिंह द्वारा सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आंकलन विषय पर जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण पश्चात स्वैच्छिक संगठनो के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि,परामर्शदाता सहित अन?य स?वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**नागौद थाने में पत्रकार की शिकायत पर कार्यवाही नहीं**

# न्याय न मिला तो भूख हड़ताल में बैठूंगा इसके बाद न मिला न्याय तो पूरे परिवार सहित आत्म हत्या करुंगा



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**सतना** नागौद थाने में एक पत्रकार ने चौथी बार आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पत्रकार का आरोप है कि उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है और उनके ऊपर कार्रवाई भी। पत्रकार ने सवाल उठाया है कि क्या पुलिस कार्रवाई तभी करेगी जब उनके परिवार की हत्या हो जाएगी? उनके जमीन में कुछ लोगअवैध कब्जा कर रहे हैं। पेड़ पौधे नष्ट कर घेरे गये लोहे के इंगल उखाड़ ले गये पत्रकार का कहना है कि मुझे न्याय चाहिए कोई भी जनप्रतिनिधि समाजिक व राजनीतिक संगठन मदद के लिए नहीं आया पत्रकार के पास आखिरी रास्ता भूख हड़ताल में बैठेंने के अलावा नहीं बचा या उसके बाद भी न्याय न मिला तो पूरा परिवार आत्म हत्या करने को मजबूर हो जायेगा उन्होंने न्याय प्रिय ईमानदार भाजपा सरकार से न्याय की मांग की है।

# संकल्प योजना अंतर्गत सफल हितग्राहियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ़** - जीरापुर तहसील के ग्राम रामनगर झाडमऊ लसुड़िया मोहन परोलिया, टपरियाहैडी उबाफान धतुरिया खोकरिया जीरापुर नाईहैडा बांगपुरा तह. जीरापुर में 08 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण का समापन विभिन्न दिनांकों में किया गया 7 इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच एवं सचिव कि उपस्तिथि में कार्यक्रम संपन्न हुवा 7 उक्त कार्यक्रम में संकल्प योजना अंतर्गत सफल हितग्राहियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया 7 उक्त योजना में सहभागिता संस्था नालंदा कम्प्यूटर व्यासायिक प्रशिक्षण संसथान इंदौर से परियोजना अधिकारी मनीष श्रीवास केंद्र प्रभारी राजेश विश्वकर्मा केंद्र समन्वयक मनीष कुम्भकार सहयोगी रामचंद्र दांगी जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक कार्यक्रम का समपन्न किया गया 7

# भव्य शिव बारात देखकर ठहरी हर किसी की आँखे, आकर्षक झाकियों ओर कलाकारों की दर्शनीय एवं ऐतिहासिक प्रस्तुति ने भक्तो का मन मोहा।

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**सीहोर**/शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात निकली। चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह मे भगवान भोले नाथ की बारात श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुई। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये गये, वही बाबा महाकाल की अलौकिक झाकिया निकाली जाएगी। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल देखने को मिला इस अवसर पर क्षेत्र के हज़ारों की संख्या में भक्तों ने बारात का आनंद लिया। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती एवं संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है, हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल हुए । भव्य शिवबारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक भव्य चल समारोह धर्ममय माहौल में निकाला गया । कार्यक्रम में बॉलीवुड फ़ेम रोहन रुद्राक्ष एण्ड ग्रुप दिल्ली, श्री हनुमंत ध्वज परहक, महाकाल कला समूह कोटा राजस्थान,नितिन गिल आर्ट ग्रुप पंजाब,कृष्णा जी म्यूजिक ग्रुप दिल्ली, महाकाल भक्त मण्डल बेरागढ़, इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन,वीर गुप्ता अघोरी ग्रुप हरियाणा की प्रस्तुति दी जाएगी,महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा, वहीँ इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकिया कार्यक्रम में सुंदरता अपने रंग बिखरे, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई जा रही भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन हुए, वही दूसरी रास लीला शिव तांडव की प्रस्तुति दी । मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुति दी । समिति के अथक प्रयासों से कार्यक्रम को विशाल रूप दिया गया। इस अवसर अनेक स्थानों पर बारात का समाजसेवी संस्थाओ, बिभिन्न समाज संगठन, राजनीतिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के प्रमुख संरक्षक सन्नी महाजन, समाज सेवी अखलेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल,समाजसेवी सतीश राठौर, राजा राम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा संस्थापक लोकेश सोनी, चल समारोह अध्यक्ष राजीव गुजराती, कमलेश अग्रवाल,पंकज गुप्ता,आयुष सोनी, प्रभारी ऋषि सोनी ,राजू खत्री, सयोजक यश अग्रवाल, ऋषि सोलंकी, धीरू यादव ,मोनी शर्मा,पंकज राय, कार्यकर्म प्रभारी यश यादव, हेमंत वर्मा, सागर सोनी, शुभम सक्सेना,दिव्यांश सक्सेना, पीयूष मालवीय, यश यादव, सर्वेश व्यास, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति का किया अनावरण - राज्य मंत्री श्री सिंह दमोह सांसद श्री सिंह



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह –जिले की विधानसभा क्षेत्र हटा के पटेरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत– कोटा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति का अनावरण प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने की। इस अवसर पर हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भगवान दास चौधरी, अजाक्स कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉ मोहन आदर्श, प्यारेलाल भारती, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, जनपद अध्यक्ष पटेरा श्रीमती मल्लो बाई, पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, चित्तर सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थित रही।

## आरोपी पर दो हजार इनाम की उद्घोषणा जारी

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री दीपक कुमार शुक्ला ने थाना कोतवाली सीहोर में दर्ज अपराध में फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए दो हजार रूपये नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना कोतवाली सीहोर में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 115/2025 अर्न्तगत धारा 420,406,34 भादवि में फरार आरोपी कुमार सौरभ पिता मधुसूदन सिंह निवासी फ्लैट नंबर 139 अंबर हाई सेक्टर 19 द्वारिका वेस्ट देहली की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिये दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा ।

## वन स्टॉप सेंटर द्वारा परामर्श देकर बिखरते परिवारों को एक सूत्र में बांध कर किया विदा

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान




**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति किसी भी स्तर पर होने वाले हिंसा को रोकने हेतु वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, जनसुनवाई से प्राप्त प्रकरणों में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासिका श्रीमती रश्मि चौहान ने गंभीरता से कार्रवाई करते हुए महिलाओं को परिवारों से जोड़कर तथा बालिकाओं को परामर्श देकर उन्हें परिवार में वापस भेज कर पढ़ाई करने आत्मनिर्भर बनने महिलाओं के हित का काम किया जा रहा है।

आवेदिका द्वारा बताया गया कि उसके पति द्वारा गर्भावस्था के चौथे माह में उसके साथ मारपीट कर उसे मायके भेज दिया गया था। उनके द्वारा सभी प्रकार के प्रयास करने के बाद भी सफलता नहीं मिली। इस दौरान बेटे का जन्म हुआ और ससुराल पक्ष से किसी ने भी आकर बच्चों को नहीं देखा। वन स्टॉप सेंटर द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर एक संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में वन स्टॉप सेंटर परामर्शदाता श्रीमती कविता वर्मा द्वारा उनके बीच चल रहे विवाद के मुद्दों पर बातचीत की। साथ ही दोनों पक्षों को अलग–अलग बैठाकर भी परामर्श दिया। दोनों ही पक्षों में कहीं ना कहीं कोई गलती है, उन्हें समझाएं दी गई कि आपके पास में एक प्यारा बच्चा है, जिसकी परवरिश आप दोनों को मिलकर करनी है, बच्चों के पिता ने अपनी भूल स्वीकार की तथा पहली बार अपने बच्चों को देखकर उसे गले लगाया और रोते हुए अपने पत्नी को साथ ले जाने की बात कही। इस प्रकार एक परिवार बिखरने से बचा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम छिंदवाड़ा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई

( मारुति लाल विश्वकर्मा )




छिंदवाड़ा, 28 फरवरी 2025 ङ्क नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में आज महापौर श्री विक्रम अहके के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त श्री सी.पी. राय ने की, जिसमें सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी, श्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित अन्य अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, शौचालयों की स्थिति, नागरिक सहभागिता, सूचना, शिक्षा एवं संचार (ढ्ढश्वष्ट) गतिविधियों और नवाचारों को शामिल किया गया। निगमायुक्त श्री सी.पी. राय ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वच्छता कार्यों में तेजी लाई जाए और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी एवं श्री ईश्वर सिंह चंदेली ने नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाने, जनजागरूकता बढ़ाने और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहरवासियों को स्वच्छता से जोड़ने के लिए नए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे और स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप नगर निगम की रैंकिंग सुधारने के प्रयास किए जाएंगे।

इसके साथ ही, सिटीजन फीडबैक पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के प्रत्येक नागरिक से अपील की जाती है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत अपना फीडबैक अवश्य दें। यह फीडबैक शहर की स्वच्छता रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आपका योगदान न केवल छिंदवाड़ा को स्वच्छ बनाएगा, बल्कि इसे देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करने में भी सहायक होगा। महापौर श्री विक्रम अहके के मार्गदर्शन में नगर निगम छिंदवाड़ा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दिशा में आने वाले दिनों में विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता अभियानों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जाएगा।

## प्रदेश के मदरसों के लिए फंड उपलब्ध कराने केन्द्र को प्रस्ताव भेजें

### हाई कोर्ट ने राज्य शासन को दिए निर्देश

### कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की याचिका

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

जबलपुर = हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने राज्य शासन को निर्देश दिए कि प्रदेश के मदरसों के लिए फंड उपलब्ध कराने केन्द्र को प्रस्ताव भेजें। इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी गई है।

याचिकाकर्ता कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ, भोपाल के अध्यक्ष अफसर खान व सचिव कफील खान की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि केन्द्र सरकार ने मदरसों में आधुनिक औपचारिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्कीम फार प्रोवाइडिंग क्वालिटी एजुकेशन इन मदरसा (एसपीक्यूइएम) योजना लागू की थी। इसके अंतर्गत 60 प्रतिशत राशि केन्द्र देता है और राज्य का हिस्सा 40 प्रतिशत रहता है। वर्ष 2017 से फंड के अभाव में मदरसों की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित है। हाल ही में उत्तर प्रदेश हाई कोर्ट ने भी स्कीम संचालन के लिए फंड उपलब्ध कराने का फैसला दिया है। याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में सरकार को कई बार अभ्यावेदन दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसीलिए संघ की ओर से 2023 में हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद राज्य शासन को निर्देश जारी कर दिए।

## सहकारी बैंक का ऋण संबंधित ऋणी के खसरे में दर्ज हों

### जिन खसरों पर ऋण दर्ज है उस जमीन का रजिस्ट्री पर नामांतरण नहीं हो

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान



**राजगढ** - कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के ऋणी किसान ऋण चुकाने से बचने के लिए पडोसी राज्य की कृषि उपज मंडियों अथवा व्यापारियों को गेहूं नहीं बेचें। इसके लिए पडोसी राज्य के जिलों की मंडियों एवं अधिकारियों से सपर्क कर समन्वय बनाया जाये। इसके अलावा शामिलात खाते के नाम पर अऋणी खातेदार का पंजीयन करा कर ऋणी किसान उसके नाम पर गेहूं नहीं बेच सके यह भी सुनिश्चित जाए। उन्होंने कहा गेहूं उपार्जन के पंजीयन पोर्टल पर किसान के ऋण की प्रवृष्टि अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए।

बैठक में बताया गया कि समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी केन्?द्रों में 19947 पंजीकृ?त कृषको में से 9621 कृषकों की राशि 37.45 करोड़ रूपये की ऋण प्रविष्टि की गई है जोकि संतोषजनक नहीं होने के कारण क्रमश- शाखा राजगढ़, खुजनेर एवं ब्यावरा के शाखा प्रबंधकों की एक वार्षिक वेतनवृद्?धि रोकने का दण्ड दिया गया तथा 60 प्रतिशत से कम प्रविष्टि वाली शाखाओं सहित मुख्यालय के अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। न्यूनतम काम करने वाली शाखाओं के जिम्मेदार अधिकारियों की विभागीय जांच हेतू निर्देशित किया गया। इसी प्रकार 14 शाखाओं में 130408 कृषकों में से 91506 कृषकों की भू अभिलेख पोर्टल पर प्रविष्टि की गई। 39505 कृषको की प्रविष्टि होना शेष है। 07 दिवस में शतप्रतिशत भूअभिलेख पोर्टल पर प्रविष्टि हेतु निर्देशित किया गया है ।

## पी.एम.एस.एम.ए. अभियान : पलायन के पश्चात वापस गांव आने वाली गर्भवती महिलाओं को मिला विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा का लाभ

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**दमोह** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (ई.पी.एम.एस.एम.ए.) के तहत नवाचारी पहल करते हुए लाक्षणिक आधार पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के अलावा गर्भावधि में पलायन के पश्चात वापस गांव आने वाली महिलाओं को भी चिन्हित कर स्वास्थ्य लाभ दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेन्दूखेड़ा, जबेरा, हिण्डोरिया, बटियागढ़ एवं पटेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक में 253 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच–उपचार सेवा दी गई। जिसमें चिन्हित जोखिम एवं सामान्य गर्भवती महिलाएं शामिल है। विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा शुरू होने अथवा कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में संपर्क करने की परामर्श देते हुए जच्चा–बच्चा की जीवन रक्षा के लिए प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही कराने की समझाईश दी गई।

सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अप्रैल माह से अभी तक 8241 चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा? प्रदाय की जा चुकी है। जिसमें एलएससीएस सीजर ऑपरेशन के लिए चिन्हित महिलाओं की संख्या सर्वाधिक 1668 है। 1022 महिला? खराब चिकित्सीय इतिहास वाली है। जबकि गर्भावधि दौरान बढ़े हुए ब्लड प्रेशर वाली महिलाओं की संख्या 638 है। वहीं सीवियर एनीमिक 548 एवं गर्भावस्था दौरान डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं की संख्या 507 शामिल है। आज आयोजित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक दौरान गर्भवती महिलाओं की एच.बी., एल्बुमिन शुगर, एच.आई.व्ही., ब्लड़ ग्ररुप जैसी नैदानिक जांच की गई।

## बैतूल में वन अधिकारी कर्मचारियों ने शहीद रेंजर को दी श्रद्धांजलि

### वन शहीद किशोर कुमार के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

केसरिया हिंदुस्तान

**बैतूल।** अवैध खनन और परिवहन को रोकने गए रेंजर को माफिया द्वारा कुचल कर मार देने की हृदय विदारक घटना सामने आई है। बैतूल रेंजर असोसिएशन और वन कर्मचारियों ने गुरुवार को शहीद रेंजर को वन विद्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान वन शहीद किशोर कुमार के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जोधपुर राजस्थान के ब्यावर जिले के बिजागुड़ा रेंजर राजस्थान के पचानपुरा और कालब खुर्द के बीच अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली के परिवहन को रोकने के लिए गए रेंजर किशोर कुमार और फॉरेस्ट गार्ड विष्णु मीणा को ट्रेक्टर से वन माफियाओं ने कुचल दिया था, जिससे रेंजर किशोर कुमार की मौत हो गई थी। वहीं फॉरेस्ट गार्ड विष्णु मीणा गंभीर



रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। इस घटना को लेकर देश का पूरा वन अमला शोक में डूबा हुआ है। बैतूल वन वृत्त में वन अधिकारियों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर मृतक किशोर कुमार को केंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा शांति के लिए दो मिनिट का मौन धारण किया। इस दौरान वन अधिकारियों ने राजस्थान सरकार से वन शहीद किशोर कुमार के हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**पुलिस की तरह वन कर्मियों को भी संसाधन कराए मुहैया---**इस दौरान मध्य प्रदेश सरकार से मांग करते हुए वन अधिकारियों, कर्मचारियों ने कहा कि एक लाठी से जंगल की सुरक्षा तो क्या हम अपनी रक्षा भी नहीं कर सकते है। वन अधिकारियों कर्मचारियों ने कहा की पुलिस को सारे संसाधन दिए जाते है, उसी प्रकार वन अधिकारियों और कर्मचारियों को भी संसाधन दिए जाएं। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी, अध्यक्ष नितिन पवार, प्रदेश सहसचिव रवीन्द्र पाटीदार, वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष आकाश प्रधान, लोकेश कोसे, ओमकार मालवी, राकेश वरवड़े,पंकज राठौर, योगेश साहू, मुकेश खंडाग्रे, देवेंद्र घिड़ोड़े, इंद्रदेव बारस्कर, रितेश पवार, राजेश शर्मा , सरिता तोमर समस्त वन अमला मौजूद रहा ।

## विशेषज्ञों ने भावी दंत चिकित्सकों से साझा किए अपने अनुभव के.डी. डेंटल कॉलेज में

### के.डी. डेंटल कॉलेज में राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर हुए अतिथि व्याख्यान, दंत चिकित्सा में एंटीबायोटिक्स का विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी: डॉ. रामचंद्र गौड़ा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फैसल कुरैशी

**मथुरा।** के.डी. डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल मथुरा के ओरल पैथोलॉजी विभाग द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजिस्ट तथा पियरे फॉचर्स एकेडमी (इंडिया सेक्शन) के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. एच.एम. ढोलकिया की स्मृति में छठा राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों तथा दो विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों के ज्ञानवर्धक सीडीई व्याख्यानों के माध्यम से भावी दंत चिकित्सकों को ओरल पैथोलॉजी की खूबियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी तथा अतिथियों द्वारा डॉ. एच.एम. ढोलकिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर जहां अतिथि वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए वहीं संस्थान के स्नातक छात्र–छात्राओं ने ओरल पैथोलॉजी विषय से सम्बन्धित पोस्टर मेकिंग, रंगोली, साबुन नक्काशी और फेस आर्ट पेंटिंग जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इसकी महत्ता प्रतिपादित की। प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. रामचंद्र



गौड़ा मैक्सिलोफेशियल एण्ड माइक्रोवास्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन (ल्यूटन एण्ड डंस्टेबल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल लंदन यूनाइटेड किंगडम) ने लंदन से वर्चुअली डेंटल प्रैक्टिस में एंटीबायोटिक्स के विवेकपूर्ण उपयोग पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्र–छात्राओं से चिकित्सकों द्वारा एंटीबायोटिक दवाओं के प्रभावी उपयोग और अनुचित दुरुपयोग पर चर्चा की। इतना ही नहीं उन्होंने दंत चिकित्सा अभ्यास में दवाओं के तर्कसंगत उपयोग की भी वकालत की।

प्राचार्य डॉ. मनेश लाहौरी ने छात्र–छात्राओं को रोगों के निदान में ओरल पैथोलॉजिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. लाहौरी ने छात्र–छात्राओं को डॉ. एच.एम. ढोलकिया के कृतित्व तथा व्यक्तित्व से अवगत कराया। केडी मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पुष्कर ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध और इसके प्रभाव पर बात की। उन्होंने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के कारण होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया तथा इससे निपटने के उपाय सुझाए।

विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश ने डॉ. एच.एम. ढोलकिया के कृतित्व को याद किया। उन्होंने दंत चिकित्सकों को रोगाणुरोधी प्रतिरोध के दुष्परिणामों से सचेत रहने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक टीम के रूप में काम करने से चिकित्सा संबंधी त्रुटियां रुकती हैं तथा रोगी की सुरक्षा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दंत चिकित्सक, डेंटल नर्स तथा अन्य टेक्निकल कर्मचारियों का पहला दायित्व रोगी की सुरक्षा है।

डॉ. रामबल्लभ ने अपने स्वागत भाषण में रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने में दंत चिकित्सकों की भूमिका के महत्व का उल्लेख किया। डॉ. अंकिता पटनायक ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया और कार्यक्रम की मेजबानी की। राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस पर स्नातक छात्र–छात्राओं के बीच पाथआर्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी नीरज छापरिया आदि उपस्थित थे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# महादेव की बारात में झूमे बाराती , ठण्ढाई व छप्पन भोग के लगे भण्डारे

**सीतापुर।** महाशिवरात्रि के पर्व को शिवभक्तो ने अपने अपने तरीके से मनाया। पूरा जिला महादेव के जयकारों से गूंज उठा और महादेव की बारात में उनके बाराती भक्त दिलखोलकर झूमे। शिव मंदिरों और शिवालों की रौनक ऐसी थी कि नजर ही हटाये नही हटा रही है पूरे जिला शिवभक्ती में गूंजायमान हो रहा था। भोलेनाथ के भजनों पर झूमते श्रद्धालु और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भगवान शंकर के बराती, देवी-देवताओं की वेशभूषा में सजी जीवंत झांकियां और शिवालयों में बम-बम भोले व हर-हर महादेव के गूंजते जयकारे। महाशिवरात्रि पर बुधवार को हर तरफ उत्सव सरीखा माहौल नजर आया।भोर की बेला से शुरू होकर भोले बाबा के पूजन व शिवलिंग पर जलाभिषेक का क्रम दिन भर चलता रहा। शिवालयों में श्रद्धालुओं ने बेल पत्र, धतूरा, फूल, शहद, गंगाजल आदि शिवलिंग पर अर्पित किए। भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से पूजन कर मन्नतें भी मांगीं। श्रद्धालुओं ने शिवरात्रि का उपवास भी रखा। कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया।शहर के श्याम नाथ मंदिर, जंगली नाथ मंदिर, ताड़क नाथ मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर व माल गोदाम के शिव मंदिर पर सुबह से ही कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। लोहारबाग के त्रिकोणनाथ मंदिर में भोले बाबा का भव्य व दिव्य श्रृंगार किया गया। यहां से भगवान शंकर की बरात निकाली गई। शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए देर शाम बरात वापस त्रिकोणनाथ मंदिर पहुंची। फिर महाआरती व प्रसाद वितरण हुआ। शिवालयों के आसपास दिन भर मेले जैसा माहौल बना रहा।नैमिषारण्य के चक्रतीर्थ स्थित भूतेश्वर नाथ मंदिर में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं ने पूजन शुरू कर दिया। शिवजी का रुद्राभिषेक और जल से अभिषेक करने के साथ भंग, दूध, मेवा,





धतूरा, बेलपत्र, फल, चंदन आदि से भोलेनाथ की स्तुति की। शाम को चक्रतीर्थ स्थित भूतेश्वर नाथ का दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर प्रधान पुजारी राजनारायण पांडेय ने विशिष्ट आरती उतारी और प्रसाद वितरण किया।रुद्रावर्त तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने गोमती के जल में फल-फूल, बेलपत्र और दूध के साथ पूजन किया। देवदेवेश्वर धाम में आचार्यों ने अखंड रामायण और शिवजी को समर्पित पाठ किए। सदानंद द्विवेदी के सानिध्य में सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में पूजन का क्रम चलता रहा।बाबा मृत्युंजय धाम में पूरे दिन आचार्य रमेश शास्त्री व काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रबंधक पुरुषोत्तम शास्त्री के सानिध्य में रुद्राभिषेक कराया गया। नारदानंद आश्रम स्थित 1008 शिवलिंग का विशेष पूजन प्रकाश चंद्र पांडेय के सानिध्य में किया गया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण का दौर भी चलता रहा।खैराबाद के भुईंया ताली तीर्थ पर महंत बजरंग मुनि ने भगवान शिव का श्रृंगार व पूजा की। सभी शिवालयों पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।बिसवां के पत्थर शिवाला प्रांगण से भगवान शिव की बारात निकाली गई। भ्रमण करते हुए शिव बरात शीतला देवी मंदिर पहुचीं, जहां विधि-विधान से शिव-पार्वती विवाह संपन्न हुआ।सिधौली में शिव बरात के दौरान श्रद्धालु खूब थिरके। सिद्धेश्वर मंदिर में दिन भर पूजन-अर्चन चलता रहा। रसूलपनाह गांव में प्राचीन मानेश्वर शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन व रुद्राभिषेक किया।लहरपुर के केसरीगंज स्थित बरम बाबा स्थान पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशेष पूजा अर्चना कर वैदिक मंडल के आचार्यों ने सामूहिक रुद्राभिषेक कराया।सांडा के प्राचीन तुरंतनाथेश्वर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शाहपुर के निकट किवानी व घाघरा के संगम से जल भरकर शिवजी का जलाभिषेक किया। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में श्रद्धालु झूमते-गाते नजर आए।लहरपुर के प्रसिद्ध भोलिया बाबा मंदिर को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य व आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस दौरान भोले शंकर का फूलों से श्रृंगार किया गया। फूलों से सजे भोले बाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।जीआईसी चैराहा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में दूरदर्शन कलाकार अर्जुन मिश्रा (चंदन) संग भजन गायक दुर्गांश शुक्ला व टीम ने महादेव के भजनों की रसधार से श्रद्धालुओं को सराबोर किया। आयोजक व भाजपा महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी जूही जायसवाल ने बताया कि देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। वहीं, भजन संध्या के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, नवल किशोर मिश्रा, आर के दीक्षित व अन्य मौजूद रहे।कमलापुर के राम-जानकी मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के क्रम में महाशिवरात्रि पर शोभा यात्रा निकाली गई। पुजारी रामविलास ने बताया कि जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलादिवास, मिष्ठानवास, पुष्पाधिवास के बाद राधा-

# कृषकों शिल्पकारों के नवाचार अत्यंत महत्वपूर्ण : डॉ. दया

## जिला विज्ञान क्लब ने आयोजित की नव प्रवर्तकों की प्रदर्शनी

**सीतापुर ।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों की प्रदर्शनी का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम कमलापुर के प्रभारी डॉ वी के सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र द्वितीय कटिया के अध्यक्ष डॉ0 दया एस0 श्रीवास्तव, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर प्रशांत तथा डॉ फादर सजीमन फिलिप, तकनीकी विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्घाटन संबोधन प्राचार्य डॉक्टर फादर जॉनसन ने कहा की कृषक, शिल्पकार तथा मिस्त्री वर्ग के तमाम ऐसे लोग होते हैं जो अपने अनुभवों से कोई नया विचार अथवा उत्पाद



प्रस्तुत करते हैं किंतु इनको समुचित सम्मान नहीं मिल पाता इनको सम्मान दिलवाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम कमलापुर के प्रभारी डॉ0 वी0के0 सिंह ने नव प्रवर्तकों को आवाहन करते हुए कहा कि वह सदैव कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला उद्यान केन्द्र, जिला उद्योग केंद्र तथा जिला विज्ञान क्लब के संपर्क में रहकर अपने उत्पादों की जानकारी देते हुए पेटेंट कराने की प्रक्रिया भी आरंभ करने का प्रयास करें। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आनंद ने कहा कि जिला विज्ञान क्लब कृषकों, युवाओ आदि के नवाचारों को समुचित सम्मान दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है जो अत्यंत सराहनीय कदम है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित तथा आगंतुकों का स्वागत सुष्मिता श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर छात्र वर्ग ने भी अपने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किया जिसमें उत्कर्ष व उदित राठौर का प्रयास रानी रहा सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में देवांश, ऋतुराज, वेरोनिका राजदीप, रिफा उमरा शहर लबीब इकरा दीप्ति गुनगुन विकास हर्ष मेहरी अचल राहुल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।प्राकृतिक खेती में विभिन्न प्रकार के फलों सब्जियों की उत्कृष्ट शंकर प्रजाति का उत्पादन करने वाले पृथ्वी पाल और मूंज तथा जलकुंभी से विभिन्न उपयोगी वस्तु बनाने वाली मिश्रिख की नाजिया खातून को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।अशोक गुप्ता और श्वेतांक त्रिपाठी को उनके कृषि उत्पादों तथा औषधि उत्पादों हेतु तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। केशव मौर्य, पूनम वर्मा, राम लखन, लज्जावती, आरती वर्मा,और सीमा वर्मा, पुष्पा देवी, महक सहायता समूह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया ।जिला सोनवे डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ नवाचारी प्रोटोटाइप को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ भेज कर उनका प्रदेश स्तरीय मूल्यांकन करवाने के उपरांत आवश्यकता पड़ने पर पेटेंट कराने की प्रक्रिया हेतु नव प्रवर्तकों की सहायता की जाएगी।

# कप्तान ने चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेला को लेकर पुलिस बल की बैठक



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा एक मार्च से प्रारंभ हो रहे चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेला के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु ड्यूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गयी एवं परिक्रमार्थियों की किसी भी प्रकार की शिकायतध्समस्या पर उसकी तत्काल जांच एवम् निस्तारण के निर्देश दिये। और बताया कि परिक्रमा के दौरान भीड़ नियंत्रणध्यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु आवश्यकतानुसार डायवर्जन करें सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करें, किसी के भी अपने परिजन से छूटने की स्थिति में उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाकर परिजन से मिलाने हेतु यथासंभव प्रयास करें। इस दौरान सभी निरंतर एक दूसरे के संपर्क में भी रहें एवं किसी भी प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होने की आशंका के दृष्टिगत यथाशीघ्र नियंत्रण सुनिश्चित करें। संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक स्थायी पुलिस बल तैनात रखें एवं अराजक तत्वों पर समुचित माध्यमों से दृष्टि बनाये रखें। होली परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में बिना अनुमति किसी प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित न होने दें। ग्राम प्रहरियों एवं स्वेच्छा से बने वॉलंटियर्स का सहयोग लेते रहें। ब्रीफिंग के दौरान एडीएम सीतापुर नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन, एसडीएम मिश्रिख अनिल रस्तोगी, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपक कुमार सिंह मौजूद रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

थाना तंबौर पुलिस टीम उ0नि0 .अमित कुमार दुबे, का.दुष्यंत कुमार, का.मनीष राणा, का.रिंकू भाटी द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मेहताब पुत्र मुन्ना नि.मोहल्ला कायस्थन टोला कस्बा व थाना तंबौर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की एक प्लेटिना मोटर साइकिल नम्बर यू पी 41 टी 8705 बरामद हुई है। बरामद मोटरसाइकिल अभियुक्त ने सीएचसी तंबौर से चोरी की गयी थी जिसके संबंध में थाना तंबौर पर मु.अ.सं. 77/25 पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है।

## विद्यालय के सामने गन्दगी जिम्मेदार नही दे रहे ध्यान

**सीतापुर।** हरदोई रोड चुगी चैकी शाहजहांपुर रोड पर स्थित शिक्षा के मंदिर के सामने भयंकर गन्दगी का सामराज्य स्थापित है। सड़क के दोनो तरफ नालियों के किनारे गन्दगी की भरमार है नालियों का पानी सड़क पर भरा हुआ है। जिससे राह निकासी में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। जबकि स्कूल के सामने हो रहे जलभराव को लेकर कई बार शिकायते की जा चुकी है इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है जो चर्चा विषय बना हुआ है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अमर शिक्षा मंदिर आज से नही बल्कि दशकों पुराना विद्यालय है और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है इसके बाद भी विद्यालय के सामने से गुजरी सड़क की ओर कोई ध्यान नही दे रहा है।

# डा. प्रियंका मौर्या ने जनसुनवाई के बाद किया निरीक्षण

**सीतापुर ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 प्रियंका मौर्य ने तहसील सभागार सदर में महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को एक एक करके सुना और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 32 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।जनसुनवाई करते हुए सदस्या डा0 प्रियंका मौर्य ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता है। इसके लिये उन्होंने जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला अपराधों से




संबंधित घटनाओं में कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सदस्य ने महिला अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। उन्होंने ऐसे संगठित गिरोह के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जो महिलाओं को आगे कर कूटरचितध्फर्जी शिकायतें कर धनउगाही, ब्लैकमेलिंग जैसे कृत्यों में संलिप्त हैं। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से भी अपील की कि वह स्वयं भी जागरूक हों एवं अन्य को भी जागरूक करें तथा उत्पीड़न की घटनाओं में चुप न रहें और तत्काल महिला हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर अथवा पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुयी हैं, उनके निस्तारण संबंधी समस्त सूचनाएं उन्हें उपलब्ध करायी जायें। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लाभार्थियों को दिलाया जाये।बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह, प्रभारी महिला थाना इतुल चैधरी, तहसीलदार सदर विनोद कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तत्पश्चात उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 प्रियंका मौर्य ने आज गुरूवार को महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने 25 कन्याओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाते हुये गिफ्ट भी वितरित किये। उन्होंने वहां पर मरीजों से वार्ता करते हुये उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने लगभग दो दर्जन लोगों पर लगाया गंभीर आरोप

**सिधौली ,सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर को जनसुनवाई के माध्यम से भेजे गए शिकायती पत्र में बाड़ी निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य वजाहत हुसैन उर्फ राज आलम ने बड़ी गांव के ही लगभग दो दर्जन लोगों पर गंभीर आरोप लगाया है। राज आलम ने शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि वह लगभग ढाई वर्ष पूर्व जेल से छूटकर गांव में शांतिपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर अपना व्यवसाय कर रहे है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य को बड़ी गांव के ही निवासी इमरान अली उर्फ इमरान दावा पुत्र इसरार अली उर्फ कजन एक भूमाफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के अशफाक अली उर्फ मिज्जन पुत्र इसरार अली उर्फ कंजन आतिफ ,आकिब ,शारिक ,हरिश ,शादाब, पुत्रगण अशफाक अली उर्फ मिज्जन आदि लगभग दो दर्जन लोग एक साथ में शामिल हैं। उक्त लोगों के जानबूझकर वह लोग हमे परेशान कर रहे हैं और तरह-तरह से अपने लोगो से झगड़ा आदि करवाते रहते हैं ताकि पीड़ित को किसी प्रकार से दोबारा जेल भिजवाया जा सके ।

# लीगल एड क्लीनिक नैमिषारण्य का किया निरीक्षण



**सीतापुर ।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर कुलदीप सक्सेना'' के निर्देश के अनुपालन में अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा लीगल एड क्लीनिक नैमिषारण्य तहसील मिश्रिख, सीतापुर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज-/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा लीगल एड क्लीनिक नैमिषारण्य तहसील मिश्रिख, सीतापुर के निरीक्षण के समय लीगल एड क्लीनिक पर पी.एल.वी. छोटे मुन्ना, विनय मिश्रा उपस्थित रहे। लीगल एड क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान सभी रजिस्टर जॉचे गये तथा उनको सत्यापित किया गया व उपस्थित पराविधिक स्वयं सेवकों को निर्देशित किया गया कि यहॉ पर आये हुए समस्त आगंतुकों भक्तगणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जन सामान्य के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराये तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-08 मार्च 2025 का व्यापक का प्रचार-प्रसार करते रहे।

# बबुरीबन में तब्दील हो गया धंधारी का नामी गिरामी जंगल

## धन्धारी जंगल से समाप्त हो रहे पशुओं के आशियाने, नेउधा जंगल का अस्तित्व समाप्त

**सीतापुर।** पर्यावरण दुरूस्त करने के लिये प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार तक पौध रोपण करने के लिये जनता को जागरूक और प्रेरित कर रही है। इसके लिये सरकार द्वारा करोड़ो और अरबो रूपये खर्च कर पौध रोपण हर वर्ष कराती है इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारियों द्वारा धंधारी जंगल की तरफ ध्यान नही दिया गया और यह जंगल वर्तमान समय में बबुरी बन के रूप में पहचाना जाने लगा है। कभी धंधारी जंगल जगली जानवरों की शरण स्थली बना हुआ था यहां पर शाकारी हारी से लेकर मांशाहारी



जानवर रहते थे और यह जंगल इन जंगली जानवरों का आशियाना था लेकिन लकड़ो की नजर इस खूबसूतर तथा औषधि और कीमती वृक्षों पर पड़ गई और उन्होने इस जंगल को विरान कर दिया इस समय इस जंगल में झबला और बबूल के अलावा और कुछ दिखाई ही नही दे रहा है। अभी तक तो इस जंगली को बबुरी बन कहा जाता है लेकिन अगर इसी तरह से इस जंगल का कटान होता रहा तो आगामी दिनों में यह बबुरी बन भी विरानों में गिना जाने लगेगा। क्षेत्र के बुजुर्गो की माने तो कभी यह जंगल मिश्रिख, मछरेहटा, सिधौली, नैमिषारण्य तक अपने पैर पसारे हुए था लेकिन अब इस जंगल का अस्तित्व लगातार घटता जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस जंगल के रखरखाव पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है जो भी व्यक्ति अवैध रूप से जंगल में कटान करता हुए पाया जाता है उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाती है।

**धंधारी जंगल से गायब हो गई तोतो की दर्जनों प्रजातियां :-**

धंधारी जंगल कभी तोतो के बारे में अपनी पहचान बनाये हुए है। इसं धंधारी जंगल में करीब पचास प्रजाति के तोते रहते थे और जंगल में बड़े बड़े पेड़ो की खोह में अपना आशियाना बनाये हुऐ थे । इस जंगल में बड़े बड़े तोते पाये जाते थे लेकिन वर्तमान समय में अब इस जंगल में तोता के नाम पर केवल टुइंया तोता ही बचा है वही जंगल में कभी कभार दिखाई दे जाता और नील गाय तथा जम्बूक तो जंगल से निकल कर बस्ती की ओर जाकर किसानों का नुकसान करने लगे है।

# मृतक बालिका का दूसरा पैर व शव मिलने से मचा हड़कंप

**रामपुर मथुरा, सीतापुर ।** मृतक बालिका का दूसरा पैर व शव मिलने से मचा हड़कंप मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक व क्षेत्राधिकार फारेंसिक टीममंगलवार शाम से गायब तानी मिश्रा पुत्री मोहित मिश्रा उम्र लगभग 5 वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी जिसकी घर वालों ने काफी खोजबीन की ढूंढने से ना मिल पाने के कारण लड़की के पिता ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत किया था दूसरे दिन एक पैर खेत में मिला था काफी खोज बीन के बाद भी बच्ची का शव नहीं मिला था बुधवार रात लगभग 8:30 बजे बच्ची का दूसरा पैर पहले मिले पैर से 10 मीटर दूर कुत्ते खा रहे थे



स्थानीय निवासियों की नजर पड़ने पर सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पैर को कब्जे में ले लिया था शरीर का अन्य भाग नहीं मिला था बृहस्पतिवार सुबह परिजनों के द्वारा खोजबीन करने पर बच्ची का आधा ऊपर का हिस्सा दिखाई दिया जो पहले मिले पैर से सड़क के दूसरी तरफ 50 मीटर दूर लाही के खेत में मिला चंद कदमों की दूरी पर बच्ची के कपड़े व चप्पल मिले जिसकी सूचना पुलिस को दी गई प्रभारी निरीक्षक कृष्णनंदन तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक वेद प्रकाश श्रीवास्तव फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मृत्यु का कारण स्पष्ट होते ही विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# स्कूलों में किया गया एलसीडी टीवी का वितरण

**सीतापुर।** परसेंडी विकास क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र परसेडी मैं नरेंद्र भाई मोदी प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में डालमिया फाउंडेशन भारत के द्वारा सीखो सिखाओ फाउंडेशन के सहयोग से बेसिक शिक्षा विभाग में गुणात्मक सुधार एवं बच्चों की 100: उपस्थिति हेतु प्राथमिक विद्यालयों में एलसीडी टीवी वितरण का कार्यक्रम ऋषिकेश सिंह खंड शिक्षा अधिकारी परसेंडी नवीन श्रीवास्तव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया बीजेपी सीतापुर की गौरवमई उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा शासन के द्वारा बड़े स्तर पर बच्चों के उपस्थित ठहराव एवं सभी बच्चों में गुणात्मक सुधार लाने हेतु शासन से सभी प्रयास किया जा रहे हैं आप सभी लोगों से अपेक्षा है आप भी सहयोग करें कार्यक्रम में मुख्य रूप से पढ़ो पढ़ाओ संस्था से उदित तिवारी शिल्पा सिंह प्रधानाध्यापक अनीता वर्मा प्रधानाध्यापक राहुल अग्रवाल प्रधानाध्यापक राजीव सिंह प्रधानाध्यापक अभय सिंह प्रधानाध्यापक सहित अन्य विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# तालीम याफ्ता इंसान अपने मुल्क की तरक्की में अहम किरदार निभा सकता है : परवेज आलम

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकर नगर।** तालीम याफ्ता इंसान अपनी तालीम की बदौलत बुलंदियों को छू हो सकता है। तालीम याफ्ता इंसान अपने मुल्क की तरक्की में अहम किरदार निभा सकता है। तालीम के साथ-साथ अपने से बड़ों का अदब एहतराम करने का सलीका भी बच्चों को जानना बहुत जरूरी है उक्त बातें मॉडर्न पब्लिक स्कूल न्यौरी के वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर परवेज आलम ने कही। मिली जानकारी के अनुसार मॉडर्न पब्लिक स्कूल न्यौरी में बृहस्पतिवार को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ परवेज आलम एवं विशिष्ट अतिथि सैयद इंतखाब आलम रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ के नेतृत्व में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सैयद इंतखाब आलम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन भी जरूरी है क्योंकि अनुशासन कामयाबी की पहली दहलीज होती है। वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति की गई। वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में अपने-अपने कक्षाओं में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ फारुकी ने आज के कार्यक्रम में बच्चों द्वारा शानदार एवं सराहनीय कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर बच्चों की हौसला आफजाई करते हुए मुबारकबाद दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ फारुकी एवं कार्यक्रम का शानदार संचालन मोहम्मद रेहान सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं अयोध्या मंडल संरक्षक शरीफ मसूदी, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव, पत्रकार अनीस मसूदी,मास्टर मोहम्मद फारूक, युवा सपा नेता मोहम्मद फारुकी, सदस्य क्षेत्र पंचायत फैज़ फारुकी, मास्टर जैद फारुकी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिफ फारूकी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# हर -हर महादेव के नारों से गुजयामान हुए मठ मंदिर



दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर जनपद में बढ़ी धूम - धाम से मनाया गया सुबह से लोग मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर न्यास पियारेपुर के प्रांगण में अध्यक्ष संगम पाण्डेय( बाबा) की अगुवाई में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। महाशिवरात्रि के दिन सुबह से शाम तक पूरा क्षेत्र हर- हर बम - बम के नारों से गूंजता रहा क्षेत्र के सभी देव स्थलों पर सुबह से शाम तक महिलाओं द्वारा भोले बाबा की मनपसंद भजन भांग धतूर बेलपत्र आदि के साथ पूजा अर्चना कर मनौतिया मांगी गई क्षेत्र के प्रमुख स्थान शिव बाबा श्रावण क्षेत्र बाबा निहाल दास कुटी प्रतापपुर चमुर्खा मनसापुर मैं श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर न्यास पियारेपुर के अध्यक्ष संगम बाबा के अगुवाई में सुबह से शाम तक कीर्तन भजन के बाद प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से मंदिर के पुजारी अरुण तिवारी , विशाल तिवारी, ओम प्रकाश वर्मा, प्रदीप तिवारी, राजकुमार पाल, विकास पाल, दिलीप पांडेय, नेपाल, रामचरित्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

# वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकरनगर ।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी 26 फरवरी 2025 महा शिवरात्रि के दिन अकबरपुर अंबेडकर नगर के वृद्धा आश्रम में नि:शुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नि:शुल्क परामर्श के साथ साथ फ्री होम्योपैथिक दवाइयां वितरित की गई खून की जांच कराई गई वहीं डॉ डोना इंद्रानी ने महिलाओं के रोगों को निवारण की। और रुकसार बेगम द्वारा फिजियोथरेपी किया गया और स्वास्थ्य की प्रति लोगों को जागरुक किया गया यह आयोजन जनपद के डॉ सोनी होम्योपैथी के संचालक डॉ देवेंद्र सोनी और डॉ नरेंद्र सोनी द्वारा किया जाता है उनका कहना हैं एक डॉक्टर होने के नाते अगर हम समाज में रहते है तो हमारी दायित्व क्या है हम समाज को क्या देते है ।।। इसी सोच को लेकर सेवा निस्वार्थ भाव से करते आ रहे है डॉ सोनी होम्योपैथ का कहना है कि कैसे हम अपने समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करे।। यहीं हमरा परम कर्तव्य है बताते चलें अभी हाली में महाकुंभ प्रयागराज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए थे इसके द्वारा समय शिवर लगता रहता हैं इसके पहले पुलिस लाइन, डी एम, ऑफिस, विकास भवन, स्कूल जैसे जगहों पर कैंप लगा चुके है। डॉ सोनी जनपद में हमेशा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में हमेशा सक्रिय योगदान रहता हैं इस मौके पर डॉ रजनीश तिवारी डॉ जिला जेल डॉ निर्वाश गिरी , प्रवीण दुबे विकास वर्मा अलका मीना उपस्थित थी।

# खड़ी बस में बोलेरो ने मारी टक्कर 8 श्रद्धालु घायल

## अस्पताल में इलाज के दौरान एक की मौत

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत यादव नगर चौराहे पर बृहस्पतिवार की सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं से भरी बोलोरो बस में पीछे से मारी टक्कर आठ श्रद्धालु घायल बताया जाता है कि यह सभी श्रद्धालु काशी विश्वनाथ से दर्शन कर अयोध्या दर्शन करने के लिए जा ही रहे थे। अहिरौली थाना क्षेत्र के यादव नगर चौराहे पास अरुणाचल प्रदेश का बस सड़क किनारे खड़े होने के कारण श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पीछे से बस में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे आठ श्रद्धालु घायल हो गए।जिसमें प्रवीण सिंह पुत्र जय राम लखपत सिंह सुदर्शन ,बालाजी,जो कि निवासी धरावी मुम्बई , प्रतिक दास सुजल चंद्र निवासी खंडवा मध्य प्रदेश व राहुल पुत्र पुत्र राधेश्याम निवासी भादरसा जिला अयोध्या ओमकार पुत्र संतोष निवासी मुंबई यह सभी आठो श्रद्धालु घायल होने की सूचना पर अहिरौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने घटनास्थल पहुंचकर सभी को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सा प्रभारी अंकुश वर्मा ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही मुंबई निवासी प्रवीण सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई।जिसमें परवीन कुमार की हालत गंभीर बताई जा रहे हैं ,हालांकि थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने बताया कि बोलेरो चालक सुबह में नींद में होने के कारण यह दुर्घटना घटी जिसमें बस को कब्जे में लेकर थाने पर सुपुर्द कर लिया गया है तहरीर मिलने पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात चालक के विरुद्ध पुलिस ने छेड़खानी अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
जलालपुर तहसील संतोष कुमार




**अम्बेडकर नगर।** काम करके घर जा रही युवती के साथ छेड़खानी कर अपहरण करने वाले तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाश के विरुद्ध जलालपुर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना बीते 26 फरवरी की रात को घटित हुई थी। जलालपुर कोतवाली के एक गांव की युवती जलालपुर कस्बा स्थित एक दुकान पर नौकरी करती है। बीते 26 फरवरी की रात को वह दुकान से नौकरी खत्म कर वापस साईकिल से घर जा रही थी। जब वह मालीपुर रोड स्थित सुनसान जगह पर पहुंची पीछे से एक बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंच गए। पीछे बैठे दो बदमाश बाइक से उतर उसके बाद अश्लील हरकत करने लगे। बोले क्यों साइकिल से जा रहे हो बाइक से घर पहुंचा देता हूं। युवती तीनों बदमाश की हरकत देख भयभीत हो गई और विरोध शुरू कर दिया। इसी दौरान तीनों बदमाश उसे उठा कर अपहरण करने का प्रयास शुरू कर दिया। युवती के चिल्लाने और गुहार पर कई राहगीर मदद के लिए रुक गए। युवती के इज्जत पर हाथ डालने और अपहरण करने वाले बदमाश को पकड़ने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दो बदमाश भागने में सफल रहे किन्तु एक बदमाश को राजगीरों ने दबोच लिया और घटना में प्रयुक्त बाइक पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस बदमाश और बाइक को कोतवाली ले गई। रात में ही पकड़े गए बदमाश के बताने पर पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दिया और एक अन्य बदमाश को पकड़ लिया। युवती ने बताया कि तीनों बदमाशों को वह जानती नहीं है। अब घर आने जाने में डर लग रहा है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दो बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तीसरे बदमाश की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम लगी है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# नवीन परती व चक मार्ग पर अवैध कब्जा, हटवाने की मांग

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकरनगर।** नवीन परती व चक मार्ग पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी ने उप जिलाधिकारी को एक बार दोबारा शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। तहसील टांण्डा अंतर्गत ग्राम पंचायत टड़वां मिश्र में पीड़ित ओमकार नाथ मिश्र पुत्र रामप्रसिद्ध मिश्र का आरोप है कि ग्राम पंचायत में स्थित चकमार्ग संख्या 209 व 211 पर गाँव के ही दबंग द्वारा अवैध अतिक्रमण करते हुए सटे अपने निजी बाग में मिला लिये तथा चक मार्ग संख्या 211 के पूरब सटा नवीन परती गाटा संख्या 208, व 218 पर अवैध कब्जा कर पक्के मकान का निर्माण कर लिया है। पूर्व में पीड़ित ने अधिकारियों से शिकायत करके आबादी मार्ग व नाली निकालने के लिए न्याय की गुहार लगाया परंतु जिला प्रशासन से लेकर तहसील प्रशासन तक दबंग के आगे नासमस्तक होता दिख रहा है। आखिर किसके संरक्षण में यह दबंग सार्वजनिक रास्ता और नाली को अतिक्रमण कर लिया यह आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है की आबादी से बरसों से चल रहा रस्ता को बाधित कर दिया लोगों के लिए आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मामला लेखपाल के संज्ञान में भी है। बड़ा सवाल आखिर जब लेखपाल के संज्ञान में मामला है तो वहां मामले को निस्तारण क्यों नहीं किया गया आखिर कब प्रशासन इस मामले को संज्ञान मे लेगा यह भी सवाल बना हुआ है। आखिर जन समस्या का निस्तारण अधिकारी करेंगे या किसी चुनौती से कम नहीं है।

# प्रभु श्रीराम के आराध्य भोलेशंकर के महापर्व पर अयोध्या में उमड़ी भीड़ तो नगर में दिखे ये नजारे

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान भोलेशंकर के महापर्व शिवरात्रि पर आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या उमड़ी। कुबेर टीला स्थित शिव मन्दिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं अभिषेक तथा पूजा अर्चना की गई। तीर्थ क्षेत्र न्यास ने प्रशासन के साथ मिलकर पूर्व आकलन के आधार पर पहले से ही समस्त तैयारी कर रखी थी इसलिए भीड़ प्रबंधन में कोई समस्या नहीं आई। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र एवं विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी व मन्दिर के व्यवस्था प्रभारी गोपालजी ने दर्शन की व्यवस्था बनाने में दिन रात एक कर रखा था इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं आई। महाकुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं की भारी संख्या इस समय अयोध्याधाम में है। इसके अलावा स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मन्दिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मन्दिरों में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची है।

# विकसित कौशाम्बी अभियान के चौपाल में सीडीओ ने बताई सरकारी योजना

गणेश वर्मा - ब्यूरोचीफ
कौशाम्बी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**कौशाम्बी।** जनपद में कौशाम्बी ब्लाक के बरई बंधवा गांव में गुरुवार को विकसित कौशाम्बी अभियान के अंतर्गत एक चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को मुख्य विकास अधिकारी ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।इस दौरान गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खलीख अहमद ने चौपाल में उपस्थित अधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

गुरुवार को कौशाम्बी ब्लाक के बरई बंधवा गांव में विकसित कौशाम्बी अभियान ग्राम स्तरीय वृहद कैंप का आयोजन किया गया।चौपाल में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव को प्रधान प्रतिनिधि खलीख अहमद( निक्के) ने बुके देकर स्वागत किया।इसके बाद सीडीओ ने चौपाल में उपस्थित लोगों को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे समूह योजनाओं में से एक एकमुश्त समाधान योजना है, जिसके तहत सरकार लोगों को एकमुश्त ऋण समाधान प्रदान कर रही है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना भी है, जिसके तहत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है। किसान उदय योजना ,उत्तर प्रदेश पारदर्शी किसान सेवा योजना, और उत्तर प्रदेश विवाह अनुदान योजना शामिल हैं।इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों, महिलाओं, और अन्य कमजोर वर्गों को आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान करना है। सीडीओ ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। इन समूहों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को संगठित करना और उन्हें आजीविका के साधनों से जोड़ना है। इसके लिए, उन्हें स्थानीय उत्पाद बनाने, खाद, बीज और पौध तैयार करने, और पशुपालन सहित कृषि से जुड़े अन्य कामों से जुड़कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।इसके अलावा, इन समूहों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने कौशल को विकसित कर सकें और अपनी आय बढ़ा सकें। इस योजना के माध्यम से, उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण गरीबी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है।चौपाल में आधा दर्जन जन सेवा केंद्र संचालको ने हिस्सा लेकर दर्जनों लोगों का ऑनलाइन आवेदन किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शर्मीला बीबी,ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील यादव,सहायक पंचायत अधिकारी जितेंद्र कुमार शुक्ल,खंड विकास अधिकारी मनोज वर्मा और डीसी मनरेगा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**विद्यालय तक इंटरलॉकिंग की मांग :** गांव के बाहर बने प्राथमिक विद्यालय जाने का मार्ग कच्ची रोड है।जो बारिश के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो जाता है।चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव से कच्ची रोड पर इंटर लॉकिंग कराने की मांग किए। इस पर अधिकारी ने जल्दी इंटरलॉकिंग करने की बात कही।


## दूध पाउडर-भविष्य में फिर तेजी की संभावना

**सुरेश भाई ठक्कर**

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा 25 फरवरी गत एक माह के अंतराल 20 रुपए प्रति किलो की दूध पाउडर में गिरावट आ गई है हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों के 30-35 डॉलर की उक्त अवधि के अंतराल तेजी आ गई है, लेकिन उत्पादन में वृद्धि होने से लगातार कंपनियां माल बेचने लगी हैं। यही कारण है की बाजार नीचे आ गया है। उक्त के अंतराल लिक्विड दूध की कुल आपूर्ति 64 करोड़ लीटर के करीब हुई जिसमें कुल देश दूध पाउडर का उत्पादन 52000 के करीब हुआ। हालांकि महाकुंभ में खपत ज्यादा बढ़ने से नया पुराना काफी स्टॉक निपट गया, लेकिन अभी उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे बाजार कुछ दिन ठहराव पर रहेगा। आगे गर्मी को देखते हुए वर्तमान भाव पर मंदे का व्यापार नहीं करना चाहिए। प्लांटों में दूध पाउडर की लोकल एवं चालानी मांग चल रही है। दूसरी ओर निर्यात में भी दक्षिण भारत का दूध पाउडर पर्याप्त मात्रा में जाने लगा है, इसके बावजूद भी गत सप्ताह निर्माता कंपनियों ने दूध पाउडर के भाव 10 रुपए प्रति घटकर 285/295 रुपए प्रीमियम क्वालिटी के कर दिए। माल्टोडेक्सट्रिन एवं वेपाउडर वाले माल 180 से 220 रुपए किलो के बीच बिक रहे हैं। अभी गर्मी बढ़ने से और होली की मांग से मंदा नहीं लग रहा है। जिससे वहां भी कंपनियां अब घटाकर बिकवाल नहीं है। हम मानते हैं कि महाकुंभ एवं शादियों की मांग इस सप्ताह के बाद समाप्त हो जाएगी, लेकिन आगे खपत को देखकर यहां से मंदा नहीं लग रहा है।

## महाशिवरात्रि पर्व पर जगन्नाथ मंदिर में रुद्र महायज्ञ एवं अखंड हरी कीर्तन का हुआ आयोजन

**अजीत नारायण**



चिरमिरी । महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी जगन्नाथ मंदिर में चार दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ अखंड हरी कीर्तन 24 प्रहर विशाल भोग भंडारा के साथ भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है । श्री जगन्नाथ धाम से पधारे बाबा जमुना दास के सानिध्य तथा श्री जगन्नाथ सेवा संघ पदाधिकारीयो की उपस्थिति में प्रातः 6:00 बजे श्री श्री रुद्र महायज्ञ एवं अखंड हरी कीर्तन का शुभारंभ एनआरआई चंद्रकांत पटेल की उपस्थिति में किया गया । जनहित कल्याण की कामना के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी दोपहर 2:00 बजे मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लेते हुए क्षेत्र के जन कल्याण की कामना की । बता दें कि चिरमिरी का यह मंदिर जगन्नाथ पुरी के मंदिर की हूबहू कलाकृति है। इसका निर्माण ओडिशा शैली की तर्ज पर करवाया गया था। इस मंदिर में पूजा से लेकर भोग चढ़ाने का विधि-विधान भी पुरी जगन्नाथ मंदिर जैसा ही है, 1984 में स्थापित इस मंदिर में लगभग 23 वर्ष से यह आयोजन हो रहा है। ब्रह्मलीन नागाबाबा महंत श्री कल्पतरु पुरी जी महाराज के द्वारा चलाए गये नियमों का पालन करते हुए पुरुषोत्तम पुरी जी के मार्गदर्शन में यह अनुष्ठान पूरा किया जा रहा है। भोग भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं

## रेडीमेड की दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**



पीलीभीत-बीसलपुर। मेन बाजार में देर रात्रि एक रेडीमेड की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आसपास के लोगों ने दुकान के अंदर से आग की लपटे उठती देखीं इसके बाद उन्होंने दुकान मालिक अनीस अहमद पुत्र जाकिर हुसैन निवासी मोहल्ला हबीबुल्लाह खां शुमाली को दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकान स्वामी ने दुकान में लगी आग को देखने के बाद तत्काल फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने मिलकर आग पर घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखे कपड़े जलकर राख हो गए। वहीं घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसको देखने के लिए में बाजार में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। दुकान मालिक ने बताया कि उसने होली का पर्व नजदीक आते ही दुकान में अभी लाखों रुपए के कपड़े मंगाकर रखे थे जो जलकर राख हो गए हैं। जिससे दुकान स्वामी का लाखों का नुकसान हो गया।

## खेल से शारीरिक मानसिक विकास व शरीर स्वस्थ रहता- डॉ पुनिया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता**



**रामनगर बाराबंकी** । जनपद के पी.जी.कॉलेज रामनगर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया और प्राचार्य कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर संयुक्त रुप से माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर किया।शिवांकी आयुषी सोनम ने आये हुये अतिथियों का मां की वीणा से गुंजित गीत प्रस्तुत कर स्वागतम किया।प्रथम दिन आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।पूर्व सांसद पी एल पुनिया ने छात्र एंव छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।उन्होंने इस मौके पर कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है।शरीर स्वस्थ रहता है।विद्यार्थियों के लिए खेलना प्रतियोगिता में भाग लेना बहुत ही आवश्यक है छिपी हुई प्रतिभाये निखरती है।प्राचार्य श्री मिश्र ने आए हुये मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों से कहा कि हार जीत की परवाह न करते हुए खेल प्रतियोगिता में भाग ले। महाविद्यालय की छात्रा आंचल मिश्रा अंजली मिश्रा श्रद्धा चतुर्वेदी द्वारा बनाई गई रंगोली को लोगों ने सराहा।महाविद्यालय के प्रोफेसर सुनीत कुमार सिंह डॉ अखिलेश वर्मा डॉ अखिलेश पटेल डॉ विश्वेश कुमार मिश्र डॉ आजाद प्रताप सिंह डा,राम कुमार सिंह डॉ मनोज सिंह अमरजीत सिंह डॉ के पी सिंह ओम कुमार डॉ संजय तिवारी, गरिमा श्रीवास्तव आलोक राय डॉ शैलजा दीक्षित देवेंद्र साहू बी डी सी सुधांशु वर्मा सहित महाविद्यालय के गणमान्य मौजूद थे।

# चिरमिरी नगर पालिक निगम के सभापति पद पर सस्पेंस बरकरार, किसी अनुभवी को मिलेगा मौका या भाजपा नए चेहरे पर खेलेगी दांव ?

**अजीत नारायण**

**चिरमिरी** । चिरमिरी नगर पालिक निगम के चुनाव का परिणाम घोषित हुए दस दिन बीत चुके है लेकिन निगम के सभापति के पद पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है । भाजपा ने चिरमिरी नगर पालिक निगम के सभापति के चयन के लिए जशपुर की पूर्व सांसद श्रीमती गोमती साय को पर्यवेक्षक बनाया है, लेकिन अब तक उनका कोई दौरा चिरमिरी में नहीं हुआ है ।

चिरमिरी नगर पालिक निगम के सभापति के इतिहास की बात करे तो पिछले चार कार्यकाल में यहां तीन बार महिला पार्षद को मौका मिला है । जिसमें दो बार कांग्रेस की श्रीमति गायत्री बिरहा एवं एक बार भाजपा की श्रीमती सुनीता सिंह सभापति रही, जबकि एक बार भाजपा के कीर्ति बासों राउल सभापति रहे । वर्तमान में चल रही चर्चाओं के अनुसार यदि हम अनुभवी नेताओं की बात करे तो बड़ा बाजार के वार्ड क्रमांक-28 की पार्षद श्रीमती नीलम सालूजा का नाम सबसे ज्यादा चर्चाओं में है । नीलम सालूजा दो बार की पार्षद है तथा वर्ष 1980 से भाजपा की राजनीति में सक्रिय है । श्रीमति सलूजा अविभाजित सरगुजा जिले में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री रह चुकी है । इसके साथ ही वे भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य रही और वर्तमान में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष है । उनके पति प्रदीप सलूजा चिरमिरी में भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे तथा वे अविभाजित सरगुजा जिले में भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रहे । साथ ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भी रहे है ।



अनुभवी नेताओं में दूसरे नंबर पर प्रबल दावेदार पौडी के वार्ड क्रमांक-01 के पार्षद संतोष सिंह है । संतोष सिंह लगातार इस वार्ड से पांचवीं बार पार्षद चुने गए है । श्री सिंह चिरमिरी नगर पालिक निगम में नेता प्रतिपक्ष के साथ ही एमआईसी सदस्य एवं अपील समिति के सदस्य का दायित्व निभा चुके है । वे पिछले 25 वर्षों से भाजपा की राजनीति में है और संघ में भी सक्रिय भूमिका में रहे है । इसके साथ ही वे आदिवासी वर्ग से आते है एवं वर्तमान में सामाजिक संस्था जनजातीय गौरव सभा के एमसीबी और कोरिया जिले के जिला अध्यक्ष है ।

अनुभवी नेताओं में सबसे अधिक चर्चाओं में हल्दीबाड़ी के वार्ड क्रमांक-13 के पार्षद मनोज डे का नाम है । मनोज डे दो बार के पार्षद है । वे पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सक्रिय राजनीति में है और पार्टी के बूथ अध्यक्ष सहित कई अन्य दायित्व निभा चुके है ।

वहीं यदि भाजपा युवा चेहरे पर अपना दांव खेलती है तो सबसे पहले जो नाम उभरकर आ रहा है, वो है गोदरीपारा के वार्ड क्रमांक-31 की पार्षद संध्या सोनवानी का । संध्या सोनवानी दो बार की पार्षद है तथा पिछले 10 वर्षों से भाजपा की राजनीति में सक्रिय है । इसके साथ ही उनका ओबीसी समाज से होना भी उनका पक्ष मजबूत करता है । युवा चेहरे में गोदरीपारा के वार्ड क्रमांक-32 की पार्षद सरोज दास का नाम भी चर्चा में है । सरोज दास पहली बार की पार्षद है, लेकिन वे पिछले 15 वर्षों से भाजपा की राजनीति में सक्रिय है । इस दौरान उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की चिरमिरी मंडल एवं कोरिया जिले में कई महत्वपूर्ण दायित्व को निभाया है ।

युवा चेहरे में बड़ा बाजार के वार्ड क्रमांक- 29 के पार्षद मनीष खटीक का नाम चर्चा में है । मनीष पहली बार के पार्षद है लेकिन उन्होंने कांग्रेस के गढ़ पर विजय प्राप्त कर अपना कद बढ़ाया है । वे वर्ष 2009 से भाजपा की राजनीति में सक्रिय है और इस दौरान उन्होंने बूथ सचिव, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, युवा मोर्चा में मंडल उपाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन किया है । युवा चेहरे में कोरिया कॉलरी के वार्ड क्रमांक-06 के पार्षद संदीप सोनवानी का नाम भी चर्चा में है । संदीप सोनवानी पहली बार के पार्षद है, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के गढ़ को तोड़कर विजय हासिल की है । श्री सोनवानी पिछले 10 वर्षों से भाजपा की राजनीति में सक्रिय है और इस दौरान उन्होंने दो बार बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के मंडल मंत्री के दायित्व का निर्वहन किया है । यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि चिरमिरी नगर पालिक निगम का अगला सभापति कौन होगा । भाजपा का शेष नेतृत्व किसे इसकी जिम्मेदारी देता है ।

## 65 छात्रों के रजिस्ट्रेशन नहीं होने के मामले का बीईओ ने किया जांच

### उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिग्घी में रजिस्ट्रेशन में बरती गई लापरवाही

### बच्चों के भविष्य के साथ नहीं होगा खिलवाड़- बीईओ



उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिग्घी के नौवीं कक्षा के 65 छात्रों के रजिस्ट्रेशन नहीं होने के मामले का गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने जांच किया। उन्होंने जांचोपरांत अभिभावकों को आश्वस्त किया कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। जांच रिपोर्ट जिला भेज कर टीम गठित करवाई जाएगी। वहीं बीईओ रमेश चंद्र रमन ने विद्यालय में करीब तीन घंटे तक स्कूल परिसर में हर बिंदु पर जांच की। इस दौरान विद्यालय में रजिस्ट्रेशन मामले में लापरवाही बरतने सहित कई अनियमितताएं पाई गई। विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ था। बीईओ ने गंदगी देख प्रभारी प्रधानाध्यापिका को कहा कि विद्यालय में इतनी गंदगी है सफाई कर्मी से साफ क्यों नहीं करवाया जाता है। वहीं नौवीं के छात्रों के रजिस्ट्रेशन नहीं होने के मामले पर उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानाध्यापक अंजनी सिंह के समय का यह मामला है। वे सेवानिवृत हो चुके हैं। जानकारी मिली है कि वह दिल्ली में है घर आ रहे हैं। उनसे जानकारी ले कर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं उन्होंने कहा कि आज की जांच रिपोर्ट जिला शिक्षा पदाधिकारी व डीपीओ को सौंप कर जिला स्तरीय टीम गठित करवाई जाएगी। जिला से जांच टीम गठित होने के बाद जो जांच रिपोर्ट आएगी उसके आलोक में कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने आश्वस्त किया कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। वहीं अभिभावक सुनील सिंह ने जिला पदाधिकारी को मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य अधर में है। 65 बच्चों के रजिस्ट्रेशन नहीं होने से बच्चे सहित उनके अभिभावक परेशान हैं। इनके लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी कोई वैकल्पिक व्यवस्था करे ताकि बिना मानसिक तनाव के बच्चे अपने पढ़ाई पर ध्यान दे सके।

## अमित की सड़क हादसा नहीं रंजिशन हत्या की आशंका

### फोन रिकार्डिंग मिलने पर परिजनों ने रोका अंतिम संस्कार

### मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर लगाया हत्या करने का आरोप

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत- पूरनपुर। एक दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई युवक की मौत के ममाले में नया मोड़ निकल कर आ गया है। उसकी हत्या करने का शक होने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। गांव के ही एक युवक ने मृतक को हत्या की धमकी देने की रिकार्डिंग परिजनों को मिली है। मृतक अमित के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के रहने वाले अमित कुमार पुत्र चुन्नीलाल का शव बुधवार को खुटार हाइवे पर मोहनपुर जसी मोड़ के पास पड़ा मिला था। उसके सड़क हादसे में मौत होने की आशंका जताई गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुंच कर अमित के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम को उसका पीएम के बाद शव घर पहुंच गया। बृहस्पतिबार को दोपहर परिजन अमित के शव का अंतिम संस्कार करने जा रहे थे। इस दौरान अमित के मोबाइल में कई रिकार्डिंग मिली जिसमें गांव का ही युवक गाली गलौज करते हुए उसे मारने की धमकी दे रहा है। उन्होंने शव की अंत्येष्टि करने सें रोक दी। उसके पिता चुन्नीलाल सहित कई लोग कोतवाली पहुंच तहरीर देकर गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए अमित की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। बताया जा रहा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की भी चर्चा हो रही है।

## संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025 का हुआ शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में भव्य समारोह के दौरान 'स्पोर्ट्स फिएस्टा 2025' का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि देश की अतंर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त महिला पहलवान बबिता फोगाट ने मशाल जलाकर और ट्राफियों के अनावरण के साथ खेलों की शुरुआत की। उन्होंने संस्कृति विवि के खिलाड़ियों को कहा कि हमने कड़ी मेहनत कर कहावतों को बदला है अब सब कहने लगे हैं, खेलोगे, कूदोगे तो बनोगे लाजवाब, पढ़ोगे, लिखोगे तो बनोगे नवाब।

दंगल गर्ल के नाम से मशहूर बबिता फोगाट खिलोड़ियों के बीच पाकर उत्साहित होकर बोलीं, मैं चाहती हूँ बच्चे आगे बढें, उन्होंने कहा कि मैं जब विश्वविद्यालय के चांसलर डा.सचिन गुप्ता से मिली और बात की तो लगा कि उनके विचार मेरे पिता के विचारों से मेल खाते हैं। सिर्फ पढ़ाई पर ही नही विश्वविद्यालय में खेलों में बच्चों को आगे बढ़ाने के सभी उपाय किये जा रहे हैं। डा. सचिन गुप्ता खेलों के लिए भी विद्यार्थियों को मोटीवेट कर रहे हैं।

समारोह के दौरान विवि के कुलाधिपति डा.सचिन गुप्ता ने कहा कि आज जब विश्वविख्यात महिला पहलवान बबिताजी को युवतियां देखती हैं तो उन जैसा नाम कमाने के बारे में सोचती हैं। आप देशभर की युवतियों के लिए एक जीवंत प्रेरणा हैं। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डा0 रजनीश त्यागी ने कहा कि देश की बच्चियों की रोल मॉडल हैं बबिता फोगाट। उन्होंने कहा कि खेलों का महत्व शरीर के लिए ही नहीं है, मन के लिए भी है। खेलने से मन और शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। कुलपति प्रो0 एमबी चेट्टी ने स्वागत भाषण में खेलों को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। लक्ष्य पाने के लिए हमें निरन्तर मेहनत करते रहना चाहिए। समारोह के प्रारंभ में विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, सीईओ डा. श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने मुख्य अतिथि बबिता फोगाट का शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर भावभीना स्वागत और सम्मान किया। अंत में स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने मुख्य अतिथि बबिता फोगाट और आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन संस्कृति प्लेसमेंट सेल की ज्योति यादव ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में संस्कृति विवि के खेल अधिकारी मो.फहीम और डा. दुर्गेश वाधवा का विशेष योगदान रहा।

## ब्रज प्रेस क्लब का 2 मार्च को होगा होली महोत्सव

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

**मथुरा।** एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष दो मार्च दिन रविवार को 10 बजे से 12 बजे तक डैंपियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल के सभागार में होली मिलन महोत्सव आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली होगी। इस अवसर पर बृज क्षेत्र के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, एवं सोशल मीडिया के पत्रकार एवं सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रमुख एवं प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारी एक साथ एक दूसरे को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने बृज क्षेत्र के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों से होली मिलन समारोह में समय से पहुंचने का आह्वान किया। इसमें समाज में पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा तथा कार्यक्रम का समापन लंच के साथ संपन्न होगा।

## बी बी के डी ए वी कॉलेज में स्वामी दयानंद जी की 200 वीं जयंती के अवसर पर विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

बीबीकेडीए वी कॉलेज फार विमेन, अमृतसर में स्वामी दयानंद जी की 200 वीं जयंती के अवसर पर विशेष हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रुप में डॉ. रमेश आर्य (उप-प्रधान, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी) तथा प्राचार्या डॉ. पुष्पिंदर वालिया उपस्थित रहे।

प्राचार्या डॉ. पुष्पिंदर वालिया ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम हवन यज्ञ की निर्विघ्न समाप्ति के लिए ईश्वर का आभार व्यक्त किया। आपने छात्राओं को महर्षि दयानन्द जी के जीवन एवं उपदेशों से परिचित करवाते हुए कहा कि महर्षि के कारण ही नारी शिक्षा से नारी सशक्तिकारण सम्भव हो पाया है। उनके द्वारा किए गए समाज सुधारों से ही समाज का उत्थान सम्भव हुआ है। उनके सादगी एवं त्यागमय जीवन से प्राप्त शिक्षाओं को हमें जीवन में धारण करना चाहिए। आदरणीय पूनम सूरी जी (प्रधान, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी) के दिशानिर्देशों में समस्त डी ए वी महर्षि एवं आर्य समाज के मूल्यों को अपने जीवन में शिरोधार्य कर रहें हैं।



डॉ. रमेश आर्य ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को कर्म करने एवं पूरे मन से प्रार्थना करने के लिए प्रेरित किया। आपने कहा कि यदि हमें अपने जीवन में सफल होना है तो अपने कहे शब्दों को क्रियात्मक रूप देना आवश्यक है। हमारी कथनी और करनी एक होनी चाहिए। यहीं सफल जीवन का सूत्र है। श्री इन्द्रपाल आर्य (प्रधान, आर्य समाज, लक्ष्मणसर) जी ने छात्राओं को भारतीय इतिहास, संस्कृति और मूल्यों को पहचानने के लिए प्रेरित किया। आपने कहा कि हमें आर्य समाज के प्रवर्तक महर्षि दयानन्द जी के पथ पर अग्रसर रहते हुए उनके बनाए आर्य समाज के दस नियमों को अपने जीवन में व्यावहारिक रुप से अपनाना चाहिए।

अंत में संगीत विभाग के प्रो. नरेन्द्र एवं विजय महक द्वारा 'ऋषि कौम का रहनुमा बनके आया' मनमोहक भजन की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुशल मंच संचालन डॉ. अनीता नरेन्द्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री राकेश मेहरा, श्री संदीप आहुजा, श्री गौरव तालवाड़ (आर्य समाज, शक्ति नगर), श्रीमती एवं श्री अतुल मेहरा (आर्य समाज, माडल टाउन), श्री इंद्रजीत ठुकराल (आर्य समाज, पुतलीघर), श्रीमती रेणु घई, श्रीमती एवं श्री हरीश ओबराय, श्री अनिल विनायक (आर्य समाज, लॉरेंस रोड) के माननीय सदस्यों सहित कॉलेज ऑफिस बियरर्ज एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ हवन यज्ञ संपन्न हुआ।

# पचोखर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर आयुक्त ने किया शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

**बांदा।**– बांदा जनपद के नरैनी तहसील क्षेत्र के ग्राम पचोखर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काट आयुक्त ने किया शुभारंभ शिविर में मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य व डॉक्टरों ने दिया अपना विशेष योगदान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पधारे आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार ने कहा कि सही मायने में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन गांव-गांव होना चाहिए ऐसे कार्यक्रमों से गांव के ग्रामीणों को जहां द्वार पर सुविधा मिलती है उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ हासिल होता है वक्त उद्गार ग्राम पचोखर में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान मुख्य अथिति आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल श्री अजीत कुमार ने व्यक्त करते हुए यह भी कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य और जान सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर जहां प्रशासन काम करता है वही सामाजिक लोग भी जनता की जागरूकता के साथ सरकार की मंशा को मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रयासरत रहते हैं।

आयुक्त ने आगे कहा कि बीमारियों से बचने के लिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा लोगों को नाखून नहीं बढ़ाना चाहिए साफ पानी का उपयोग करना चाहिए हाथ धोकर भोजन करना चाहिए जिससे बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है आज जो हेल्थ कैंप का आयोजन पत्रकारों द्वारा किया गया वास्तव में वह पून्य का एक महत्वपूर्ण कार्य है।

जो अपने स्तर से अपने स्त्रोतों से किया उसमें वह बधाई के पात्र हैं इसके साथ आगे जब भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाए तो बच्चों ग्राम वासियों को एक जगह बैठकर डॉक्टरों द्वारा उन्हें बताया जाए कि कैसे स्वास्थ्य रहा जा सकता है उससे उन्हें लाभ मिलेगा मैं पुन: ऐसे कार्यक्रम की सराहना करता हूँ और कहा कि ऐसे पुनीत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी पत्रकारों को धन्यवाद देता हूं।

पूर्व नियोजित नरैनी तहसील ब्लाक महुआ क्षेत्र के ग्राम पचोखर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिन बुधवार दिनांक 26/2/25 को प्रात: काल से प्रारंभ होकर शाम तक चला कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल युक्त श्री अजीत कुमार ने फीता काट कर करने के बाद गौरा बाबा धनवंतरी के चित्र पर माल्यार्पण संग दीप प्रज्वलित कर किया गया।



गांव में ऐसे आयोजित कार्यक्रमों से गांव के ग्रामीणों को जब द्वार पर उपचार की सुविधा मिलती है तो इससे उनके आने-जाने का समय और पैसे की बचत होती है ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर जरूरत बताते हुए उन्होंने अपने अल्प समय में आयोजन को संबल प्रदान किया।

कार्यक्रम में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य सुनील कुमार कौशल ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने उद्गारों में कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज सरकार द्वारा बनवाया गया है जनपद से लगाकर आसपास के क्षेत्र के लोग लाभवन्तित होते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की आने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए भी बेहतर कदम उठाए जाएंगे पचोखर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टर शैलेंद्र कुमार यादव फिजिशियन डॉक्टर सुमेश त्रिपाठी यूरो सर्जन डॉक्टर शंकर कबीर नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु सिंह मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषिका सिंह डॉक्टर एसपी सिंह दंत रोग विशेषज्ञ के अलावा जिला अस्पताल से डॉक्टर संदीप सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर सुनील शुक्ला सहित अन्य चिकित्सा कर्मचारी ने शिरकत करके कार्यक्रम में सफल योगदान दिया सुबह से आयोजित रहे इस कार्यक्रम मे लगभग 300 सौ से अधिक मरीजों ने उपचार का लाभ लिया डॉक्टर ने और चिकित्सा कर्मियों द्वारा निशुल्क चिकित्सा के साथ निशुल्क दवा वितरण भी किया गया कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ पत्रकार श्री राजकुमार पाठक बैरागी द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार विनय निगम एवं पत्रकार भगत सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन कराया गया।

अंत में राजकुमार पाठक पत्रकार ने कहा कि स्वास्थ्य ही संसार का सारे सुखों का मूल आधार है भगत सिंह पत्रकार ने कहा की स्वास्थ्य की अवहेलना करना बड़ी ही भूल है इसके प्रति हम सभी को हर पल सजग सचेत रहना होगा अंत में आए हुए मुख्य अथिति आयुक्त और विशिष्ट अथिति कॉलेज के प्रचार्य का कार्यक्रम आयोजक आत्माराम त्रिपाठी सहित मौजूद पत्रकारों ने आभार व्यक्त किया और कहा कि यदि समय-समय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में यदि प्रशासन और अधिकारियों का सहयोग मिलता रहा तो मीडिया के द्वारा ऐसे और भी कार्यक्रमों का आयोजन जिले के सर जमीन में करके जहां जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा वहीं सरकार की तमाम लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टरों का सराहनीय योगदान रहा जिसका परिणाम है कि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसके लिए सभी डॉक्टर की पत्रकारों ने सराहना की जबकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव के ऐसे कार्यक्रमों में अरूचि होने पर क्षोभ प्रकट किया।

## मुरलीगंज और पटना के बीच चलने वाली याराना बस बीआर19 जे5501 बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त

### यात्रियों के मुताबिक घटना ड्राइवर के ओवर स्पीड चलाने के कारण हुआ

**अंशु कुमार केसरीया हिंदुस्तान**

मुरलीगंज मधेपुरा प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना दरभंगा जिला के फुलपरास से 5 किलोमीटर पूर्व नेशनल हाईवे का है जहां आज दिन के 3:45 बजे मुरलीगंज और पटना के बीच चलने वाली याराना बस ड्राइवर के ओवर स्पीड चलाने के कारण हुआ दुर्घटनाग्रस्त, मिली जानकारी के अनुसार बस के सामने से जा रही एक मालवाहक ट्रक जिस पर की लोहे के बड़े-बड़े खंबे लदे थे उसी ट्रक से बस अनियंत्रित हो कर जा टकराई, बस में सवार यात्रियों के मुताबिक बस चालक ने मादक पदार्थों का सेवन कर रखा था और बस को तेज रफ्तार में लगातार भाग रहा था, इस घटना में कई लोगों के जख्मी होने की खबर सभी घायलों को डीएमसीएच दरभंगा किया गया रेफर। बस में सवार मुरलीगंज के सुप्रसिद्ध व्यवसाई हेमंत रस्तोगी उर्फ पिंटू जी पूरे परिवार के साथ इस घटना में बाल बाल बचे प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार रानीपट्टी की मशहूर सिंगर उषा यादव भी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी, बस में मुरलीगंज इलाके के कई शिक्षक भी थे सवार।



## बेटियों को सरपंच ने विवाह पर दी सहायता राशि

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सूरज जायसवाल**

महंगई/विकासखंड प्रेम नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गापुर के सरपंच लाल सिंह के नेतृत्व में बेटी सुकन्या योजना चलाई जा रही है इस योजना के तहत अब तक 16 बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है हाल ही में योजना के अंतर्गत कबूतरी पिता परसू को 2000 रुपए एवं सुनीता पिता स्वर्गीय शिव शंकर सिंह को विवाह के पश्चात?2000 की सहायता राशि दी गई।। सरपंच लाल सिंह ने बताया कि इस योजना की शुरुआत 2 वर्ष पूर्व की गई थी जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और बेटियों की स्वावलंबी बनाना है।। उन्होंने कहा इस योजना के प्रभाव से हमारे गांव में अब बाल विवाह पूरी तरह समाप्त हो चुका है हमारी पहल निरंतर जारी रहेगी ताकि बेटियों का भविष्य उज्ज्वल बन सके ।। सुकन्या योजना के माध्यम से न केवल आर्थिक सहायता दी जा रही है बल्कि ग्रामीणों को भी बाल विवाह के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है सरपंच लाल सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ उन बेटियों को दिया जा रहा है जो विवाह योग्य उम्र प्राप्त शिक्षा प्राप्त कर रही है और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है।। ग्राम पंचायत दुर्गापुर के लोगों ने इस पहल की सहराना की और इसे बेटियों कि भविष्य संवारने वाला क़दम बताया ।।



## मुंडा सरपंच मुन्नी दीदी ने पंचों एवं ग्रामीणों के साथ निकाली विजय रैली

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** 23 फरवरी को पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के मतदान एवं मतगणना के बाद जीत हासिल किए सरपंचो में खुशी की झलक देखी गई वही उनके समर्थक आतिशबाजी करते हुए जमकर जश्न मनाते नजर आए। जीत हासिल करने के बाद विजय रैली गांव-गांव में निर्वाचित सरपंचों के द्वारा डीजे धूमाल करमा के साथ निकाली जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मुंडा में निर्वाचित सरपंच शशिकला पांडे उर्फ मुन्नी दीदी ने निर्वाचित पंचों समर्थको एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विजय रैली निकाली गई।

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में शशिकला पांडेय उर्फ मुन्नी दीदी ने धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद महाशिवरात्रि की पावन बेला पर 26 फरवरी को निर्वाचित पंचों समर्थकों एवं बड़ी तादाद में पहुंचे ग्रामीणों की उपस्थिति में विजय रैली करमा नृत्य के साथ निकाली गई। विजय रैली का शुरुआत गांव के महामाया मंदिर एवं ठाकुर देव महाराज की पूजा अर्चना के साथ की गई। उसके बाद गांव के प्रत्येक घरों में जा जाकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। वही मुन्नी दीदी के नाम से गांव में मशहूर निर्वाचित सरपंच का मतदाताओं के द्वारा फूल माला गुलाल लगाकर एवं आरती उतार कर स्वागत किया एवं जीत की बधाई दी गई। करमा नृत्य के साथ निकले विजय रैली में निर्वाचित सरपंच के समर्थक नाचते झूमते नजर आए। दोपहर से निकली विजय रैली देर शाम तक चली। रैली समापन के बाद पूरे गांव को महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा कराकर खीर पुड़ी चावल दाल सब्जी के रूप में प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसी तरह निर्वाचित सरपंचों में ग्राम पंचायत चिरपोटा से सुशीला प्रदीप बंजारे कारी से डॉक्टर गीता रजक तिल्दा कारी से शकुंतला राजेश घृतलहरे पैंजनी से लुकेश्वर वर्मा बरदा से देवकुमारी दुकालू बंजारे गबौद से सजनी धनेश गिरी धाराशिव से सम्मे बाई केशव पटेल कोहरौद से दुकलहा राम ध्रुव निर्वाचित हुए हैं।



## जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से गजेंद्री वर्मा जनपद सदस्य निर्वाचित

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र क्रमांक 10 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित था। इस जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडा कोलिहा सर्वाडीह ढनढनी एवं ग्राम पंचायत बगबुडा आते। इस जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में जनपद सदस्य पद के लिए 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। अंतिम चरण के मतदान में ग्राम पंचायत कोलिहा के शिक्षित महिला उम्मीदवार गजेंद्री वर्मा जनपद सदस्य के लिए जनता जनार्दन की पहली पसंद थी। जिसके चलते अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को हराकर जनपद सदस्य निर्वाचित हुई।


विदित हो कि जनपद सदस्य के चुनाव में गजेंद्री वर्मा को ग्राम पंचायत मुंडा से 495 कोलिहा से 513 सर्वाडीह से 85 ढनढनी से 48 एवं ग्राम पंचायत बगबुडा 301मत सहित कुल 1441 वोट प्राप्त किए। वही उनके निकटतम प्रतिद्वंदी लक्ष्मी घृतलहरे को उसके ग्राम पंचायत बगबुडा से 549 मुंडा से 52 कोलिहा से 106 सर्वाडीह से16 एवं ढनढनी से 277 सहित कुल 1000 मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया। इस तरह गजेंद्री वर्मा ने 441 मतों से लक्ष्मी घृतलहरे को पराजित कर जनपद सदस्य निर्वाचित हुई। गजेंद्री वर्मा के जनपद सदस्य निर्वाचित होने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखी गई वहीं जमकर आतिशबाजी भी की गई।गजेंद्री वर्मा ने जनपद क्षेत्र के समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत सभी मतदाताओं की जीत है। मतदाताओं ने मुझे जिस उम्मीद और विश्वास के साथ समर्थन दी उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं।



## छत्तीसगढ़ कनौजे धोबी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन सिरपुर में एक व दो मार्च को

**कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ कनौजे धोबी समाज का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन प्राचीन नगरी सिरपुर में एक और 2 मार्च को समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर में रखा गया है। दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूप कुमारी चौधरी होंगे। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कनौजे धोबी समाज झड़ीराम कन्नौजे करेंगे। विशिष्ट अतिथि महासमुंद भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं अन्य अतिथियो में प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे संगठन मंत्री जगदीश कनौजे राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कन्नौजे बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक केंद्रीय अध्यक्ष बलौदाबाजार पन्नालाल रजक मीडिया प्रभारी कमलेश रजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का आगमन 1 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कनौजे ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीतकर आए समाज के पंच सरपंच जनपद सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




## पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना सुनगढ़ी पर पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में बृहस्पतिवार को त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना सुनगढ़ी पर संभ्रांत व्यक्तियों के सहयोग/वार्ता हेतु पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। पीस कमेटी की गोष्ठी में थाना क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की वे आगामी त्यौहारों के दौरान सुदृढ कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे एवं असमाजिक तत्वों से बचें अगर कोई भी व्याक्ति किसी प्रकार की अफवाह फैलाता हो तो तुरंत पुलिस से सम्पर्क करे पुलिस आपकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर तैयार रहती है।



## शेख सैय्यद रहमतुल्लाह अलैह का 16वां सलाना उर्स मनाया

### शान ए शौकत के साथ मनाया गया एक दिवसीय उर्स

**केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत**

पीलीभीत-बरखेड़ा- कस्बे से सटे भैसाह ग्वालपुर के समीप स्थित शेख सैय्यद रहमतुल्लाह अलैह का 16 सलाना उर्स बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया गया। वही बृहस्पतिवार को चादरपोशी के साथ कुरान ए पाक की तिलावत की गयी। साथ सी साथ नातोमनकवत तकरीर से उलेमाओ ने समां बांध दिया। कुल शरीफ के साथ देर शाम तक लंगर का लुटाया गया साथ ही साथ देर शाम को उर्स शरीफ का समापन किया गया आग गया। वही दूर दराज से आये जायरीनो ने शेख सैयद रहमतुल्लाह अलैह की मजार की जियारत की साथ ही साथ चादर पोशी की अपने देश मे अमन चैन के लिए दुआ की देर शाम तक कुल लंगर ए आम तकसीम किया गया। इस दौरान गद्दीनशीन मोहम्मद तस्लीम, अनस रजा जावेदी, हाफिज गुलामुद्दीन, मोहम्मद हसन, हाफिज आमान, अशफाक कुरैशी, हनीफ कुरैशी, इमरान कुरैशी, असलम कुरैशी,अबरार कुरैशी, जावेद कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, जीशान कुरैशी, सोनू कुरैशी, अनवार कुरैशी, फारूक कुरैशी,अनस कुरैशी, इकरार कुरैशी, मुगीस अंसारी, महबूब मंसूरी, बशीर अहमद सिद्दीक़ी,सादिक सिद्दीक़ी आदि सहित सैकड़ो की संख्या मे लोग मौजूद रहे।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा दिनांक 27 फरवरी 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुशल यादव उपस्थित रहे।

शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर लोगों की मानसिक रोगों की जागरूकता के लिए हर वर्ष लगाया जाता है ताकि घर घर तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को प्रचारित किया जा सके।यदि आपको नकारात्मक विचार आता हों,बहुत अधिक गुस्सा आता हो,एक ही विचार मन में बार-बार आता हो, अत्यधिक सफाई करने का मन करता हो, अपने आप से बातें करता है, हिस्टीरिया या मिर्गी के दौरे आते हो, नींद ना आनी वाली समस्याएं रहती हो तो वह मानसिक रोगी हो सकता है* मानसिक रोग से बचाव के लिए प्रात: उठकर 2 किलोमीटर तक टहलना चाहिए योग प्राणायाम करना चाहिए परिवार के साथ समय बिताना चाहिए। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी डॉ अजय विश्वकर्मा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेतु आशाओं द्वारा भी जागरूक कराया जा रहा है।मॉनिटरिंग ऑफिसर नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस समय भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकल रहा है अत्यधिक लोग फास्ट फूड का इस्तेमाल करते हैं , तेल मसाला से बनने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन करते हैं जिससे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी खराब रहता है इससे बचाव के लिए दिनचर्या में सुधार फास्ट फूड तेल मसाला वाली चीजों का प्रयोग कम करें साथ ही अनुलोम विलोम भ्रामरी प्राणायाम अवश्य करें। मनोरोग चिकित्सक डॉ हर दयाल ने बताया कि यदि मानसिक रोग के लक्षण 15 दिनों से ऊपर रहते हैं तो वह जिला अस्पताल में आकर अपना इलाज करवा सकता है साथ ही मनोरोग चिकित्सक ने आए हुए मानसिक रोगियों का उपचार किया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ रिजवाना हाशमी ने मरीजों की काउंसलिंग किया, मरीजों को निशुल्क दवा साइकट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ द्वारा दी गई साथ ही उन्होंने बताया कि ऑनलाइन काउंसलिंग 14416 तथा मनकक्ष काउंसलिंग 852870 9525 पर काउंसलिंग करा सकता है । एक सैकड़ा लोगों का पंजीकरण अनुपम त्रिपाठी, अशोक कुमार,अंकुर शुक्ला द्वारा किया गया। सामान्य मरीजों को डॉ लवलेश ,डॉ चेतना मिश्रा, डॉ स्नेह लता मिश्रा द्वारा उपचारित किया गया। शिविर की देखरेख फार्मासिस्ट उदय सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट पंकज नामदेव द्वारा की गई ।



## टाऊन हाल पर फड़ लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम की टीम ने चलाया अभियान

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जयदेव यादव ब्यूरो चीफ मुरादाबाद**

नगर निगम की प्रवर्तन टीम के साथ अधिकारी मौके पर थे मौजूद रहे टाउन हॉल पर लगता है पुलिस द्वारा 3 नामजद और 40 से 50 साथियों पर केस दर्ज किया, 9 गंभीर धाराओं में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है टाऊन हाल पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने की कार्रवाई, नगर निगम के द्वारा तीन नामजद 40 से 50 अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया फड़ दुकानदारों के द्वारा अजय माहेश्वरी पर आत्मदाह के लिए उकसाने का आरोप लगायावहीं व्यापारियों ने अपना सामान फेंक कर जताया विरोध

